RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 128
नई दिल्ली, बुधवार, 15 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





सरकार और न्यायपालिका में कोई विवाद नहीं
राष्ट्रीय-11


# भारत पहले से ही हिन्दू राष्ट्र: संघ

- यह सांस्कृतिक अवधारणा है, इसे संविधान द्वारा स्थापित करने की आवश्यकता नहीं: दत्तात्रेय होसबाले
- विपरीत लिंग के लोगों के बीच विवाह को लेकर भी संघ ने स्पष्ट की स्थिति




पत्रकारों को संबोधित करते आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले और सुनील अंबेकर

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत/नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कहा है कि भारत पहले से ही एक हिंदू राष्ट्र है। यह एक सांस्कृतिक अवधारणा है और इसे संविधान द्वारा स्थापित करने की आवश्यकता नहीं है। संघ ने अपने बयान की व्याख्या करते हुए यह भी कहा कि राष्ट्र और राज्य दो अलग-अलग चीजें हैं। जहां राष्ट्र एक सांस्कृतिक अवधारणा है, वहीं राज्य वह है, जिसे संविधान द्वारा स्थापित किया गया है। हरियाणा के समालखा में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के आखिरी दिन मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि हिंदू राष्ट्र के बारे में हम पिछले 100 वर्षों से कह रहे हैं कि यह एक सांस्कृतिक अवधारणा है, सैद्धांतिक नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य और राष्ट्र दो अलग चीजें हैं। राज्य वह है, जिसे संविधान द्वारा स्थापित किया गया है। यह राज्य की शक्ति है, जबकि राष्ट्र एक सांस्कृतिक अवधारणा है। भारत पहले से ही एक हिंदू राष्ट्र है, इसलिए इसे हिंदू राष्ट्र बनाने की जरूरत नहीं है। होसबाले ने यह भी कहा कि आरएसएस समान लिंगी विवाह के विषय पर केंद्र सरकार के दृष्टिकोण से सहमत है और सरकार की तरह वह भी मानता है कि विवाह केवल विपरीत लिंग के दो लोगों के बीच हो सकता है। वहीं मुसलमानों तक संघ की पहुंच कायम करने के संबंध में एक सवाल के जवाब में होसबाले ने कहा कि आरएसएस के नेता मुस्लिम बुद्धिजीवियों एवं उनके आध्यात्मिक नेताओं से उनके निमंत्रण पर ही मिल रहे हैं। जब पत्रकारों ने उनसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हाल में दिए गए भाषणों में लगातार राष्ट्रीय स्वयं सेवक पर निशाना साधने के बारे में पूछा तो होसबाले ने जवाब दिया कि राहुल को ज्यादा जिम्मेदारी के साथ बात करनी चाहिए और समाज में संघ की स्वीकार्यता की वास्तविकता को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जरूर अपने राजनीतिक एजेंडे के तहत ऐसा कर रहे होंगे, लेकिन आरएसएस राजनीतिक क्षेत्र में काम नहीं करता है, इसलिए उनकी संघ से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। होसबाले ने कहा कि एक राजनीतिक दल के नेता के तौर पर उन्हें ज्यादा जिम्मेदारी के साथ बात करनी चाहिए और (संघ के विस्तार तथा समाज में उसकी स्वीकार्यकर्ता की) वास्तविकता देखनी चाहिए। ब्रिटेन में गांधी की टिप्पणी के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में आरएसएस नेता ने कहा कि जिन लोगों ने भारत को जेल में तब्दील कर दिया था, उन्हें देश में लोकतंत्र पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।

# दिल्ली में तेजी से बढ़े इंफ्लूएंजा के मरीज

- अधिकांश लोगों में बुखार, जुकाम, बदन दर्द की शिकायत, ओपीडी में एच3एन2 के संदिग्ध मामलों में 1500 तक बढ़ोतरी



प्रतीकात्मक चित्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के अस्पतालों में एच3एन2 वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। एच3एन2 वायरस से पीड़ित मरीजों में बुखार, सर्दी और शरीर में दर्द जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में लगातार खांसी होने लगती है, जिससे मरीज बेहद कमजोर हो जाते हैं। चिकित्सकों के अनुसार विभिन्न अस्पतालों की ओपीडी में ऐसी शिकायतों से सबंधित मरीजों की संख्या 150 प्रतिशत तक बढ़ी है।

इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के रेस्पिरेटरी, क्रिटिकल केयर एंड स्लीप मेडिसिन कंसलटेंट के सलाहकार डॉ विनी कांट्रो ने बढ़ते मामले के संभावित कारणों के बारे में बताया कि मौसमी बदलाव, वायरस के उत्परिवर्तन और अर्थव्यवस्था के पूरी तरह खुलने से बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ी भीड़ भी इसका कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्कूल जा रहे हैं और वे इसे बुजुर्गों तक पहुंचा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग एक देश से दूसरे देश की यात्राएं कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों में कोविड प्रमुख वायरस रहा है और उस दौरान प्रतिबंध भी रहे, लेकिन प्रतिबंधों में छूट और सामान्य स्थिति की वापसी के साथ ही इसका (एच3एन2 वायरस का) प्रकोप देखा जा रहा है। दिल्ली सरकार के एलएनजेपी अस्पताल ने ऐसे मरीजों के लिए आपातकालीन ब्लॉक में 20 बिस्तरों का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया है।

एक वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा कि आईसीएमआर के दिशानिर्देशों के मुताबिक हमने ऐसा किया है और दवाओं का भंडारण भी कर लिया है। मरीजों की निगरानी के लिए 15 डॉक्टरों की टीम गठित की गई है। सीके बिड़ला अस्पताल, गुरुग्राम और दिल्ली में आंतरिक चिकित्सा के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में आईएलआई (इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी) के मामलों में वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि इंफ्लुएंजा से पीड़ित यदि पिछले महीने ओपीडी में दो से तीन रोगी आ रहे थे तो इस महीने इनमें डेढ़ गुना वृद्धि हुई है। इस बीमारी के लक्षण बुखार, बेचैनी, सर्दी, शरीर में दर्द आदि हैं। कुछ मामलों में रोगियों को पेट की परेशानी, दस्त और यहां तक कि कानों में भरापन जैसी शिकायतें भी होती हैं। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि यदि रोगी को सह-रुग्णता होती है यानी साथ में कोई अन्य बीमारी भी होती है, तो इलाज में थोड़ा बदलाव करना पड़ता है। इसमें इस बात पर जोर दिया जाता है कि परिवार के सदस्य मरीज का बीपी, पल्स, ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर और चेतना के स्तर की लगातार निगरानी करें। यदि इन स्तरों में उतार-चढ़ाव होता है, तो रोगी को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। मौजूदा स्ट्रेन के बारे में मेदांता, गुरुग्राम में वरिष्ठ सलाहकार (आंतरिक चिकित्सा) डॉ. विकास देसवाल ने कहा कि इन्फ्लूएंजा वायरस सबसे प्रचलित वायरस है जो हमारे श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है और तीन अलग-अलग रूपों- ए, बी और सी में मौजूद है।

इनमें भी ए स्वरूप वाला वायरस सबसे अधिक पाया जाता है। इन्फ्लूएंजा ए वायरस में खांसी, बुखार, सर्दी, गले में खराश, थकान, मांसपेशियों में दर्द और श्वसन संबंधी जटिलताओं जैसे अन्य फ्लू वायरस के समान लक्षण पैदा करता है। विशेष रूप से दो साल से कम उम्र के बच्चों और बुजुर्गों एवं अन्य चिकित्सीय स्थितियों वाले लोगों को अधिक प्रभावित करता है। दोनों डॉक्टरों ने कहा कि कुछ मामलों में यह देखा गया है कि बुखार कम होने के बाद भी मरीजों को लगातार खांसी रहती है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि मेरे मरीजों में से एक (शेष पेज 8)

## राज्य बरत रहे सतर्कता

**नई दिल्ली।** देश में इंफ्लुएंजा एच3एन2 का प्रसार हो रहा है और राज्य इसके प्रति सतर्कता बरत रहे हैं। गुजरात के वडोदरा में एक सरकारी अस्पताल में फ्लू जैसे लक्षणों के कारण 58 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वहीं, गोवा सरकार इन्फ्लूएंजा एच3एन2 के सब वैरिएंट ए को लेकर चर्चा के लिए मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि गोवा में इस साल अभी तक एच3एन2 का कोई मामला सामने नहीं आया है।

# नवरात्र पर योगी सरकार हर जिले में कराएगी सांस्कृतिक कार्यक्रम

- कलाकारों के मानदेय के भुगतान के लिए प्रत्येक जिले को मिलेगी एक-एक लाख रुपए की धनराशि



उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने आगामी 22 मार्च से 30 मार्च तक चैत्र नवरात्र व श्रीराम नवमी के अवसर पर सभी जिलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने का निर्णय लिया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कार्यक्रम आयोजित करने का जिम्मा उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग को सौंपा गया है।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी कलाओं को दिखाने के लिए एक मंच मिलेगा। मंत्री ने कहा कि कलाकारों के मानदेय का भुगतान करने के लिए राज्य सरकार प्रत्येक जिले को एक-एक लाख रुपए की धनराशि भी उपलब्ध कराएगी। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आयोजन के लिए दी जाने वाली एक लाख रुपए की धनराशि को व्यंग्यात्मक लहजे में अपर्याप्त बताते हुए कहा कि सरकार को जिला स्तर पर कम से कम दस करोड़ रुपए देने चाहिए। इससे सभी धर्मों के त्यौहारों को मनाया जा सके। चैत्र नवरात्र-श्रीराम नवमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश मेश्राम की ओर से समस्त जिलाधिकारियों एवं मंडलायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। चैत्र नवरात्र पर सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं की (शेष पेज 8)

# भोपाल गैस त्रासदी मामले में पीड़ितों के लिए अधिक मुआवजे की मांग कोर्ट ने खारिज की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने दिसंबर 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवजा देने के लिए यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन (यूसीसी) की उत्तराधिकारी कंपनियों से अतिरिक्त 7,844 करोड़ रुपए की मांग वाली केंद्र की उपचारात्मक याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया। इस त्रासदी में 3,000 से अधिक लोग मारे गए थे और पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंचा था।

शीर्ष अदालत ने पूर्व में अदालत को दिए गए हलफनामे के संदर्भ में पीड़ितों के लिए बीमा पॉलिसी तैयार नहीं करने के लिए भी केंद्र को फटकार लगाई और इसे घोर लापरवाही करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, कल्याणकारी देश होने के नाते कमियों को दूर करने और प्रासंगिक बीमा पॉलिसियां तैयार करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार को दी गई थी। आश्चर्यजनक है कि हमें बताया गया कि ऐसी कोई बीमा पॉलिसी नहीं बनाई गई। यह भारत सरकार की घोर लापरवाही और इस न्यायालय के समीक्षा निर्णय में जारी निर्देशों का उल्लंघन है। केंद्र इस पर लापरवाही बरत कर यूसीसी की जिम्मेदारी तय करने का अनुरोध नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि समझौते के दो दशक बाद केंद्र द्वारा इस मुद्दे को उठाने का कोई औचित्य नहीं बनता।

शीर्ष अदालत ने कहा कि पीड़ितों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पास पड़ी 50 करोड़ रुपए की राशि का इस्तेमाल केंद्र सरकार पीड़ितों के लंबित दावों को पूरा करने के लिए करे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मुआवजे के लिए केंद्र के अनुरोध का कोई कानूनी आधार नहीं बनता। अदालत ने कहा, या तो समझौता वैध था या धोखाधड़ी के मामलों में इसे रद्द किया जाए। केंद्र द्वारा ऐसी किसी भी धोखाधड़ी की बात नहीं की गई और उनका एकमात्र विवाद कई लोगों के हताहत होना और लागतों से संबंधित है, जिन पर समझौते के समय विचार नहीं किया गया। पीठ ने कहा, यह पता था कि लोगों के (शेष पेज 8)

# राहुल की टिप्पणी पर दूसरे दिन भी संसद में हंगामा

- सुचारु रूप से नहीं चल सकी लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही



राज्यसभा में हंगामा कर रहे सांसदों को शांत करने का प्रयास करते उप सभापति धनखड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** लोकतंत्र एवं संसद के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान को लेकर संसद में दूसरे दिन भी हंगामा हुआ। लोकसभा में सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों ने भारी हंगामा किया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजकर करीब पांच मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कराए। इस दौरान सत्तापक्ष के सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर राहुल गांधी माफी मांगो के नारे लगा रहे थे तो कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर हंगामा कर रहे थे। पीठासीन सभापति सोलंकी ने आसन के समीप नारेबाजी कर रहे सदस्यों से अपनी सीटों पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि सदन में पोस्टर दिखाना शोभा नहीं देता। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक करीब पांच मिनट बाद ही सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले आज सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्य अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गए और अपने-अपने (शेष पेज 8)

## संसद में गतिरोध के लिए सरकार जिम्मेदार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अडाणी समूह से जुड़े मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग उठाने नहीं दे रही है जिस कारण संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अडाणी समूह के मामले को लेकर सरकार पर कुछ सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि इस सरकार की विदेश नीति का लक्ष्य अडाणी समूह को फायदा पहुंचाना है। उन्होंने एक वीडियो में कहा, क्या भारत की विदेश नीति का लक्ष्य अडाणी जी को और अमीर बनाने का (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,900 | ↓ 337 | |
| निफ्टी | 17,043 | ↓ 111 | |
| सोना | 57,380 | ↑ 480 | /10g |
| चांदी | 66,900 | ↑ 2150 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हिन्दी के वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रताप वैदिक का निधन

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों के जाने माने विशेषज्ञ वेदप्रताप वैदिक का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह 78 साल के थे। उनके निजी सहायक मोहन ने बताया कि वैदिक सुबह गुड़गांव स्थित अपने घर में करीब साढ़े नौ बजे के आसपास शौचालय गए थे और वह वहीं बेहोश हो गए। शौचालय का दरवाजा तोड़ कर उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वैदिक पूरी तरह स्वस्थ थे और कल भी वह दिल्ली गए थे। डॉक्टरों ने दिल का दौरा पड़ने को मृत्यु का संभावित कारण बताया है। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री है। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो गया था। वैदिक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) की हिंदी समाचार एजेंसी भाषा के संस्थापक-संपादक रहे थे।

# चीन सीमा पर आधारभूत परियोजनाओं के क्रियान्वयन आएगी तेजी

- रक्षा मंत्री के नेतृत्व में उच्च स्तरीय बैठक में हुआ निर्णय

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने चीन की सीमा से लगे क्षेत्र में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के तेजी से क्रियान्वयन के लिए सचिवों की एक समिति गठित करने का मंगलवार को फैसला किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सिंह ने सभी लंबित परियोजनाओं में शीर्ष प्राथमिकता से तेजी लाने का आह्वान किया। बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, रेलवे, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, ऊर्जा मंत्री आर के



सिंह, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल शामिल थे।

साथ ही बैठक में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और लद्दाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बी डी मिश्रा (सेवानिवृत्त), प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने शामिल थे।

# ट्रेन में टीटी ने महिला यात्री पर किया पेशाब, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोलकाता** से अमृतसर जा रही अकाल तख्त एक्सप्रेस में बिहार के किऊल से सवार एक दंपत्ति ने एक व्यक्ति पर पेशाब करने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में पता चला कि उक्त व्यक्ति बिहार के बेगूसराय का रहने वाला है और सहारनपुर में रेलवे के टीटी के रूप में कार्यरत है, लेकिन वह इस ट्रेन में डयूटी पर तैनात नहीं था। उस पर आरोप है कि वह शराब के नशे में था। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) लखनऊ के इंस्पेक्टर नवरत्न गौतम ने मंगलवार को बताया कि राजेश नामक यात्री ने शिकायत की कि वह और उसकी पत्नी अकाल तख्त एक्सप्रेस के डिब्बा ए1 की सीट संख्या 31 व 32 पर बिहार के किऊल से अमृतसर जा रहे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार 13 मार्च की देर रात करीब साढ़े बारह बजे मुन्ना कुमार नामक व्यक्ति ने उनकी पत्नी (शेष पेज 8)

# देश के हर गांव की होगी अलग पहचान

- राष्ट्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय से समृद्ध होगी देश की विरासत
- संसदीय समिति ने सांस्कृतिक उन्नति और उसके पोषण को संसद में रखा प्रस्ताव

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**भारत** की सांस्कृतिक विरासत को दुनिया से परिचित करवाने और उसके विस्तार के लिए संसदीय समिति ने संसद पटल पर राष्ट्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है।

यह प्रस्ताव सांस्कृतिक उन्नति और उसके पोषण के साथ दूसरे देशों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने का काम करेगी। इस प्रस्ताव के तहत राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय सांस्कृति विश्वविद्यालय के मुख्यालय के साथ हर राज्य में इससे संबद्ध कॉलेज खोलने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव में देश के हर गांव की विशिष्ट और अलग पहचान को सामने लाने की पहल के साथ वेदों, उपनिषदों और अन्य ऐतिहासिक ग्रंथों और भाषाओं पर शोध कार्य करने पर बल दिया गया है। राज्यसभा सांसद वी विजयसाई रेड्डी की अध्यक्षता वाली समिति ने हाल ही में संसद में पेश राष्ट्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय स्थापित करने संबंधी अपनी रिपोर्ट पेश की। समिति ने केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय से गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (एकता मॉडल) की व्यवहार्यता के साथ यहां आने वाले दर्शकों की संख्या के आकलन करने के साथ इसी तर्ज पर अन्य राज्यों में महापुरुषों की मूर्तियों के निर्माण व विकास की सिफारिश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रालय अन्य राज्यों में महत्वपूर्ण क्षेत्रीय ऐतिहासिक आंकड़ों की मूर्तियों के निर्माण की व्यवहार्यता का विश्लेषण करने के लिए पर्यटन मंत्रालय के साथ संयुक्त प्रयास कर सकता है। इससे पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ-साथ आगंतुकों को भारत के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक शख्सियतों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना है।

इसके अलावा समिति दूसरे देशों के साथ अधिक सांस्कृतिक समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और लोगों के बीच आपसी संपर्क बढ़ाने पर भी रिपोर्ट में जोर दिया गया है। रिपोर्ट में ग्लोबल एंगेजमेंट (वैश्विक साझेदारी) योजना का विस्तार न सिर्फ लोक कला बल्कि समकालीन कला, संगीत, नृत्य, साहित्य, व्यंजनों और भारतीय संस्कृति की विविधता को प्रदर्शित करने के लिए जोर दिया गया है। इसके अलावा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए अधिक ऑनलाइन कार्यक्रम, ऑनलाइन प्रदर्शनियां और वेबिनार के माध्यम से दुनिया भर के लोगों के साथ जुड़ने के लिए किया जाना चाहिए। दूसरे देशों के साथ ज्ञान, संसाधनों और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालयों के साथ अधिक सहयोग और साझेदारी स्थापित करनी चाहिए। रिपोर्ट में सांस्कृतिक कूटनीतिक प्रयासों में भाषा की बाधा को दूर करने के लिए भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सांस्कृतिक जागरूकता अभियानों में अधिक धन निवेश करके और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए धन में बढ़ोतरी कर इन मुद्दों के समाधान करने की तरफ प्रयास किया जाना चाहिए। समिति ने कूटनीति पहल का भी सुझाव दिया। मंत्रालय ने ग्लोबल एंगेजमेंट अम्ब्रेला स्कीम के तहत पिछले पांच वर्षों में विभिन्न गतिविधियों पर 85.69 करोड़ रुपये खर्च किया है। हालाँकि, समिति ने मंत्रालय के परिणाम को और बेहतर बनाने के लिए दुनिया भर में सांस्कृतिक कूटनीति पहलों के लिए अधिक धन आवंटित करने की सिफारिश की है।

# जेवर एयरपोर्ट निर्माण में जुटे हैं 2600 श्रमिक, लगीं 400 आधुनिक मशीनें

● हवाईअड्डे पर टर्मिनल एवं रनवे निर्माण का काम चालू : क्रिस्टोफ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यानि जेवर एयरपोर्ट के पहले चरण का काम समय पर पूरा करने के लिए 2600 से अधिक मजदूरों और 400 से अधिक मशीनों का लगाया गया है।

ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल (एजी) की सहायक कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) दिल्ली से करीब 75 किलोमीटर दूर गौतम बुद्ध नगर के जेवर में यह ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा विकसित कर रही है। वाईआईएपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ ने कहा कि हवाईअड्डे पर टर्मिनल एवं रनवे निर्माण का काम चालू हो गया है। क्रिस्टोफ ने कहा कि हवाईअड्डे का निर्माण प्रगति पर है और समय पर पूरा होने की पूरी उम्मीद है। बता दें कि यह हवाईअड्डा चार चरणों में पूरा होना है।

काम पूरा होने पर यह भारत का सबसे बड़ा हवाईअड्डा बन जाएगा, जो 5,000 वर्ग हेक्टेयर क्षेत्र में फैला होगा। इस परियोजना के सीओओ किरण जैन ने कहा कि पहला चरण1,300 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला होगा और यह अगले वर्ष के अंत तक तैयार हो जाने की उम्मीद है।

जैन ने कहा कि पहले चरण के पूरा होने पर 3,900 मीटर लंबा रनवे और एक टर्मिनल बिल्डिंग होगी और साल में करीब 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही हो सकेगी।

### दूसरे चरण के मास्टर प्लान पर कल लगेगी मोहर

जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण में बनने वाले एमआरओ हब, रनवे और एविएशन हब के निर्माण के लिए 16 मार्च को लखनऊ में अहम बैठक होगी। जिसमें एयरपोर्ट के दूसरे फेस के मास्टर प्लान पर मुहर लगने की संभावना है। इसके बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दूसरे फेस का काम तेज हो जाएगा। इसके निर्माण के लिए तीन अलग- अलग चरणों में जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। एयरपोर्ट के दूसरे चरण के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर धारा-11 के बाद आरएडमार की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। अब धारा-19 की कार्रवाई होने जा रही है। दूसरे चरण में एविएशन हब बनाया जाएगा। एविएशन ह एमआरओ हब और रनवे के लिए दूसरे चरण में 6 गांवों की 1,334 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की है।

# लिफ्ट में इंजीनियर के बेटे पर कुत्ते ने किया हमला

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में की शिकायत, दर्ज नहीं हुआ मुकदमा

गाजियाबाद में एक सोसाइटी की लिफ्ट में घुसे लैब्राडोर नस्ल के डॉग ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के बेटे पर अटैक कर दिया। वो जैसे-तैसे लिफ्ट से बाहर भागा और जान बचाई। इस मामले की सामने आने के बाद सोसाइटी के इंजीनियर ने थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में सोमवार रात शिकायत दी है। हालांकि अभी कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है।

ये मामला गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र स्थित सुपरटेक लिविंग स्टोन हाउसिंग सोसाइटी का है। यहां 9वें फ्लोर पर रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर नवल किशोर गुप्ता का 11 वर्षीय बेटा विहान गुप्ता 12 मार्च की शाम 7 बजे खेलने के बाद लिफ्ट से 9वें फ्लोर पर जा रहा था। ग्राउंड फ्लोर पर जैसे वो लिफ्ट में घुसा तो एक व्यक्ति अपने साथ लैब्राडोर नस्ल का डॉग लेकर अंदर घुस आया। तुरंत ही ये डॉग बच्चे पर झपट पड़ा। उसको बाइट करने की कोशिश की। डॉग मालिक ने उसका मुंह पकड़कर खींचा और इतने में बच्चा लिफ्ट से बाहर की तरफ भागा। फुटेज में दिख रहा है कि इस घटना के बाद बच्चा सहम गया और लिफ्ट के गेट पर ही खड़ा रहा।

नवल किशोर गुप्ता ने बताया कि ये डॉग बी-टॉवर में ही रहता है। डॉग मालिक के खिलाफ थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में एप्लीकेशन दी गई है, लेकिन पुलिस करने को तैयार नहीं है। पुलिस ने ये मामला नगर निगम पर डाल दिया है और डॉग मालिक को सिर्फ नोटिस भिजवाने की बात कही है।

हालांकि इस प्रकरण के बाद सोमवार को सोसाइटी में ऑर्डर जारी हो गया है कि कोई लिफ्ट में डॉग को लेकर नहीं जाएगा। नवल किशोर गुप्ता ने बताया कि संभवत: इस डॉग का नगर निगम में रजिस्ट्रेशन भी नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस गिफ्त में कारों का शीशा तोड़कर सामान चुराने वाले।

### कारों का शीशा तोड़कर सामान चुराने वाले 4 गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-39 थानाक्षेत्र में पुलिस ने कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप और कीमती सामानों की चोरी करने वाले गैंग के चार बदमाशों को मंगलवार को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने लाखों रुपए मूल्य के चोरी के 27 लैपटॉप, कीमती डिजिटल कैमरा,घड़ी, नगदी, जेवरात, बैग आदि बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने संजय उर्फ माइकल , बिक्रम, अमित, विद्रेस उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से कारों का शीशा तोड़कर चोरी किए गए 27 लैपटॉप, जेवरात, चश्मा, डिजिटल कैमरा, नगदी, स्पीकर, लैपटॉप चार्जर, चेक बुक, घड़ी, ईयर फोन आदि बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इस गैंग में शामिल संजय उर्फ माइकल की पत्नी सिमरन, राकेश, चंदन, विशाल, शशी, दीपक, गंगेश, सूरज खोपड़ी आदि फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

### सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण गाजियाबाद के दौरे पर हैं। उन्होंने मुरादनगर के गांव अबुपुर में बन रहे सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास किया। सबसे पहले प्रभारी मंत्री ने डॉ अम्बेडर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। उसके उपरांत केन्द्र निर्माण के लिए भूमि पूजन करने के बाद विधिवत कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री अरूण असीम ने कहा कि यह केन्द्र देश के पीएम मोदी और सीएम योगी की मंशा के अनुसार निर्माण कार्य गुणवत्ता व पारदार्शिता के साथ किया जाएगा। यह भव्य केन्द्र बनेगा। हालांकि बजट के हिसाब से यह अधिक बडा काम नहीं है। 25 लाख रुपए की कीमत से इस सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन इसके निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी साथ ही यह निर्धारित समय में पूरा कर जनता को सौंप दिया जाएगा। केन्द्र में पुस्तकालय की लागत अलग से होगी जिसके संचालन के लिए पुस्तकालय अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

### पेंशन मांगने आए बुजुर्ग को ब्रेन स्ट्रोक

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विकास भवन में पेंशन के लिए लगातार चक्कर काट रहे एक बुजुर्ग को ब्रेन स्ट्रोक आ गया। वह जमीन पर गिर गए। आनन.फानन में एंबुलेंस से पीड़ित बुजुर्ग को संयुक्त अस्पताल संजयनगर में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, ये बुजुर्ग शिब्बनपुरा के रहने वाले हैं और अपनी पेंशन के संबंध में पिछले करीब एक महीने से विकास भवन स्थित समाज कल्याण विभाग के चक्कर काट रहा था। मंगलवार सुबह भी वे 10 बजे के आसपास ही विकास भवन परिसर में पहुंचा। विकास भवन परिसर में अचानक वे बदहवास होकर जमीन पर गिर पड़े। राज्य कर्मचारी यूनियन गाजियाबाद के अध्यक्ष देववृत चौधरी ने बताया कि स्थानीय लोग बुजुर्ग को उठाकर पार्क में ले गए। इतने में कलेक्ट्रेट स्थित कोविड कंट्रोल रूम को फोन करके एम्बुलेंस बुला ली गई। डॉक्टरों ने मौके पर ही बुजुर्ग को फर्स्ट एड दिया। डॉक्टरों ने इसे ब्रेन स्ट्रोक जैसी स्थिति बताई है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग के एक हाथ-पैर ने काम करना फिलहाल बंद कर दिया है।

### भजन गायक कन्हैया मित्तल की गाड़ी में टक्कर मारी

**गाजियाबाद।** प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की गाड़ी में थार सवार युवकों ने टक्कर मार दी और टायर फाड़ दिया। विरोध करने पर भजन गायक के ड्राइवर की पिटाई कर दी। लोगों के इकट्ठा होने पर हमलावर भाग निकले। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। कन्हैया मित्तल के ऑफिशियल फेसबुक पेज से जानकारी करने पर पता चला कि ये कार्यक्रम 12 मार्च को गाजियाबाद के भोपुरा स्थित जी-गोल्डन फार्म हाउस में था। कार्यक्रम आयोजक शंभू ने बताया कि भजन गायक के ड्राइवर नरेंद्र से मारपीट हुई थी। हालांकि पुलिस में कोई शिकायत नहीं की गई है।

भजन गायक कन्हैया मित्तल ने सोमवार रात एक धार्मिक कार्यक्रम में फेसबुक पर वीडियो डालकर इस पूरे प्रकरण की जानकारी दी। उन्होंने कहा, रविवार रात हमारा प्रोग्राम भोपुरा गाजियाबाद में था। वहां पर गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं थी। बिना नंबर प्लेट वाली थार गाड़ी वालों ने मेरे ड्राइवर को पीटा और गाड़ी का टायर फाड़ गए।

### तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर से टकराई

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर सोमवार रात को गांव कलछीना के सामने तेज रफ्तार स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को गंभीर हालात में निजी अस्पताल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली के कैंट निवासी लक्ष्मण अपने दोस्त आशीष के साथ सोमवार रात को स्कूटी से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से मेरठ की ओर जा रहा था। जब वह एक्सप्रेस वे पर रविवार रात को भोजपुर थाना क्षेत्र में गांव कलछीना के पास पहुंचा तो अचानक स्कूटी अनियंत्रित हो गई। स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। स्कूटी की रफ्तार इतनी तेज थी कि डिवाईडर से टकराकर स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई।

एसीईओ ने ठेकेदरों को दी चेतावनी

# नियमित साफ-सफाई के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं: रूपम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने साफसफाई से जुड़े ठेकेदारों के साथ बैठक की। एसीईओ ने कहा कि जहां पर डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन व्यवस्था लागू है, वहां हर घर से प्रतिदिन कूड़ा उठना चाहिए, हर गली और हर रोड की नियमित सफाई होनी चाहिए। इसी में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसीईओ ने ठेकेदारों से साफ-सफाई में लगे वाहनों व सफाईकर्मियों का माइक्रो प्लान भी मांगा है।

उन्होंने रिहायशी सेक्टरों में घरों के आगे मलबे का ढेर रखने पर पेनल्टी लगाने की भी चेतावनी दी है। प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक घरों से नियमित कूड़ा उठाने और हर गली व रोड की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। शहर की स्वच्छता परखने के लिए एसीईओ की तरफ से अलग-अलग जगहों का नियमित रूप से निरीक्षण भी किया जा रहा है। एसीईओ मेधा रूपम ने मैनुअल स्वीपिंग से जुड़ी फर्मों ऑनिक्स, आरआर फैसिलिटीज, साईनाथ, वेस्ट कलेक्शन से जुड़ी फर्म एजी एनवायरो, सीएंडडी वेस्ट कलेक्शन से जुड़ी फर्म राइज इलेवन और बायो रेमेडिएशन से जुड़ी फर्म एंटोनी के साथ बैठक की। एसीईओ ने बैठक में निर्देश दिए कि वेस्ट कलेक्शन में लगी गाड़ियां कहां-कहां, कितने बजे और किस रूट से होकर जाएंगी, इसका पूरा ब्योरा फोटोग्राफ के साथ प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं। हर सफाईकर्मी का एरिया और टाइमिंग का भी ब्योरा तैयार करके दें। अगर कोई सफाईकर्मी छुट्टी पर होता है तो उसकी जगह दूसरा सफाईकर्मी उस एरिया की सफाई करेगा।

# संभव में आई 19 शिकायतें, सबसे ज्यादा स्ट्रीट लाइट विभाग की

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निगम में संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। इस दौरान 19 शिकायतें दर्ज की गई है। दो बजे तक संभव कार्यक्रम चला। प्रत्येक मंगलवार को संभव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। संभव कार्यक्रम सुबह दस बजे से लेकर दो बजे तक चला। संभव कार्यक्रम में नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ भी शामिल हुए। मंत्री अरूण असीम का गाजियाबाद आगमन कार्यक्रम भी है। इस कारण उन्हें जल्दी ही रूट के निरीक्षण के लिए उन्हें जाना पड़ा। संभव कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा, चीफ इंजीनियर एनके चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे। मंगल दिवस में आज भी काफी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रही। लोगों ने पीने के पानी की सप्लाई में आ रही किल्लत, सीवर लाइन के जाम होने की शिकायत, आवरा कुत्तों, अतिक्रमण और स्ट्रीट लाइट आदि की शिकायत की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में आए लोगों ने शिकायत के दौरान लिखित में प्रत्यावेदन दिया।

### धार्मिक पोस्टर फाड़ने को लेकर विवाद

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित राम विहार कॉलोनी के मुख्य गेट पर लगे धार्मिक पोस्टर को फाड़ने को लेकर लोगों ने मंगलवार को जमकर हंगामा किया।

लोगों का आरोप है कि होटल संचालक द्वारा पोस्टर फाड़कर अपना बोर्ड लगा दिया गया। कॉलोनी के लोगों ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है। हैरीटेज स्कूल के पास राम विहार कॉलोनी स्थित है। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी के मुख्य गेट पर धार्मिक पोस्टर लगा हुआ है। आरोप है कि किसी ने धार्मिक पोस्टर को फाड दिया।

# मुंहबोला फूफा निकला मासूम का हत्यारा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● कई बार किया दुष्कर्म, बुआ को बताना चाहा तो मार डाला

गाजियाबाद में 2 दिन पहले 4 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या उसके मुंहबोले फूफा ने की थी। पुलिस की पूछताछ में यह बात सामने आई कि आरोपी बच्ची पर गलत नीयत रखता था। पहले भी कई बार रेप कर चुका था। बच्ची ने यह बात अपनी बुआ को बतानी चाही तो आरोपी ने उसकी मुंह दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद दोस्त की मदद से शव तीन किलोमीटर दूर फेंक आया। हत्यारोपी फूफा और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

विवेक चंद्र यादव ने बताया 12 मार्च की सुबह टीला मोड़ थाना क्षेत्र में पंचशील कॉलोनी के पास झाड़ियों में एक बच्ची की लाश मिली थी। उसकी पहचान डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली बच्ची के रूप में हुई। अजय भाटी ने पूछताछ में बताया कि उस पर दो बच्चे पहले से हैं। अब ये बच्ची भी बेटी की तरह साथ रह रही थी। 11 मार्च की दोपहर को तीनों बच्चे दुकान पर सामान लेने गए, लेकिन बच्ची लौट कर नहीं आई। अजय के इस बयान की तस्दीक करने के लिए पुलिस ने घर के आसपास लगे की फुटेज देखी। पुलिस को लगा कि फर्श पर कुछ धब्बे थे और उन्हें मिटाया गया है।

पुलिस ने अजय भाटी को कस्टडी में ले लिया। मुंहबोले फूफा ने कबूल किया कि बच्ची के साथ कई बार रेप कर चुका था। गलत हरकत पर बच्ची ने अपनी बुआ को बताने के लिए कहा। डराने के लिए अजय ने बच्ची को थप्पड़ मारा। वह जमीन पर गिर पड़ी। राज खुलने के डर से अजय उसको कमरे में ले गया। वहां बच्ची का मुंह और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

### शराब नहीं लाने पर पुलिस वाले ने पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की निवाड़ी रोड पुलिस चौकी के स्टाफ पर एक व्यक्ति को जेल में बंद कर पिटाई करने का आरोप लगा है। आरोप है कि शराब की बोतल नहीं लाने या दो हजार रुपए नहीं देने पर दो पुलिसकर्मियों ने व्यक्तिको चौकी में बंद करके आधा घंटे तक पीटा।

इस व्यक्ति के शरीर में पिटाई से अंदरूनी चोटें आई हैं। पीड़ित ने मोदीनगर थाने में सिपाही समेत दो लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। मामले में एसीपी ने जांच शुरू कर दी है। मोदीनगर में सौंदा रोड निवासी पप्पू ने बताया सोमवार रात करीब 9 बजे मैं बाइक से निवाड़ी रोड होते हुए गांव बिसोखर जा रहा था। रास्ते में निवाड़ी रोड पुलिस चौकी के सामने संदीप और उसके साथ खड़े शख्स ने बाइक रुकवा ली।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्रोनिया बस्सी, लव बस्सी, मकान नंबर 87, सेक्टर-17, पंचकुला, हरियाणा, पंचकुला-134109, खाता नंबर :- एलबीपीएनसी00001854102 | फ्लैट नंबर केयू4-2803, क्यूब अपार्टमेंट, जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-128, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 14-01-2023 रू. 38,12,241/- | 11-10 -2022 |
| 2. | ब्रोनिया बस्सी, लव बस्सी, मकान नंबर 87, सेक्टर-17, पंचकुला, हरियाणा, पंचकुला-134109, खाता नंबर :- एलबीपीएनसी00001861851 | फ्लैट नंबर केयू4-2803, क्यूब अपार्टमेंट, जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-128, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 14-01-2023 रू. 1,01,184/- | 11-10 -2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 15 मार्च, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : फाजिलपुर एवं नोएडा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

Office of Superintending Engineer
Civil Circle, P.W.D., Devpura Haridwar
websit: http://pwd.uk.gov.in Fax/Phone No.: 01334-221407 E-mail: sepharpwduk@gmail.com

पत्रांक-756/06सी0-सि0वृ0/23 दिनांक 14/03/2023

राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक निविदा
ई-प्रस्ताव हेतु अनोध (आर.एफ.पी.)

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, सिविल वृत्त, लो०नि०वि० हरिद्वार द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-आर0एफ0पी0 गुणवत्ता और लागत आधारित चयन (QCBS) के आधार पर आमंत्रित की जाती हैं। आर0एफ0पी0 (RFP) सम्बन्धित सभी सूचना https://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 17.03.2023 से उपलब्ध होंगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा की वैधता (दिन में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में) | कंसलटेन्टसी फर्म की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जिला हरिद्वार में विभिन्न राज्य राजमार्गों के उत्तराखण्ड सड़क पार्श्व, भूमि नियंत्रण अधिनियम की आवश्यकता के आधार पर सर्वेक्षण करने एवं लैण्ड प्लान तैयार करने हेतु इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी फर्म की नियुक्ति । | 2.10 | 120 | 5000.00 + 18% GST | 06 | NH/NHAI/PSU/ राज्य सरकार के अधीन समान प्रकृति के विस्तृत सर्वेक्षण कार्य का अनुभव |

नोट :- निविदादाता को निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं निर्धारित समय से पूर्व निम्नलिखित अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मूल में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिसके प्रस्तुत न करने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
1. निविदा प्रपत्र की लागत कॉलम 4 के अनुसार का डिमांड बैंक ड्राफ्ट, जो कि अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, हरिद्वार के नाम देय हो। ₹ 5000.00 एवं GST ₹ 900.00 दोनों बैंक ड्राफ्ट अलग-अलग दिये जायें।
2. निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर ₹ 1.00 के रैवेन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित 120 दिन वैधता की अवधि इंगित करते हुये प्रमाण पत्र।
3. निर्धारित धरोहर धनराशि, जो कि अधीक्षण अभियन्ता, सिविल वृत्त, लो०नि०वि०, हरिद्वार के नाम बन्धक हो।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

अधीक्षण अभियन्ता
सिविल वृत्त, लो०नि०वि०, हरिद्वार

खाली करने हेतु सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560 068

सूचना

एतद्द्वारा आवेदक/सह-आवेदक/गारंटरों/बंधकदाताओं /मैसर्स राजश्री ट्रेडिंग कम्पनी, राज कमल शर्मा, राजश्री शर्मा को सूचना दी जाती है कि एम.सी. नंबर 437, प्रथम तल, छत के अधिकार नहीं, गली मंदिर वाली, नया बांस, खारी बावली, मध्य दिल्ली, मध्य दिल्ली-110006 स्थित सम्पत्ति, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत 27 फरवरी, 2023 को प्राप्त किया जा चुका है, से चल वस्तुएं इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन की अवधि के भीतर खाली कर दें (हटा लें)।

कृपया नोट करें कि यदि आप चल वस्तुएं खाली करने (हटाने) में असफल रहेंगे, तो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सम्पत्ति की नीलामी वहां रखी चल वस्तुओं सहित करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी लागत एवं परिणामों के लिए आप जिम्मेदार होंगे तथा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

तिथि : 15 मार्च, 2023 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

खाली करने हेतु सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सूचना

एतद्द्वारा आवेदक/सह-आवेदक/गारंटरों/बंधकदाताओं /ग्रहस्थी एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री धीरज माहेश्वरी, श्रीमती मीनाक्षी बागड़ी, मोहिनी गुप्ता को सूचना दी जाती है कि औद्योगिक सम्पत्ति प्लॉट नंबर एस-48 एवं 49, पनकी औद्योगिक क्षेत्र, साइट 3, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, कानपुर-208001 स्थित सम्पत्ति, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत 07 सितम्बर, 2023 को प्राप्त किया जा चुका है, से चल वस्तुएं इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन की अवधि के भीतर खाली कर दें (हटा लें)।
कृपया नोट करें कि यदि आप चल वस्तुएं खाली करने (हटाने) में असफल रहेंगे, तो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सम्पत्ति की नीलामी वहां रखी चल वस्तुओं सहित करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी लागत एवं परिणामों के लिए आप जिम्मेदार होंगे तथा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
तिथि : 15 मार्च, 2023 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

जबकि निदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा ("डीटीसीपी") ने गुरुग्राम के सेक्टर -78 में स्थित 9.0625 एकड़ भूमि पर एक किफायती आवास कॉलोनी ("उक्त कॉलोनी") विकसित करने के लिए मेसर्स रिवाइटल रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड को 29.06.2018 को लाइसेंस नंबर 45 प्रदान किया था। अब दिनांक 21.02.2023 के मेमो संख्या एलसी-3012/जेई (डीएस)/2023/4993 एवं दिनांक 22.02.2023 एलसी-3012/जेई (डीएस)/2023/5301 के तहत, डीटीसीपी ने उक्त कॉलोनी के विकास के लिए मैसर्स एमटेक बिल्डटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एबीआईपीएल) के पक्ष में 7.53125 एकड़ से अधिक लाइसेंस के हस्तांतरण और 9.0625 एकड़ से अधिक में डेवलपर को बदलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।
और जबकि कई व्यक्तियों ने उक्त कॉलोनी ("मौजूदा आवंटियों") में आवासीय फ्लैटों/संपत्ति के आवंटन के लिए बुकिंग की है और जबकि, लाइसेंस के हस्तांतरण और विकासकर्ता के परिवर्तन के संबंध में अंतिम अनुमति देने से पहले, डीटीसीपी को मौजूदा आवंटियों से आपत्ति (यां), यदि कोई हो, मांगने की आवश्यकता है।
तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से प्रस्तावित लाइसेंस अंतरण और डेवलपर के परिवर्तन पर उक्त कॉलोनी में किसी भी मौजूदा आवंटी से आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। साइट प्लान के साथ उपर्युक्त सैद्धांतिक अनुमोदन की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.revitalreality.com पर होस्ट की गई है और मौजूदा आवंटियों के अवलोकन के लिए वरिष्ठ नगर योजनाकार, गुरुग्राम, तीसरा तल, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -14, गुरुग्राम में भी प्रदर्शित की गई है।
कोई भी मौजूदा आवंटी, जिसे प्रस्तावित लाइसेंस के हस्तांतरण और डेवलपर के परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार, गुरुग्राम के कार्यालय या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकता है, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि प्रस्तावित लाइसेंस हस्तांतरण और डेवलपर के परिवर्तन पर कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान : गुरुग्राम दिनांक:- 15/03/2023

भौतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट) मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, नंबर 159/20, सुधा कॉम्प्लेक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि, कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/ कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोगिन्दर सिंह मलिक (कर्जदार), सीमा रानी (सह-कर्जदार) एलएचएसएनपी00001341764 | एन हाउस/प्लॉट नंबर 420, सेक्टर-65, हुडा फरीदाबाद, हरियाणा एनए फरीदाबाद-121001 चौहद्दी - उत्तर : प्लॉट नंबर 419, दक्षिण : प्लॉट नंबर 421, पूरब : अन्य खाली प्लॉट, पश्चिम : 20 फीट रोड/कब्जा की तिथि : 11-मार्च-2023 | 12-12-2022 रू. 24,81,981/- | सोनीपत-बी |
| 2. | जोगिन्दर सिंह मलिक (कर्जदार), सीमा रानी (सह-कर्जदार) एलएचएसएनपी00001341765 | एन हाउस/प्लॉट नंबर 420, सेक्टर-65, हुडा फरीदाबाद, हरियाणा एनए फरीदाबाद-121001 चौहद्दी - उत्तर : प्लॉट नंबर 419, दक्षिण : प्लॉट नंबर 421, पूरब : अन्य खाली प्लॉट, पश्चिम : 20 फीट रोड/कब्जा की तिथि : 11-मार्च-2023 | 12-12-2022 रू. 95,956/- | सोनीपत-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 15 मार्च, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : फरीदाबाद आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भीषण जाम से दक्षिणी दिल्ली रही बेहाल

## चिराग दिल्ली फ्लाईओवर की मरम्मत तो द्वारका एक्सप्रेसवे एक्सटेंशन निर्माण के कारण थमा यातायात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली में फ्लाई ओवर के निर्माण और मरम्मत कार्य के चलते लोग जाम से बेहाल है। आउटर रिंग रोड पर स्थित चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के आंशिक रूप से बंद होने के चलते दक्षिणी दिल्ली के कुछ हिस्सों में जबरदस्त यातायात जाम लग रहा है। लोग सोशल मीडिया पर अपनी परेशानी साझा कर जानकारी दे रहे हैं कि वह एक घंटे में एक किलोमीटर की दूरी भी तय नहीं कर पा रहे हैं। एक यूजर ने शिकायत की कि अधिकारियों ने उस दिन चिराग दिल्ली फ्लाई ओवर को बंद करने दिया जब कक्षा 10वीं और 12वीं कक्षा की छात्रों की बोर्ड परीक्षा चल रही है। वहीं द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण की वजह से अधिकारियों द्वारा एक ओर का रास्ता बंद करने और यातायात का मार्ग परिवर्तित करने की वजह से दिल्ली-गुरुग्राम रोड पर मंगलवार को भारी जाम की स्थिति देखने को मिली।

द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण की वजह से अधिकारियों द्वारा एक ओर का रास्ता बंद करने और यातायात का मार्ग परिवर्तित करने की वजह से दिल्ली-गुरुग्राम रोड पर मंगलवार को भारी जाम की स्थिति देखने को मिली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इलाके में भारी जाम को लेकर उसकी हेल्पलाइन पर कई कॉल आई हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को यातायात परामर्श जारी कर दिल्ली-जयपुर राजमार्ग (एनएच-48) के रंगपुरी-रजोकरी के बीच के हिस्से को अगले 90 दिनों तक बंद करने की जानकारी दी थी। परामर्श के मुताबिक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) भारत माला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-48 पर शिवमूर्ति के निकट द्वारका लिंक रोड का निर्माण कर रहा है। परियोजना के तहत एनएच-48 पर दो अंडरपास और एक ऊपरगामी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिए रंगपुरी-रजोकरी के बीच दोनों रास्ते बंद किए गए हैं। कई यात्रियों ने यातायात की स्थिति की जानकारी ट्विटर के जरिए साझा की। एक उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया महिपालपुर और धौला कुंआ के बीच फंसा हुआ हूं जहां पर गत डेढ़ घंटे से यातायात लगभग ठहरा हुआ है।

एक अन्य सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया कि आधे घंटे के गुरुग्राम तक जाने के रास्ते को तय करने के लिए अब तीन घंटे लग रहे हैं। अन्य यात्री ने ट्वीट किया धौला कुंआ से शुरू होकर गुरुग्राम जाने वाले रास्ते पर 50 मिनट से जाम लगा है।

पुलिस के परामर्श के मुताबिक, शिवमूर्ति के पास यातायात को नवनिर्मित स्लिप रोड पर भेजा जा रहा है। गुरुग्राम या जयपुर जाने वाले या वहां से दिल्ली आने वाले लोग महरौली-गुरुग्राम मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं। परामर्श के मुताबिक द्वारका, कापसहेड़ा और नजफगढ़ जाने वाले यात्री गुरुग्राम फ्लाईओवर से पालम रोड होते हुए जा सकते हैं। इसी प्रकार गुरुग्राम, कापसहेड़ा और द्वारका से धौला कुआं या वसंत विहार जाने वाले यात्री द्वारका फ्लाईओवर सड़क संख्या 201 के रस्ते अपनी यात्रा पूरी कर सकते हैं।



दिल्ली-गुरुग्राम मार्ग पर लगी वाहनों की लंबी कतारें।

## चिराग दिल्ली में 30 दिन में होगी पुल की मरम्मत

### आश्रम-डीएनडी फ्लाईओवर एक्सटेंशन पर अप्रैल से दौड़ेंगे भारी वाहन



नई दिल्ली। चिराग दिल्ली फ्लाईओवर पर मरम्मत के कारण लग रहे भयंकर जाम ने दिल्ली सरकार की नींद उड़ा दी है। लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने विभाग के अधिकारियों को इस फ्लाईओवर की वजह से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए वैकल्पिक रास्तों की पहचान करने और फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य एक महीने के भीतर हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन स्वयं फ्लाईओवर की मरम्मत के कार्य की प्रगति की समीक्षा करेंगी, इस बावत उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें रोजाना रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाए। लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने जानकारी दी कि आश्रम-डीएनडी फ्लाईओवर एक्सटेंशन पर अप्रैल से भारी वाहन दौड़ेंगे। इस फ्लाईओवर के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार को एक महीने के भीतर हटाया जाएगा। इसके बाद इसे भारी वाहनों को लिए खोल दिया जाएगा।

# भीषण गर्मी में बिजली की खपत 8100 मेगावाट पहुंचने का अनुमान

### ऊर्जा मंत्री आतिशी ने डिस्कॉम और बिजली विभाग के साथ की समीक्षा बैठक, समर एक्शन प्लान पर की चर्चा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में गर्मी अभी से अपना रंग दिखाने लगी है। इसी के साथ बिजली की मांग भी बढ़ रही है। सरकार ने स्थिति को भांपते हुए हालात से निपटने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। सरकार का कहना है कि इस साल गर्मियों में बिजली की खपत 8100 मेगावाट तक पहुंच सकती है, जो पिछले वर्ष पीक पॉवर में 7695 मेगावाट थी। साथ ही दावा किया कि वह जीरो पॉवर कट नीति के साथ इस मॉंग को भी पूरा करने के लिए तैयार।

ऊर्जा मंत्री आतिशी मार्लेना ने मंगलवार को डिस्कॉम और बिजली विभाग के अधिकारियों साथ समीक्षा बैठक और समर एक्शन प्लान पर विस्तार से चर्चा की। समर एक्शन प्लान की समीक्षा करते हुए आतिशी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के लोगों को चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराना मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गारंटी और दिल्ली सरकार की प्राथमिकता में शुमार है। बैठक में अधिकारियों ने बिजली मंत्री को बताया कि, पिछले साल गर्मियों में बिजली की सर्वाधिक मांग 7695 मेगावाट थी और बिना किसी पॉवर कट के बिजली विभाग इस मांग को पूरा किया था। वहीं इस साल पीक पॉवर डिमांड 8100 मेगावाट तक पहुँच सकता है।

आतिशी ने कहा कि उनकी सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने अपने नागरिकों में यह विश्वास पैदा किया है कि उन्हें बिना किसी पॉवर कट के चौबीस घंटे और साते दिन बिजली मिल सकती है। आने वाले समय में भी बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद लोगों के इस विश्वास को टूटने नहीं देंगे।

## सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन बने जामिया के कुलाधिपति



नई दिल्ली। दाऊदी बोहरा मुस्लिम समुदाय के प्रमुख सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नया कुलाधिपति चुना गया है। उनका पांच साल का कार्यकाल मंगलवार से प्रभावी होगा। पांच साल का कार्यकाल पिछले साल पूरा हो गया था।

सैफुद्दीन वर्ष 2014 से दाऊदी बोहरा मुस्लिम समुदाय के प्रमुख हैं। इस समुदाय के सदस्यों की संख्या करीब 10 लाख है। जामिया की कोर्ट (अंजुमन) के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सैफुद्दीन को विश्वविद्यालय का कुलाधिपति चुना है। उन्होंने बताया कि 500 सबसे प्रभावशाली मुसलमानों की सूची में शामिल सैफुद्दीन का चुनाव सोमवार को हुआ।


## महिला जज लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के गुलाबी बाग इलाके में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों द्वारा कथित लूटपाट किए जाने के दौरान एक महिला न्यायाधीश के सिर में चोट लग गई।

पुलिस ने बताया कि बाइक सवार दो लोगों ने महिला से नकदी और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग कथित तौर पर छीन लिया। बैग में करीब 8,000 रुपए नकद, कुछ दस्तावेज और एटीएम कार्ड था। महिला ने आरोप लगाया कि लूट के प्रयास के दौरान आरोपी ने उसे धक्का दिया, जिससे उसके सिर में चोटें आईं। पुलिस के मुताबिक, मामला सात मार्च को तब सामने आया जब घटना के दौरान महिला के साथ मौजूद उसके नाबालिग बेटे ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 394 (लूट के दौरान जानबूझकर चोट पहुंचाना) और 34 (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी की मदद से गुलाबी बाग पुलिस थाने की टीम ने आरोपी दिलशाद और राहुल को पकड़ लिया।

## एमसीडी में पहली बार केंद्रीय स्तर पर वार्षिक परीक्षा शुरू



### अध्यापकों की सुविधा के लिए परीक्षा परिणाम को तैयार करने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयार किया सॉफ्टवेयर

### छात्रों में विषय की समझ जांचने के लिए दक्षता आधारित प्रश्नों को किया गया शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम अपने छात्रों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए कई नए पहलों को अपनाया है। साथ ही शिक्षा में तकनीक का भी इस्तेमाल किया। इसी कड़ी में निगम के इतिहास में पहली बार वार्षिक परीक्षा को केंद्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत सभी कक्षाओं के प्रश्न-पत्र मुख्यालय द्वारा प्रदान किए जा रहे हैं व प्रश्न-पत्र हिन्दी, अंग्रेजी व उर्दू भाषा में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि सभी विद्यार्थियों को प्रश्न-पत्र मुद्रित रूप में प्रदान करवाएँ जाएँ व उनकी जाँच का कार्य अध्यापकों द्वारा उसी दिन पूरा कर लिया जाए।

निगम के शिक्षा विभाग ने प्रधानाचार्यों को भी विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा के अनुसार लगाई जा रही है। शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किए गए प्रश्न-पत्रों में दक्षता-आधारित प्रश्नों को स्थान दिया गया है। दक्षता-आधारित प्रश्नों से छात्रों के रटने की क्षमता की बजाए उनकी समझ व कौशल की जाँच होगी।

ये प्रश्न राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद द्वारा निर्धारित अधिगम प्रतिफलों पर आधारित हैं। शिक्षा विभाग ने विज्ञान की परीक्षा में प्रयोग को भी शामिल किया गया है जिससे विद्यार्थियों में कौशल विकास की जाँच की जा सके। एडुलाइफ पोर्टल पर परिणाम बनाने हेतु अध्यापकों की सुविधा के लिए रिजल्ट सॉफ्टवेयर भी अपलोड कर दिया गया है जिससे अध्यापक कम समय में परिणाम को अधिक सटीकता से बना सकेंगे।

## ट्रांसजेंडर के सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए अंतिम मोहलत

### हाईकोर्ट का आदेश, अमल न होने पर अधिकारियों की हो सकती है पेशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने राजधानी में ट्रांसजेंडर के लिए सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिए आठ सप्ताह की समय सीमा तय की और चेतावनी दी कि आदेश पर अमल न होने की स्थिति में वह सरकार और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित शीर्ष अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश देगा।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने सरकार की ओर से दायर की गई स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, यद्यपि निर्माण प्रक्रिया चल रही है, लेकिन ट्रांसजेंडर के लिए कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं बनाया गया है। सरकार का दावा है कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण को लेकर उचित कार्रवाई की है। हालांकि शौचालयों का निर्माण बिल्कुल नहीं किया गया है।

## सीवर से गाद निकालना यमुना की सफाई में चुनौती

### जल बोर्ड के अधिकारियों ने एलजी को दी जानकारी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने में सबसे बड़ी बाधा दिल्ली जल बोर्ड के करीब दो सौ किलोमीटर लंबे सीवर लाइन से गाद निकाला है।

अधिकारियों ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को यह जानकारी दी। एलजी ने यमुना के कायाकल्प के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 30 जून तक ठोस उपलब्धियां हासिल करने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विभिन्न मोर्चों पर समयबद्ध तरीके से काम किया गया है, लेकिन 200 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन से गाद निकालना सबसे बड़ी बाधा और चुनौती रही है।

एनजीटी 30 जून को यमुना के कायाकल्प की दिशा में हुई प्रगति का जायजा लेगा। दिल्ली जल बोर्ड ने पिछले आठ से 10 साल में गाद निकालने का कोई काम नहीं किया।

डीजेबी की निष्क्रियता और लापरवाही के कारण सीवर लाइन बंद हो गई थीं। सीवर लाइन 80 से 90 प्रतिशत तक बंद है और इसका कारण केवल मल जल नहीं, अपितु कंकड़ और नगरपालिका का ठोस अपशिष्ट भी है। जून तक 90.34 किलोमीटर सीवर लाइन साफ किए जाने का अनुमान है, जबकि शेष 110 किलोमीटर सितंबर तक साफ किए जाने की उम्मीद है। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गाद निकालने का काम मिशन मोड पर करें और इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा करें।

## आप पार्षद पर मारपीट करने का आरोप, मामला दर्ज

नई दिल्ली। जैतपुर में आम आदमी पार्टी (आप) के निगम पार्षद निखिल चपराना और कुछ अन्य लोगों पर एक युवक के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का मामला सामने आने के बाद इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल इस बारे में चपराना की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

धीरज ने दावा किया कि एक बीमार गाय के बारे में एक वीडियो को लाइवस्ट्रीम करने के बाद आरोपी पार्षद निखिल चपराना ने उसके साथ मारपीट की। धीरज ने कहा कि चपराना को जानने वाला एक व्यक्ति विशाल उसे केस दर्ज कराने में मदद करने के बहाने पार्षद के कार्यालय ले गया। चपराना समेत चार लोगों ने उसके साथ मारपीट की।

## गवर्निंग बॉडी बनने तक न हो शिक्षकों की नियुक्ति

### दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री आतिशी से की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से एक बार फिर आग्रह किया है कि दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित महाविद्यालयों में शासी निकायों के गठन के बिना शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कोई साक्षात्कार आयोजित नहीं किया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि आम आदमी पार्टी के शिक्षक संगठन (एडीटीए) के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित 28 कॉलेज में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से शासी निकाय के गठन में देरी के बारे में अवगत कराया। शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री को यह भी बताया कि कुलपति के राजनीति से प्रेरित इस कदम से महाविद्यालयों के प्रशासनिक कामकाज पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। दिल्ली सरकार चाहती है कि इन 28 कॉलेज में उनके शासी निकाय के गठन के बिना कोई साक्षात्कार न हो क्योंकि दिल्ली सरकार की मंशा एक ऐसी व्यवस्था बनाने की है, जो मौजूदा तदर्थ शिक्षकों की भर्ती को प्राथमिकता देगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पिछले कई हफ्तों में डीयू को पत्र लिख चुकी है। एडीटीए ने दावा किया कि तीन फरवरी को डीयू में कार्यकारी परिषद की बैठक से एक हफ्ते पहले तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 28 कॉलेज के शासी निकायों के लिए नामों की सूची भेजी थी, लेकिन इसके बावजूद इन नामों पर विचार नहीं किया गया।

## पीजीडीएवी का टी-20 इंटर कॉलेज टूर्नामेंट आज से




नई दिल्ली। पीजीडीएवी कॉलेज द्वारा प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे- नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 15 से 28 मार्च तक किया जाएगा। यह जानकारी पीजीडीएवी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. कृष्णा शर्मा ने बुधवार को प्रेसवार्ता में दी। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार डबास और डॉ. मुकेश कुमार के अनुसार, टूर्नामेंट का उद्घाटन डे- नाइट मैच दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एन्ड कॉमर्स और दिल्ली कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज के बीच शाम 4.30 बजे से खेल जाएगा। सह- संयोजक डॉ. सुषमा चौधरी ने बताया कि हर मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया जायेगा। टूर्नामेंट में 8 डे- नाईट मैच होंगे। टूर्नामेंट में 12 लीग मैच, 2 सेमीफाइनल सहित 28 मार्च को फाइनल खेला जाएगा। डॉ. पवन डबास के अनुसार इस वर्ष अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में पीजीडीएवी कॉलेज टीम सेमी फाइनल तक पहुंची थी।

# राजधानी में साइबर अपराध करने वालों पर कसेगी नकेल

## फ्रॉड रोकने के लिए टू कॉलर की जनसंपर्क निदेश प्रज्ञा और पुलिस उपायुक्त सुमन नलवा ने समझौता पर किया हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली समेत देशभर में साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इस समस्या से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस ने कॉलर आईडी ऐप ट्र कॉलर ने एक समझौता किया है। इससे अब पुलिस को धोखाधड़ी करने वाले फोन नंबरों की पहचान के लिए ट्रूकॉलर की मदद मिलेगी। ट्रू कॉलर साइबर क्राइम के खिलाफ डिजिटल अवेयरनेस (जागरुकता) को बढ़ावा देगा और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को ट्रेनिंग भी देगा।

पुलिस के अनुसार, समझौते के बाद दिल्ली पुलिस के सभी आधिकारिक नंबरों का सत्यापन करेंगी, क्योंकि जालसाजों ने कई बार खुद को पुलिस के अधिकारियों के रूप में पेश किया है और अपने वॉट्सऐप प्रोफाइल पर वरिष्ठ अधिकारियों की फोटो लगाकर लोगों से धोखाधड़ी की है। अब ट्रूकॉलर दिल्ली पुलिस द्वारा दिए गए उन फोन नंबरों की भी पहचान करेगा जिनके खिलाफ उसे उत्पीड़न, घोटाले या अन्य पंजीकृत मुद्दों के संबंध में शिकायतें मिली हैं। इससे दिल्ली वालों को खुद को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी और ये नंबर सक्रिय रहने की स्थिति में उन्हें अलर्ट करेंगे। उल्लेखनीय है कि कोविड काल के दौरान भी ट्रू कॉलर ने पुलिस की काफी मदद की थी।

हाल ही में पुलिस उपायुक्त (जनसंपर्क अधिकारी) सुमन नलवा ने बताया था कि कोविड महामारी के दौरान, कोविड काल में ट्रूकॉलर ने पुलिस की बहुत मदद की थी, क्योंकि ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसन्ट्रेटर्स, दवाएं और घातक वायरस के इलाज से जुड़े अन्य आवश्यक सामान बेचने के बहाने बहुत सारे घोटाले और धोखाधड़ी की सूचना मिली थी। इसलिए, पुलिस ने उन जालसाजों की संख्या की पहचान की और ट्रू कॉलर को सतर्क किया, जिसने असत्यापित नंबरों को स्पैम के रूप में दर्शाया था।



समझौते के दौरान ट्रू कॉलर की जनसंपर्क निदेश प्रज्ञा मिश्रा, मध्य में विशेष आयुक्त संजय सिंह व दायें डीसीपी सुमन नलवा।

## निजी स्कूलों के दाखिले की ईडब्ल्यूएस सूची जारी

नई दिल्ली। निजी विद्यालयों में प्रवेश स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूह (डीजी) के 42,000 बच्चों की पहली सूची को प्रकाशित की गई।

लगभग 42,000 सीट के लिए छात्रों के नाम मंगलवार को कम्प्यूटर आधारित ड्रा के माध्यम से चुने गए। डीओई के अनुसार, निजी स्कूलों ने ईडब्ल्यूएस और वंचित समूह के साथ-साथ दिव्यांग छात्रों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित की हैं। डीओई ने कहा कि प्रवेश स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए, ईडब्ल्यूएस, डीजी और दिव्यांग बच्चों का कम्प्यूटर आधारित ड्रॉ आयोजित किया गया। इसने कहा, डेटा को यूआईडीएआई और दिल्ली पुलिस के साथ उनकी नीति तहत आवश्यक कार्रवाई के लिए साझा किया गया है।

दिल्ली नगर निगम

अधीक्षण अभियंता (डीईएमएस) एचक्यू-II का कार्यालय
19वां तल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर,
ज.ला.ने. मार्ग, दिल्ली-110002

अभिरुचि की अभिव्यक्ति

दिल्ली नगर निगम वर्तमान में इसके 12 जोनों से प्रतिदिन म्युनिसिपल अपशिष्ट का लगभग 11000 मैट्रिक टन एकत्रित करता है, जिसमें से 4400 टीपीडी (40%) गीला कूड़ा और 6600 टीपीडी (60%) सूखा कूड़ा है। मुख्य रूप से रसोई, रेस्तरां, सब्जी/थोक बाजार, पार्क और लॉन से निकलने वाला गीला कूड़ा विभिन्न विकेंद्रीकृत या केंद्रीकृत अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं में संसाधित किया जा रहा है। दि.न.नि. ने प्रत्येक जोन में 50 टीपीडी के प्रतिदिन प्रसंस्करण लक्ष्य के साथ विभिन्न स्थलों पर ब्रिक वर्क या वायर मेश कंपोजिटिंग यूनिट स्थापित की है। अब तक 543 टीपीडी प्रसंस्करण क्षमता के साथ विभिन्न वार्डों में 211 विकेंद्रीकृत खाद यूनिट स्थापित की गई हैं।

मौजूदा विकेंद्रीकृत कम्पोजिटिंग यूनिटों को अधिक प्रभावशाली और सुस्थिर बनाने के लिए दि.न.नि. मौजूदा स्थानीय कम्पोजिटिंग यूनिटों के संचालन और रखरखाव हेतु विभिन्न बिजनेस मॉडलों के साथ आगे आने के लिए निजी एजेंसियों को अवसर प्रदान करना चाहता है। संसाधनों के इष्टतम उपयोग की दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम पर्यावरणीय प्रथाओं के अनुरूप काम किया जाना चाहिए।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, दि.न.नि. द्वारा सभी हितधारकों, एन.जी.ओ., स्टार्ट-अप, कंसेसियनारों, परामर्शदाताओं, निजी एजेंसियों, जो ऐसी परियोजना या गतिविधियों में भाग लेने के इच्छुक हैं, को **19वां तल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर, ज.ला.ने. मार्ग, नई दिल्ली-110002 में स्थित अधीक्षण अभियंता-II (डीईएमएस)/एचक्यू के कक्ष में 23.03.2023 को अपराह्न 3.00 बजे अग्रिम बोली-पूर्व बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।**

R.O. No.76/DPI/MCD/2022-2023

# एशिया में रहती है दुनिया की साठ फीसदी आबादी : राम बहादुर राय

### एसजीटी विश्वविद्यालय ने एडवांस स्टडी इंस्टीट्यूट ऑफ एशिया (एएसआईए) के उद्घाटन समारोह पर कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंगलवार** को एसजीटी विश्वविद्यालय में एशिया के एडवांस स्टडी इंस्टीट्यूट ऑफ एशिया (एएसआईए) का उद्घाटन किया। इस संस्थान का शुभारंभ एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पद्मश्री राम बहादुर राय ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन मधु प्रीत सिंह चावला और मैनिजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला भी मौजूद रहे।

पद्म श्रीराम बहादुर राय ने कहा कि एशिया दुनिया का एक तिहाई हिस्सा है और यहां दुनिया की साठ फीसदी आबादी रहती है। यह एशिया के देशों के लिए एक साथ संगठित होना, अपने विचारों को सांझा करना और सहयोगी अनुसंधान करना महत्वपूर्ण बनाता है, ताकि वे तकनीकी प्रगति में भविष्य को सुधार सकें। एशिया दिवस की एक मुख्य मांग को रखते हुए उन्होंने कहा कि हिरोशिमा नागासाकी परमाणु हमले की त्रासदी को चिह्नित करने के लिए छह अगस्त को इस संस्थान द्वारा एशिया दिवस मनाया जाना चाहिए।


गुरुग्राम के एसजीटी विवि में एशिया के उन्नत अध्ययन संस्थान का उद्घाटन करते पद्मश्री राम बहादुर राय व दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग।

दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग ने उद्घाटन समारोह में अपने भाषण में कहा कि यह एसजीटी विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपलब्धि है कि एएसआईए इसका हिस्सा होगा, जो अपने छात्रों को उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान करने के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया ज्ञान का एक समुद्र है और एएसआईए के छात्रों को इसके बारे में अधिक जानने का अवसर मिलेगा।

एएसआईए संस्थान श्रीगोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्वविद्यालय पर आधारित एक स्वायत्त केंद्र होगा और विवि के शैक्षणिक निकायों के साथ काम करेगा। संस्थान की अध्यक्षता ऊर्जा और उर्दू के विद्वान और दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल डॉ. नजीब जंग करेंगे। संस्थान के उपाध्यक्ष इंदु भूषण, एक प्रतिष्ठित अर्थ शास्त्री, आयुष्मान भारत के पूर्व सीईओ और एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवर भी होंगे। एशियन डेवलपमेंट बैंक के पूर्व एमडी रजत नाग और ड्यूश बैंक की पूर्व एमडी और सीईओ संध्या वासुदेवन भी इस संस्थान का हिस्सा होंगी।

# इंतजार खत्म, नेहरू स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने का काम शुरू

### डीसी निशांत कुमार यादव ने की शुरुआत

### नए टर्फ से हॉकी खिलाड़ियों के खेल को मिलेगी एक नई दिशा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आखिरकार** वह दिन आ ही गया जिसका हॉकी खिलाड़ियों और खेल विभाग के अधिकारियों को लंबे समय से इंतजार था। यहां नेहरू स्टेडियम के हॉकी मैदान में एस्ट्रोटर्फ लगाने का यह इंतजार खत्म हुआ। डीसी निशांत कुमार यादव ने एस्ट्रोटर्फ लगाने के काम का श्रीगणेश करते हुए जल्द काम पूरा होने की बात कही।

इस एस्ट्रोटर्फ पर 7.79 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस नए टर्फ को बरसात के समय जलभराव से बचाने के लिए मौजूदा ग्राउंड को करीब ढाई फुट तक ऊंचा उठाया जाएगा। अभी यह मैदान नीचा था। बरसात के समय में कई-कई दिनों तक पानी एस्ट्रोटर्फ मैदान पर भरा रहता था। इस दौरान डीसी निशांत कुमार यादव ने खेल विभाग के अधिकारियों द्वारा हॉकी ग्राउंड के साथ लगते हॉकी के छोटे ग्राउंड के जीर्णोद्धार की मांग को स्वीकार करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि वे जल्द ही इसे सरकार के समक्ष रखेंगे।


गुरुग्राम के नेहरू स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने के कार्य की शुरुआत करते डीसी निशांत कुमार यादव।

डीसी ने एस्ट्रोटर्फ के कार्य का शुभारंभ करने उपरान्त वहां मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुग्राम में हॉकी ग्राउंड पर लगने जा रहे इस नए टर्फ से हॉकी खिलाड़ियों के खेल को एक नई दिशा मिलेगी। जिससे वे अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को लेकर पूरी तरह से गंभीर है।

हरियाणा देश का पहला स्टेट है जहां निरंतर खेल नर्सरियों व स्टेडियम के निर्माण सहित खेल सुविधाओं में इजाफा हो रहा है। हरियाणा प्रदेश एक प्रकार से देश की स्पोर्ट्स कैपिटल है। डीसी ने कहा कि यह हमारे खिलाड़ियों के अथक परिश्रम व सरकार के गम्भीर प्रयासों का ही परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई भी प्रतियोगिता हो, उसमें देश के जीतने वाले खिलाड़ियों में एक तिहाई खिलाड़ी हरियाणा के होते है। डीसी ने कहा कि खेल किसी भी देश को एकता के सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम है ऐसे में मेडल जीतने के बाद भी आपको खेल को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाए रखना है।

इस अवसर पर गुरुग्राम मंडल के खेल उपनिदेशक गिर्राज सिंह, जिला खेल अधिकारी संधू बाला, सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी राज यादव, राव राघवेंद्र सिंह, फूल कुमार, वीरेंद्र यादव, राजेश सैनी, सागर सैनी, निर्मला डागर, प्रशिक्षक अशोक कुमार सहित काफी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# डॉ. वैदिक का जाना पत्रकारिता व वैश्य समाज के लिए निजी क्षति

**गुरुग्राम।** सामाजिक चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन पत्रकारिता और वैश्य समाज के लिए गहरी क्षति है। उनका रिक्त स्थान कभी नहीं भरा जा सकेगा। प्रमुखता से अपनी बात को कहने वाले डॉ. वैदिक सदा अपने विचारों से समाज को एक नया रास्ता भी दिखाते रहे। यह बात अग्रवाल वैश्य समाज संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने डा. वैदिक को श्रद्धांजलि देते हुए कही।

अशोक बुवानीवाला ने बताया कि वे अग्रवाल वैश्य समाज के चार महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल हुए। वर्ष 2009 में अग्रवाल वैश्य समाज संस्था का उद्घाटन उन्हीं के हाथों कराया गया। पानीपत में लोकसभा स्तर पर वार्षिक समारोह में हरिद्वार में अग्रवाल वैश्य समाज के प्रशिक्षण शिविर और रेवाड़ी में भारतेंदु अलंकार पत्रकार सम्मान समारोह में उन्होंने शिरकत की थी। वैश्य समाज की राजनीति में भागीदारी पर उन्होंने खूब वक्तव्य दिए। अग्रवाल वैश्य समाज को उनका जाना निजी क्षति है। उन्होंने कहा कि डॉ. वेदप्रताप वैदिक को उन अग्रदूतों में गिना जाता रहा है, जिन्होंने हिंदी को मौलिक चिंतन की भाषा बनाया। भारतीय भाषाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए सदा संघर्ष और त्याग करने का काम किया। महात्मा गांधी, महर्षि दयानंद और डॉ. राम मनोहर लोहिया की परम्परा को आगे बढ़ाने में डॉ. वैदिक जी सदा अग्रणी रही। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में पीएचडी भी की थी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोध ग्रंथ हिंदी में लिखकर अपनी हिंदी के प्रति गहरी सोच, प्रेम को जाहिर किया था। ऐसा करके वे भारत के ऐसे पहले विद्वान बने थे।


अग्रवाल वैश्य समाज की ओर से डॉ. वेद प्रताप वैदिक का स्वागत करते अशोक बुवानीवाला।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राथमिक स्कूल की जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा हटाया


सोहना के गांव चौहड़पुर के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बने पक्के मकान को जेसीबी से गिराते हुए।

**सोहना।** खंड की ग्राम पंचायत चौहड़पुर के राजकीय प्राथमिक स्कूल की जमीन पर हो रहे 20 साल से अवैध कब्जों को जेसीबी से सफाया किया। ग्रामीणों ने पक्के मकान से लेकर शौचालय, बिटौडा, बौंगे और गाय-भैंस का पालन किया हुआ था। मंगलवार को ड्यूटी मैजिस्टेट नायब तहसीलदार सोहना लछीराम के नेतृत्व में चौहड़पुर के राजकीय प्राथमिक स्कूली की करीब डेढ़ एकड़ जमीन पर तीन तरफसे हो रहे अवैध कब्जों को हटाया गया। इस अवसर पर सोहना सदर थाना से भारी मात्रा में पुलिस बल और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे। उक्त अवैध कब्जों को हटाने के आदेश एसडीएम प्रदीप मलिक ने तुरन्त प्रभाव से किए थे। ड्यूटी मैजिस्टेट लछीराम ने बताया कि स्कूल के एक तरफतीन करम को रास्ता बताया गया है। जिस पर अदालत द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके अलावा स्कूल के तीन तरफ जमीन पर पक्के मकान निर्माण से लेकर शौचालय, बिटौडा, बौंगे और गाय-भैंस का पालन पोषण वाले स्थान को खाली करा लिया गया। यह स्कूली की करीब 2 एकड़ जमीन पर है। जिस पर यहा के ग्रामीण रामधन, दिनेश, सतबीर, सतीश और संजय ने करीब 20 साल से अवैध कब्जा किया हुआ था। अवैध कब्जों के कारण स्कूल भवन की सुरक्षा खतरे में थी। जिसको लेकर स्कूल प्रभारी और ग्राम पंचायत सरपंच तथा ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर हल्का विधायक से बार-बार मिलकर अवैध कब्जों को हटाने की मांग करते आ रहे थे।

### लड़कियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 16 मार्च को

**गुरुग्राम।** जिला खेल विभाग द्वारा 16 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लड़कियों की जिला स्तरीय एथलेटिक्स, कुश्ती और रस्साकशी की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सुबह 7:00 बजे ताऊ देवीलाल स्टेडियम में पहुंचना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में दो आयु वर्ग बनाए गए हैं एक अंडर 18 और दूसरा वर्ग प्लस 18 आयु का है। कुश्ती में अंडर 18 आयु वर्ग में 46, 50 व 55 किलोग्राम और प्लस 18 आयु वर्ग में 60 तथा 72 किलोग्राम के पहलवान भाग लेंगे। वहीं एथलेटिक्स में अंडर 18 तथा प्लस 18 आयु वर्ग में 200 व 400 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट स्पर्धा में भाग ले सकेंगी। इसी प्रकार रस्साकशी में अंडर-18 तथा प्लस 18 आयु वर्ग में 10-10 खिलाड़ी भाग ले सकेंगी।

### घर पर वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन


वेद प्रताप वैदिक। (फाइल फोटा)

**गुरुग्राम।** देश के वरिष्ठ पत्रकारों में शामिल रहे और आतंकवादी हाफिज सईद का इंटरव्यू लेकर चर्चाओं में आए पत्रकार वेद प्रताप वैदिक (78) का गुरुग्राम में अपने घर पर निधन हो गया। वे बाथरूम में नहाने गए थे। काफी देर तक जब वे बाहर नहीं निकले तो दरवाजा तोड़ा गया। वे बेसुध पड़े हुए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 30 दिसंबर 1944 को इंदौर जन्में वेद प्रताप वैदिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति, राजनीतिक चिंतन समेत कई क्षेत्रों में लंबे समय से जुड़े रहे। हिंदी के अलावा रूसी, फारसी, जर्मन और संस्कृत भाषा पर उनकी गहरी पकड़ थी। अपने घर में वे नहाने के लिए 9 बजे के करीब बाथरूम गए थे। जब काफी समय तक वे बाहर नहीं आए और बाथरूम से कोई आवाज नहीं आई तो परिजनों ने उन्हें आवाज लगाई। आवाज लगाने के बाद भी अंदर से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। परिजनों ने देखा कि वे बाथरूम में बेसुध पड़े हैं। आनन-फानन में उन्हें प्रतीक्षा अस्पताल ले जाया गया। उनकी जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। देश के मुद्दों पर बेबाक लिखने, बोलने वाले वेद प्रताप वैदिक उस समय अधिक सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने आतंकवादी हाफिज सईद का इंटरव्यू लिया था। उनके खिलाफ देश में काफी विरोध भी हुए। उन्होंने भी अपने विरोध में उठ रही आवाजों को सदैव करारा जवाब दिया।

### वर्ष 2021 के चोरी के मुकदमे में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गजेंद्र तथा सुखबीर उर्फ राधे उर्फ कन्हैया का नाम शामिल है। आरोपी गजेंद्र उत्तर प्रदेश के जेवर तथा आरोपी सुखबीर पलवल के रसूलपुर फाटक एरिया का रहने वाला है। जुलाई 2021 में एनआईटी थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने एक मोटरसाइकिल चोरी की थी। एक महीने पहले 13 फरवरी 2023 को आरोपी चोरी की वही मोटरसाइकिल लेकर यूपी के बरसाना जा रहे थे जहां यूपी पुलिस से उनकी मुठभेड़ हो गई जहां मुठभेड़ के दौरान आरोपी गजेंद्र के पैर में गोली लगी थी। यूपी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करके चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ 307 का एक और मुकदमा यूपी में दर्ज किया गया। फरीदाबाद पुलिस को जैसे ही इसके बारे में सूचना प्राप्त हुई तो क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर फरीदाबाद आ गई जहां पुलिस पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपियों के खिलाफ इससे पहले भी हत्या का प्रयास, चोरी, स्नैचिंग, अवैध हथियार, लूट, छेड़छाड़ व लड़ाई झगड़े के चार मुकदमे पलवल में दर्ज है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात दोनो आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### प्राइवेट स्कूलों ने शुरू की अपनी मनमानी

**फरीदाबाद।** नया शिक्षा सत्र शुरू होने में अभी 15-20 दिन बाकी हैं। स्कूल प्रबंधकों ने उससे पहले ही अभिभावकों से लूटखसोट मचानी शुरू कर दी है। मॉडर्न डीपीएस स्ल व अन्य स्कूलों के प्रबंधक नए शिक्षा सत्र में बढ़ाई गई फीस की जानकारी व स्कूल के अंदर खुली दुकान या अपनी बताई गई दुकान से नई किताब कॉपी खरीदने का नोटिस/सर्कुलर पेरेंट्स को भेज रहे हैं। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है कि स्कूल प्रबंधकों ने एक तो शिक्षा निदेशक पंचकूला की मंजूरी के बिना मनमानी फीस वृद्धि कर दी है दूसरा स्कूलों में सस्ती एनसीईआरटी की किताबों की जगह निजी प्रकाशकों की मोटी व महंगी किताबों को लगाया जा रहा है। इसके अलावा जो कॉपी बाजार में 20 की मिलती है उस पर स्कूल का लेबल लगा कर उसे 40 से 50 में बेचा जा रहा है। 5 साल से पहले वर्दी नहीं बदल सकते कई स्कूलों ने वर्दी बदल दी है। इतना ही नहीं कई स्कूल हफ्ते में तीन दिन अलग अलग रंग की वर्दी लगा रहे हैं। मंच ने स्कूलों के इन नियम विरुद्ध कार्यों की जानकारी चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद को पत्र लिखकर दी है और उनसे दोषी स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। पत्र की प्रति सूचनार्थ अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा, माध्यमिक व मौलिक शिक्षा निदेशक पंचकूला, चेयरमैन सीबीएसई व जिला शिक्षा अधिकारी को भी भेजी गई है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आईपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट बी एस विरदी ने कहा है कि सीबीएसई, शिक्षा विभाग हरियाणा के नियम कानूनों में साफ-साफ लिखा है कि स्कूल प्रबंधक अपने स्कूलों में सिर्फ एनसीईआरटी की ही किताबें लगाएं। प्राइवेट प्रकाशकों की महंगी व मोटी किताबों को लगाकर बस्ते का बोझ ना बढ़ाएं। केंद्रीय शिक्षा विभाग ने प्रत्येक क्लास के लिए बच्चों के बस्ते का बजन निर्धारित कर रखा है।

# शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन के लिए मंडलों में हो रही है संगठनात्मक बैठकें

### 19 मार्च को पट्टी कल्याण पानीपत में होगा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आगामी** 19 मार्च को पट्टी कल्याण पानीपत में होने वाले प्रदेश स्तरीय शक्ति केंद्र प्रमुखों के सम्मेलन की तैयारियों के नियमित जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में मंडल पालकों एवं मंडल प्रभारियों के द्वारा जिले के सभी 15 मंडलों में बैठकें की जा रही हैं।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि बादशाहपुर विधानसभा के डूंडाहेड़ा मंडल में शक्ति केंद्रों प्रमुखों की बैठक में मंडल के पालक प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, गुरुग्राम विधानसभा के दयानंद मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक में मंडल के पालक स्थानीय निकाय के प्रदेश संयोजक अनिल यादव, मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, अर्जुन मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक में मंडल के पालक सुमेर तंवर, मंडल प्रभारी जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी, खेड़की दौला मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक में मंडल प्रभारी धर्मेंद्र यादव, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी, बादशाहपुर विधानसभा के फरूख नगर मंडल के शक्ति केंद्रों प्रमुखों की बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाड़ोली, मंडल प्रभारी वेद प्रकाश यादव, सोहना विधानसभा के सोहना मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला सचिव निधि राघव, मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, गुरुग्राम विधानसभा के शीतला मंडल के शक्ति केंद्र प्रमुखों बैठक में बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, मंडल प्रभारी अर्जुन शर्मा, जिला महामंत्री मनीष गाडोली, मंडल अध्यक्ष प्रियव्रत कटारिया सहित मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


पानीपत में होने वाले शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन के लिए बैठक लेतीं भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

# एक लाख से अधिक की राशि के प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों से वसूली के निर्देश

### निगमायुक्त पीसी मीणा ने की प्रॉपर्टी टैक्स कार्य की समीक्षा

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने मंगलवार को निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स कार्य की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक नागरिक सुविधा केन्द्र सप्ताह के सातों दिन खुले रहेंगे।

निगमायुक्त ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स के एक लाख रूपए व इससे ऊपर के बकाएदारों की एक सूची तैयार करके उन्हें नोटिस जारी करें तथा नोटिस पीरियड के बाद संबंधित डिफाल्टर की प्रॉपर्टी को सील करके नीलामी की कार्रवाई शुरू करवाएं। इन बकाएदारों में रिहायशी, औद्योगिक, वाणिज्यिक व इंस्टीट्यूशनल चारों श्रेणियों के डिफाल्टरों को शामिल करें। प्रॉपटीज टैक्स की वसूली के लिए आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों के साथ तालमेल करके उनके क्षेत्रों में कैंप भी लगाने के निर्देश निगमायुक्त द्वारा दिए गए।

प्रॉपर्टी टैक्स सर्वे की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि जिन प्रॉपर्टीज के उपयोग की स्थिति में बदलाव किया गया है, उनका दोबारा से सत्यापन करवाया जाए। उदाहरण के तौर पर जो प्रॉपर्टीज पहले वाणिज्यिक श्रेणी में थी, लेकिन अब उनमें बदलाव करके उन्हें रिहायशी दिखाया गया है या वाणिज्यिक से औद्योगिक श्रेणी में बदलाव किया गया है, उन सभी की पुन: जांच करवाएं। क्योंकि इस प्रकार की प्रक्रिया से नगर निगम के राजस्व का नुकसान होने का अंदेशा है। जांच उपरान्त एक कमेटी का गठन करके निर्णय लिया जाएगा।


गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के बजट पर भी चर्चा के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि बजट में राजस्व बढ़ोतरी पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा बजट वास्तविकता पर आधारित होना चाहिए। इसके अलावा वाटर मीटर, विज्ञापन सहित अन्य मुद्दों पर भी निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# छात्रा से गैंगरेप मामले में नाबालिग समेत दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

### नाबालिग से बाइक तथा बालिग से मोबाइल हुआ बरामद तीसरे फरार आरोपी की तलाश जारी

**सोहना।** सदर थाना पुलिस ने 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा से हुआ गैंगरेप मामले में किशोर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। घर से फरार तीसरा नामजद आरोपी की तलाश में पुलिस की दो टीमें तलाश में जुट गई है। गिरफ्तार आरोपियों से बाइक और मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

सोमवार को सदर थाना पुलिस ने 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा से गैंगरेप मामल को अंजाम देने के तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें एक नाबालिग तथा दूसरा आरोपी बालिग है। बालिग आरोपी को जूनाइल कोर्ट में भेज दिया है। जबकि बालिग गौरव को पुलिस ने स्पेशल कोर्ट गुरुग्राम में पेश करेगी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से बाइक और वह मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। जिससे गैंगरेप के दौरान बारी-बारी से वीडियो बनाई थी। लेकिन यह मोबाइल पुलिस को जर्जर हालत में टूटा मिला है। जिससे मामले के असल तथ्यों को जांचने के लिए लैब में भेजने की तैयारी में जुट गई है। गैंगरेप में उपयोग की गई बाइक गिरफ्तार नालिग से तथा मोबाइल फोन आरोपी गौरव से बरामद किया है। यह मोबाइल फोन गौरव का ही था। जिससे गौरव ने पुलिस के हाथ में जाने से पहले सबूत मिटाने के उद्देश्य से तोड़ा है।

### बारी-बारी से किया था गैंगरेप

**पुलिस** की अब तक की जांच और डॉक्टरी जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि बालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म हुआ था। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद की गई पूछताछ में आरोपियों ने यह स्वीकार किया है। गैंगरेप के दौरान एक आरोपी लगत काम करता था। दूसरा वीडियो बनाता था तथा तीसारा आरोपी आसपास चोरों दिशाओं में चौकीदारा करता था।

“ **महिला** पुलिस चौकी की टीम के साथ उनकी भी एक टीम घर से फरार तीसरा आरोपी की तलाश में जुटी है। जल्द ही तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-जयसिंह (सदर थाना प्रभारी)

# वैश्विक बाधाओं के बावजूद पटरी पर है भारतीय अर्थव्यवस्था

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के इकोनॉमिक्स विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत सतत विकास और समावेशी अर्थव्यवस्था विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनआईपीएफपी के पूर्व निदेशक प्रो. पिनाकी चक्रवर्ती, मुख्य वक्ता यूएनडीपी भारत के अन्वेषण प्रमुख डॉ. कृष्णन एस. राघवन और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा सरस्वती वंदना के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जीयू के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. सुभाष कुंडू, प्रो. नीरा वर्मा, डॉ. गायत्री रैना आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एनआईपीएफपी के पूर्व निदेशक प्रो. पिनाकी चक्रवर्ती ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में स्वावलंबी युवाओं की भूमिका अहम है। कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी वैश्विक बाधाओं के बावजूद अगर भारतीय अर्थव्यवस्था में जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है, तो इसका कारण यहां की वह कामकाजी युवा शक्ति है जो दिन-रात कड़ी मेहनत करके देश की प्रगति और विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। किसी भी राष्ट्र का विकास वहां की युवा शक्ति पर निर्भर करता है।


विवि में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेते अतिथि व कुलपति।

### जीयू में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. कृष्णन एस. राघवन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान एक ऐसा दृष्टिकोण है, जो देश और उसके नागरिकों को सही मायनों में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे ले जायेगा। आत्मविश्वास और स्वाभिमान जगाने का संकल्प है आत्मनिर्भर भारत। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में प्रेरणा का संचार होता है। उनके उत्साह व चिंतन से ही देश में प्रगति तथा बदलाव आते हैं। वास्तव में भारत की आत्मनिर्भरता से देश ही सम्पन्न नहीं होगा, अपितु सम्पूर्ण विश्व इससे लाभान्वित होगा। इस अवसर पर देशभर से पधारे विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण व अलग-अलग विचारों से छात्रों को अवगत कराया। गुरुग्राम विवि के अर्थ शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के पेशेवर, शिक्षाविद, शोधकर्ता,एम. फिल/पीएचडी विद्वान एवं पीजी के छात्रों ने भाग लिया।

# नाबालिग अपरहण प्रयास मामले के दोषी को कोर्ट ने दी तीन साल की सजा

**मेवात।** नूंह के पुन्हाना थाना अंतर्गत एक नाबालिग लड़की का अवैध हथियार के बल पर अपहरण करने के प्रयास मामले में स्पेशल कोर्ट ने एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा और दो हजार रुपये का जुर्माना भरने का फैसला सुनाया है। यह मामला वर्ष 2018 का है।

सरकारी अधिवक्ता आकाश तवर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नरेंद्र पाल की अदालत के विशेष लोक अभियोजक आकाश तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2018 में पुन्हाना उपमंडल के एक गांव में अवैध हथियार के बल पर दो युवकों ने नाबालिक लड़की का जबरन अपहरण करने का प्रयास किया था। पीड़ित पक्ष के की शिकायत पर पुन्हाना थाना में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ जिनमें से एक आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी।जिसे ट्रायल के दौरान दोषी ठहराया गया। जिन्हें पहले ही सजा दी जा चुकी है। वहीं इसी मामले में गिरफ्तार हुए मुख्य आरोपी मिरचू के खिलाफ ट्रायल के दौरान पुलिस सहयोग से अवैध हथियार का प्रयोग सहित लगभग सभी प्रकार के जरूरी साक्ष्यों को जुटा कर मजबूती से न्यायालय में पैरवी की गई।

# बीके अस्पताल में होगी एचसीबी वायरल की मुफ्त जांच

**कविता।** फरीदाबाद

### हेपेटाइटिस वायरल की जांच निजी लैब में चार से साढ़े सात हजार रुपये में होती है

**नेशनल** वायरल हेपेटाईटिस कंट्रोल प्रोग्राम के तहत जिले के बादशाह खान अस्पताल में एचसीबी टेस्ट (हेपेटाइटिस बी और सी) शुरू कर दी है। जिससे अब मरीजों को जांच के लिए रोहतक रेफर नहीं किया जाएगा। निजी लैबों में यह जांच चार हजार रुपये से साढ़े सात हजार रुपये में होती है।

अब यह जांच बीके अस्पताल स्थित जिला आवणिक प्रयोगशाला में मुफ्त में होगी। आवणिक प्रयोगशाला के इंचार्ज डॉ. एसएस दहिया ने बताया कि दो हफ्ते पहले यह जांच शुरू किया गया है। जहां अब तक छह सैम्पल जांच हो चुकी है। इस इंफेक्शन का पता रेपिड कार्ड जांच से लगाया जाता है। इसके बाद दवाईयां शुरू की जाती है। यहां के चिकित्सक के लिखने पर जांच हो सकेगी।




**मिलेगी राहत :** डॉ. एसएस दहिया ने कहा कि बीके अस्पताल में जांच शुरू होने से फरीदाबाद, पलवल, बल्लभगढ़, होडल, हथीन और कई जिलों के मरीजों को राहत मिल सकेगी। अब यहां हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के मरीजों की वायरल लोड की जांच नि:शुल्क की जा रही है।

**दो हफ्ते से शुरू :** डॉ. दहिया ने बताया कि हेपेटाइटिस के मरीजों को समय-समय पर इस जांच की जरूरत पड़ती है। पहले अस्पताल में सुविधा नहीं थी। जिससे मरीजों को रोहतक या दिल्ली जांच के लिए रेफर किया जाता था। कुछ मरीज जांच निजी लैब में करवा रहे थे। लेकिन अब माइक्रोलॉजी विभाग में एचसीबी वायरल लोड की जांच शुरू कर दी गई है। यह जांच मशीन से नहीं होती। इसमें कोरोना की तरह ही कम से कम छह से सात घंटे का समय लगता है। इसलिए



डॉ. एसएस दहिया।

पिछले दो हफ्ते में करीब छह सैम्पल जांच किए गए हैं।

**दवाओं से लोड कम :** डॉ. दहिया ने बताया कि देश में करीब चार प्रतिशत लोगों को हेपेटाइटिस बी और एक से डेढ़ प्रतिशत लोगों हेपेटाइटिस सी की बीमारी है। मौजूदा समय में जिला सिविल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश के मुताबिक जिले में करीब 30 मरीज इस बीमारी से ग्रस्त हैं।

इन दोनों बीमारियों के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं। लेकिन हेपेटाइटिस बी से पीड़ित मरीज के शरीर से वायरस को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है। दवाओं से वायरस को दबा कर और उसके लोड को कम करके रखा जा सकता है। इसलिए वायरल लोड जांच जरूरी होती है। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर दवा देकर वायरस के लोड को कम किया जा सकता है।

# एचसीएमएस, आईएमए और नीमा ने जताया सीपी का आभार

### बीके की प्रधान चिकित्सा अधिकारी के सामने रखीं तीन मुख्य मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




सीएमओ विनय गुप्ता के साथ जानकारी देते एचसीएमएस के प्रेजीडेंट सुशील कुमार अहलावत, स्टेट जनरल सैकेट्री डॉ. मान सिंह, आईएमए के प्रेजीडेंट डॉ. दिनेश गुप्ता, नीमा के प्रेजीडेंट डॉ. अतुल अग्रवाल। पुलिस गिरफ्त में डॉक्टर और नर्स से मारपीट के आरोपी।

**हरियाणा** सिविल मेडिकल सर्विसिस (एचसीएमएस), इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) तथा नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के पदाधिकारियों ने जिला सिविल सर्जन विनय गुप्ता और प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव के संग एक बैठक की। जहां उन्होंने सीपी विकास कुमार अरोड़ा का धन्यवाद किया कि उनकी शिकायत पर बीके और बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

साथ ही चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगा दी। चिकित्सकों ने पीएमओ डॉ. सविता यादव के सामने चिकित्सकों को सुरक्षा का माहौल देने, चिकित्सकों और स्टाफ की संख्या बढ़ाने और स्वास्थ्य कर्मियों तथा सुरक्षा कर्मियों को वर्दी में रहने की मांग रखी। पीएमओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह मुख्यालय को चिकित्सकों और स्टाफ की कमी को लेकर पत्र लिखेंगी। पीएमओ ने एचसीएमएस के प्रेजीडेंट डॉ. सुशील कुमार अहलावत, स्टेट जनरल सेकेट्री डॉ. मान सिंह, आईएमए के प्रेजीडेंट डॉ. दिनेश गुप्ता तथा नीमा के प्रेजीडेंट अतुल अग्रवाल समेत अन्य पदाधिकारियों का धन्यवाद किया कि उन्होंने सीपी से मिलकर अस्पताल में चिकित्सकों की सुरक्षा के प्रबंध करवाते हुए रात्रि आठ बजे से सुबह आठ बजे तक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगवाई।

सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता के संग मिलकर डॉ. सुशील कुमार अहलावत, डॉ. मान सिंह, डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. अतुल अग्रवाल ने सीपी का धन्यवाद किया। क्योंकि उन्होंने बीके अस्पताल में सुरक्षा बढ़ाने और बल्लभगढ़ में चिकित्सक के संग हुई मारपीट के आरोपियों को पकड़ने के आदेश जारी किए थे। बल्लभगढ़ मामले मामले में थाना आदर्श नगर ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बल्लभगढ़ में डॉक्टर से मारपीट के आरोपी पकड़े

**फरीदाबाद।** आदर्श नगर थाना प्रभारी की टीम ने 10 दिन पहले आरोपियों द्वारा बल्लभगढ़ सरकारी अस्पताल में डॉक्टर तथा नर्स के साथ मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अजय तथा अमित उर्फ सोनू मच्छगर गांव के रहने वाले हैं। पांच मार्च की सुबह करीब 3:30 बजे एक 30 वर्षीय जला हुआ युवक अस्पताल में आया था। अस्पताल में तैनात डॉक्टर व नर्स ने पीड़ित का इलाज किया। करीब 5:00 बजे दोनों आरोपी वहां पहुंचे और बिना कुछ बातचीत किए डॉक्टर और महिला स्टाफ के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट करनी शुरू कर दी। जिसमें डॉक्टर और नर्स को चोट आई। डॉक्टर की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सामने आया कि उस दिन उनका भाई जल गया था और वह इलाज के लिए अस्पताल आया था। परंतु अस्पताल में डॉक्टर व स्टाफ ने उसका इलाज सही ढंग से नहीं किया। आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# ओवरलोड ट्रेक्टर-ट्रॉली से कुचल कर मासूम की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ओवरलोड** ट्रैक्टर ले ली 11 साल के मासूम यश की जान ले ली मामला फरीदाबाद के पन्हेडा खुर्द गांव का है जहां अपने पिता हरकेश के साथ सुबह घूमने निकले मासूम यश को ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी और फिर कई मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया ।

लगभग ढाई घंटे रोड जाम रहने के बाद पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने रोड खोल दिया। यह पन्हेड़ा खुर्द गांव के रहने वाले लोग इस घटना से बेहद दुखी और आक्रोशित हैं कि गांव के ही एक 11 साल के मासूम को ओवरलोड ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक 11 साल का मासूम यश अपने पिता हरकेश के साथ सुबह घूमने निकला था।

तभी ओवरलोडेड ट्रैक्टर ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। ग्रामीणों का आरोप है की गांव के आसपास ईटों के भट्टे होने के चलते सड़कों पर हर समय ओवरलोड ट्रैक्टर दौड़ते रहते हैं जिसके चलते सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं होती। ग्रामीणों का आरोप है



घटनास्थल पर खड़ी ट्रेक्टर-ट्रॉली तथा मासूम बच्चे यश का फाइल फोटो।



घटनास्थल पर मौजूद लोग।

कि ट्रैक्टरों पर नंबर नहीं होते और उन्हें चलाने वालों के पास लाइसेंस भी नहीं होता। ज्यादातर ट्रैक्टर चलाने वाले नाबालिग होते हैं। इसके बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती। जिसके चलते इस तरह के हादसे सामने आते हैं। गांव में हुए हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर जा पहुंचे और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक वह आए दिन ओवरलोड ट्रैक्टर्स का चालान करते हैं। लेकिन अब और सख्ती बढ़ाई जाएगी ।

# वार्षिक उत्सव संगम-2023 में डीएवी बल्लभगढ़ ने मचाई धूम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



संगम उत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**डीएवी** बल्लभगढ़ में वार्षिकोत्सव 'संगम 2023' अपने निराले अंदाज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी प्रबंधक समिति के निदेशक वीके चोपड़ा, विशिष्ट अतिथि बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद और विद्यालय के प्रबंधक सतीश आहूजा एवं डीएवी संस्था के गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी गान के साथ हुआ इसके बाद आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किए गए। स्वागत प्रस्तुति के रूप में नर्सरी, एल केजी के छात्रों ने मंत्रों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सभी को रोमांचित कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी। रंग बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-नन्हे बच्चों की गायक मंडली ने अपनी मोहक प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें नृत्य, गीत, संगीत एवं प्री प्राइमरी विंग के छात्रों द्वारा वर्ष भर में की गई गतिविधियों और उपलब्धियों पर आधारित लघुनाटिका सम्मिलित थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'स्नो व्हाइट और सात बौने' जब मंच पर प्रदर्शित हुआ तो सब विस्मित हो देखते ही रहे। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के लिए ऐसे विद्यालय का चुनाव करें जो छात्रों का उज्ज्वल भविष्य बनाने में सहायक हो और छात्रों को आधुनिक शिक्षा के साथ साथ वैदिक संस्कृति से भी जोड़ता हो। उन्होंने अपने आशीर्वचनों के रूप में छात्रों को उज्ज्वल भविष्य बनाने के कुछ मूलमंत्र दिए। अंत में प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया और शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# विकास कार्यों के लिए हर महीने होगी बैठक : राजेश नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नगर** निगम क्षेत्र में आने वाले तिगांव विधानसभा के गांवों व विकास के अन्य प्रोजेक्टों को लेकर आयुक्त जितेंद्र दहिया के साथ विधायक राजेश नागर ने बैठक की। नागर ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके क्षेत्र में विकास के मामले में ढील देने वाले अधिकारियों को वह बर्दाश्त नहीं करेंगे।

नागर ने कहा कि उनके क्षेत्र के अनेक गांवों को नगर निगम में शामिल कराया गया है। इन गांवों में विकास कार्यों की योजनाएं बनाई जाएं और उन्हें क्रियान्वित करवाएं, जिससे कि स्थानीय लोगों को भी सरकार के निर्णय पर प्रसन्नता महसूस हो सके। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में जलजमाव और साफ सफाई पर सबसे पहले ध्यान देने की आवश्यकता है। नागर ने नगर निगम अधिकार क्षेत्र में आने वाली कॉलोनियों में भी सड़क, नाली, खडंजा, सीवर आदि विकास कार्यों की फाइलें बनवाने के लिए कहा। विधायक ने विकास कार्यों में तेजी के लिए नियमित बैठक करने की भी बात कही। इसके साथ ही उन्होंने



नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया के साथ बैठक करते विधायक राजेश नागर।

निकम्मे अधिकारियों को उनके क्षेत्र में न लगाने की भी बात कही। विधायक ने बताया कि आज हुई बैठक की समीक्षा के लिए अगले हफ्ते फिर बैठक होगी वहीं हर महीने विकास कार्यों के लिए बैठक होंगी। विधायक राजेश नागर की मांग पर कनिष्का टावर में मरम्मत एवं अन्य कार्यों को करवाने के लिए निगमायुक्त ने एक कमेटी बनाने की घोषणा की, जिसमें संबंधित एसडीओ एवं जेई को शामिल किया गया है। इस कार्य में प्रशासन पूरी तरह से विधायक राजेश नागर के साथ है। इस बैठक में संबंधित एक्सईएन, एसडीओ एवं जेई भी मौजूद रहे।

# पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण का कार्य करें जल्द पूरा: विक्रम सिंह

### कंप्यूटरीकरण होने से काम में आएगी पारदर्शिता

### जल्द हो उपलब्ध होगा विभाग का डाटा

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद



बैठक में जानकारी लेते अध्यक्ष विक्रम सिंह।

**उपायुक्त** व जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय ने डीएलआईएमसी की दूसरी बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में अध्यक्ष ने जिला के एक प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटीज (खेरी कलां) के कंप्यूटरीकरण की एसएलआईएमसी को सिफारिश की और बाकी बचे पीएसीएस का भी जल्द से जल्द कंप्यूटरीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण के बाद किसानों को लोन प्राप्त करने में आसानी होगी और एक क्लिक में ही कंप्यूटर पर पैक्स के एक-एक डाटा से हो सकेंगे रू-ब-रू, कंप्यूटरीकरण होने से काम में आएगी पारदर्शिता।

फरीदाबाद केंद्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सुनील कुमार ने बताया कि जिला में सात पीएसीएस का कंप्यूटरीकरण होना है जिनमें से तीन पीएसीएस के लिए परचेज प्रपोजल भेज दिया गया और 4 का ऑडिट होना बाकी है। उन्होंने बताया कि पीएसीएस के कंप्यूटरीकरण के बाद किसानों को लोन प्राप्त करने में आसानी होगी और एक क्लिक में ही कंप्यूटर पर पैक्स के एक-एक डाटा से हो सकेंगे रू-ब-रू, कंप्यूटरीकरण होने से काम में आएगी पारदर्शिता। इसको लेकर प्रस्तावित पैक्स कंप्यूटरीकरण योजना के तहत नाबार्ड का भी समन्वय है और पैक्सों को नाबार्ड से भी फडिंग मिलती है।

इस बैठक में सहकारी बैंक फरीदाबाद के महाप्रबंधक सुनील कुमार, सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार राम कुमार, नाबार्ड के क्लस्टर अफसर मयंक प्रताप सिंह, नोडल ऑफिसर जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने नगर निगम से मांगा जबाव

**फरीदाबाद।** एनआईटी क्षेत्र के वार्ड नंबर 6, 7, 8 व 9 वार्डों में दूषित पेयजल की आपूर्ति किए जाने की शिकायत को हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लेते हुए नगर निगम प्रशासन से जवाब-तलबी की है। आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने मिली शिकायत पर संज्ञान लेते हुए फरीदाबाद नगर निगम के आयुक्त को नोटिस जारी करते हुए कहा है कि उक्त वार्डों के लोगों द्वारा मिली शिकायत पर वे जवाब दें।

वार्डों के निवासियों की शिकायत है कि निगम प्रशासन उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं करा रहा है। उसके बदले दूषित पानी की आपूर्ति के कारण लोग बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सामाजिक कार्यकर्ता संतोष यादव सहित अन्य लोगों ने मानवाधिकार आयोग को गत माह शिकायत भेजकर उनको मूल अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाते हुए लिखा है कि निगम प्रशासन उक्त वार्डों को अभी तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं करा पाया है।

# दीपक हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई-झगड़े व मारपीट के बाद इलाज के दौरान हुई दीपक की मृत्यु के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश की टीम ने मामले में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच द्वारा 19 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राहुल उर्फ बिल्लोरी न्यू जनता कॉलोनी एरिया का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियो के साथ मिलकर 26 जून की रात पुलिस चौकी एनआईटी 3 एरिया में लड़ाई झगडा हुआ था जिसमें आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 35 वर्षीय दीपक पर किसी रंजीश के चलते लाठी-डंडों से हमला किया था, जिसमें पीड़ित को काफी चोटें आई थी, पीड़ित युवक सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट था जिसकी 28 जून को मृत्यु हो गई।



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

पुलिस जांच में सामने आया कि रंजिश के चलते 26 जून की रात दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया जिसमें लाठी डंडों की चोट के कारण दीपक की हालत गंभीर हो गई।

दीपक को इलाज के लिए बीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान दीपक की मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा इस मामले में अभी तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 11 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसफार्मर ठीक करते समय कर्मचारी की करंट से मौत



ट्रांसफार्मर पर लटका कर्मचारी, नीचे मौके पर मौजूद पुलिस व अधिकारी।

**फरीदाबाद।** बिजली निगम के द्वारा कर्मचारियों को सुरक्षा के उपकरण नहीं दिए जा रहे है, जिससे आए दिन उनकी मौत के मामले सामने आते है। ऐसा ही एक मामला सेक्टर-58 ट्रांसपोर्ट नगर में सामने आया। जहां लाइन पर काम कर रहे कंट्रेक्टर कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद बिजली निगम के अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच करके मृतक के शव को ट्रांसफार्मर से उतार कर बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-58 में मंगलवार शाम को चार बजे बिजली कर्मचारी फिरोजपुर कलां निवासी 42 वर्षीय श्याम सुंदर ट्रांसफार्मर में आए फाल्ट को ठीक करने के लिए उस पर चढ़ गया। लेकिन फॉल्ट को ठीक करते समय किसी ने शटडाउन लाईन को चालू कर दिया। जिसके कारण श्याम सुंदर को करंट लग गया और उसकी ट्रांसफार्मर के ऊपर ही करंट लगने से मौत हो गई।

### मीटर रीडर को एसीबी ने किया चार हजार रिश्वत के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो हरियाणा) ने चार हजार की रिश्वत लेते हुए बिजली निगम के मीटर रीडर को बीती रात रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बिजली मीटर की लैब टेस्टिंग रुकवाने के नाम पर बीस हजार की मांग कर रहा था। फतेहपुर बिल्लौच निवासी शिकायतकर्ता बलबीर सिंह ने करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि उनका बिजली का मीटर कुछ दिनों पहले बिजली विभाग के कर्मचारी उखाड़ कर ले गए थे। मीटर रीडर रवि ने कहा कि मीटर के साथ छेड़छाड़ का शक है, इसे लैब में जांच के लिए भेजना पड़ेगा। जांच रिपोर्ट में कमी आने पर मोटा जुर्माना लगेगा। बलबीर ने मीटर रीडर से कहा कि उसने बिजली चोरी नहीं की है वह किसी पचड़े में नही पड़ना चाहता। आरोपी रवि ने उससे बीस हजार रुपए की मांग करते हुए 11 हजार रुपये मौके पर ही ले लिए। इसके बाद आरोपी ने चार हजार रुपए की ओर मांग की। बलबीर ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन विभाग को दे दी। सोमवार को सिंचाई विभाग के एसडीओ राकेश को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया और आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### महिला की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**फरीदाबाद।** एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक 32 वर्षीय महिला तीन बच्चों की मां थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बीके अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा दिया। मथुरा निवासी रमेश ने सिटी थाने दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बहन सुमन का विवाह जितेंद्र के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति और ससुराल के अन्य लोग महिला को प्रताड़ित करते थे। जिस कारण कई बार इस मामले को लेकर पंचायत भी हुई थी। मगर आरोपित ससुराल वालों अपना व्यवहार नहीं बदला। आरोप है कि मंगलवार सुबह ससुराल वालों ने मिलकर उसकी बहन की हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया। सिटी थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि इस मामले में पति, सास-ससुर, देवर और ननद के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मामला की स्पष्टता सामने आएगी कि यह हत्या या आत्महत्या का मामला है।

### गांजा की तस्करी में टेक्सी चालक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने नशा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शाहरुख तथा नदीम का नाम शामिल है। आरोपी शाहरुख यूपी के आगरा तथा आरोपी नदीम हापुड़ का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिटी बल्लभगढ़ एरिया से आरोपियों को गाड़ी में नशा तस्करी करते काबू किया। आरोपियों की रेनॉल्ट डस्टर गाड़ी में से 10.350 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपियों से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई जवाब नहीं दे सके जिसके पश्चात आरोपियों को थाने लाकर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों को अदालत में पेश करके उन्हें छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी टैक्सी चलाने का काम करते हैं और इसकी आड़ में नशा तस्करी का काम करते हैं।

### 10 साल से फरार चल रहा मीट तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने 10 वर्ष से फरार चल रहे गौमांस तस्कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम यूनुस खान है जो मेवात के अड़वर गांव का रहने वाला है। 10 वर्ष पहले जुलाई 2013 में क्राइम ब्रांच 48 की टीम ने गदपुरी हाईवे पर नाकाबंदी करके वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उस दौरान गोमास से भरा एक ट्रक नाका तोड़कर वहां से निकला और पुलिसकर्मियों को जान से मारने की नियत से उनके ऊपर फायर किया जो पुलिस पार्टी द्वारा जवाबी फायर करने पर गोली ट्रक के टायर में लगी जिसके पश्चात ट्रक थोड़ी दूर जाकर रुक गया। आरोपी ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। उस समय ट्रक में से 9845 किलोग्राम गोमांस व एक देसी तमंचा बरामद किया गया था। सेक्टर 58 थाने में इसके तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। फरवरी 2014 में अदालत ने आरोपी यूनिस को पीओ घोषित किया। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल कर रहने लगा जो राजस्थान यूपी हरियाणा दिल्ली इत्यादि क्षेत्र में नाम बदल बदल कर रहा था। पुलिस आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए सूत्रों की सूचना के आधार पर कल आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उस दिन अपने साथी शौकीन के साथ ट्रक में गोमांस भरकर उटावड़ से दिल्ली ले जा रहा था।

### सांसद खेल महोत्सव में सैनिक पब्लिक स्कूल के बच्चों का दबदबा

**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में सांसद खेल महोत्सव-टू फरीदाबाद 2022 का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सांसद खेल महोत्सव-टू का विधिवत शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव-टू में जूनियर और सीनियर विंग के लड़के व लड़कियों के वर्ग के लगभग छह हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। बॉक्सिंग में सैनिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने चार गोल्ड मेडल, दो सिल्वर मेडल व चार ब्रॉन्ज मेडल सहित 10 पदक प्राप्त किए वंश डांगी, ऋषि, धीरज ने गोल्ड मेडल दीपेंद्र, सिद्धार्थ ने सिल्वर मेडल व हितेश डागर, प्रीत सिद्धू, योगेंद्र, लक्की ने ब्रॉन्ज मेडल पर पंच मारा। इसी के साथ कुस्ती में हर्ष दलाल ने गोल्डन दाव लगाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। इस खेल महोत्सव को भव्य तरीके से आयोजित किया जा रहा है और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, लोंग जंप, ट्रिपल जंप, हाई जंप, रिले रेस शामिल हैं।

### 21 को जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता: देवेंद्र सिंह

**फरीदाबाद।** जिला खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग, हरियाणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च से 25 मार्च, 2023 के मध्य महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजित कराने के दिये गये आदेशों की पालना में जिला खेल विभाग फरीदाबाद द्वारा 21 मार्च को जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इस बारे जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी देवेन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि यह प्रतियोगिता महिलाओं के 18 वर्ष से नीचे तथा 18 वर्ष से ऊपर के आयुवर्ग में कराई जायेगी। जिसमें 18 वर्ष से नीचे तथा 18 वर्ष से ऊपर के आयुवर्ग में तीरंदाजी खेल इंडियन, कम्पाऊंड तथा रिकर्व इवेंट में शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्टेडियम, शाहपुर कलां में कराये जाएंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 15 मार्च, 2023



## महत्वपूर्ण उपलब्धि
### ऑस्कर पुरस्कार

**पहली बार** दो ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त करना भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 'एलीफैंट व्हिस्परर' को सर्वोत्तम संक्षिप्त डाक्यूमेंट्री तथा आरआरआर के गाने 'नाटु नाटु' को सर्वोत्तम मूल गीत का पुरस्कार मिला है। यह निश्चित रूप से भारतीय सिनेमा के लिए अच्छी खबर है। इससे हर भारतीय प्रसन्न होगा जिसका विश्वास है कि भारत की 'साफ्ट पावर' या सांस्कृतिक शक्ति की असीम संभावनायें हैं। दोनों पुरस्कार एक प्रकार से भारतीय विविधता का भी सम्मान हैं। एलीफैंट व्हिस्परर एक आदिवासी युगल- बोम्मन व बेल्ली के बारे में डाक्यूमेंट्री है जो अनाथ हो चुके हाथियों के दो बच्चों- रघु व अम्मू की देखभाल करते हैं जो बाद में उनके परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। दूसरी ओर आरआरआर-'राइज़, रोर, रिवोल्ट' नृत्य, नाटकीयता, संगीत व एक्शन से भरपूर दो क्रांतिकारियों की मित्रता की कहानी है जो 1920 के दशक में ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष करते हैं। स्वाभाविक रूप से ऑस्कर पुरस्कारों ने न केवल आरआरआर प्रशंसकों, बल्कि फिल्म जगत के प्रति आकर्षित लोगों में उत्साह भर दिया है। आरआरआर से जुड़ी आलिया भट्ट की इंस्टाग्राम पोस्ट उनका आनन्द प्रदर्शित करती है। आरआरआर में अभिनय करने वाले अजय देवगन ने ट्वीट किया, 'अक्सर कहा जाता है कि सिनेमा वैश्विक भाषा में बात करता है। आरआर तथा एलीफैंट व्हिस्परर टीमों को ऑस्कर पुरस्कारों के लिए मुबारकवाद। यह गर्व का अवसर है।' मुबारकवाद के संदेश लगातार आ रहे हैं क्योंकि ये पुरस्कार भारतीय कलाकारों की रचनात्मकता, धैर्य एवं प्रतिबद्धता की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति है। उन्होंने सिद्ध किया है कि तमाम बाधाओं के बावजूद मूल रचनात्मकता स्वयं सम्मानित होती है। वास्तव में पहली बार तीन भारतीय प्रोडक्शन अकादमी पुरस्कारों के लिए नामित हुए थे। मजेदार बात है कि अभिनेत्री दीपिका पादुकोण प्रस्तुतकर्ताओं के रूप में शामिल थीं। निश्चित रूप से यह समय भारतीय सिनेमा की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का है। इसके साथ-साथ यह सार्वजनिक बुद्धिजीवियों, फिल्म आलोचकों तथा इस क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों के विचार का विषय है कि वे देश में सिनेमा के भविष्य पर गौर करें। राजनेताओं, फिल्म निर्माताओं, अन्य कलाकारों तथा देश में इस क्षेत्र से जुड़े देश के सभी लोगों को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जो रचनात्मकता को बढ़ावा दे। परोक्ष रूप से ही सही, ये पुरस्कार दुनिया के सभी क्षेत्रों में भारत के बढ़ते कद तथा भारतीय सभ्यता व संस्कृति की बढ़ती लोकप्रियता के प्रतीक हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले सात-आठ साल में भारत को दुनिया भर में गरिमा प्रदान करने के प्रयासों का भी नतीजा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों फिल्मों की पूरी टीम को बधाई दी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने ट्वीट में लिखा है कि 'यह जीत वास्तव में भारतीय कला क्षेत्र में अमृत काल का प्रतीक है।' उल्लेखनीय है कि हाल ही में वैश्विक निवेश सम्मेलन के साथ ही उत्तर प्रदेश ने फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन देने के अभूतपूर्व प्रयास शुरू किए हैं जिनके प्रति प्रख्यात फिल्म निर्माताओं ने बहुत दिलचस्पी दिखाई है। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि दक्षिण भारत के अधिकांश निर्माता-निर्देशकों ने भारतीय परंपरा व प्राचीन संस्कृति का हमेशा गौरव-गान किया है। आरआरआर को आस्कर मिलने से प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध उत्तर प्रदेश में फिल्म निर्माण को और गति मिलने की संभावनायें उजागर हुई हैं।




# खुदरा व्यापार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

खुदरा व्यापार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई की अनुमति उपभोक्ताओं के हित में है। इससे खुदरा व्यापारियों में स्वस्थ प्रतियोगिता प्रोत्साहित होगी।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



उपभोक्ताओं तथा व्यापारियों ने ई-कामर्स मार्केटप्लेस, जैसे अमेजन व फ्लिपकार्ट द्वारा 'व्यापक धोखाधड़ी व अनुचित व्यापार व्यवहारों' की शिकायतें की हैं। इसके बाद संभवत: केन्द्र सरकार उपभोक्ता संरक्षण कानूनों में परिवर्तन कर इन फर्मों पर कुछ प्रतिबंध लगाना चाहती है। इनको 1. अपने मंचों से निजी लेबिलों की बिक्री, 2. विक्रेता द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी का उनको जिम्मेदार ठहराने तथा 3. सप्लाई-श्रृंखला प्रबंधन के लिए उनकी लाजिस्टिक श्रृंखला पर प्रतिबंध पर विचार कर रही है। मार्केटप्लेस ऐसा मंच है जहां विक्रेता अपने उत्पाद उपभोक्ताओं को बेच सकते हैं, जबकि उसका स्वामी केवल फैसिलिटेटर की भूमिका अदा करता है जिसमें आर्डर बुक करना, इन्वायस तैयार करना, डिलीवरी की व्यवस्था करना, भुगतान प्राप्त करना, वापसी स्वीकार करना, आदि शामिल हैं। उसे इन्वेंटरी रोकने या सीधे बिक्री करने की अनुमति नहीं है। 2016 के प्रारंभ में जारी दिशानिर्देशों के अनुसार सरकार ने मार्केटप्लेस माडल में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई की अनुमति दी थी।

अमेजन व फ्लिपकार्ट इस माडल के अंतर्गत आते हैं और उन्होंने कुल मिला कर सप्लाई-श्रृंखला लाजिस्टिक्स में 10 बिलियन डालर से अधिक निवेश किया है। उन्होंने अनेक ऐसे व्यवहार अपनाए हैं जो उनके मंचों पर विक्रेताओं तथा उपभोक्ताओं के लिए भी हानिकारक हैं। इन सरोकारों को संबोधित करने के लिए 23 जनवरी, 2020 को उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत उपभोक्ता मामलों के विभाग-डीसीए ने उपभोक्ता संरक्षण कानून, 2019 की धारा 101 के अंतर्गत उपभोक्ता संरक्षण ई-कामर्स नियम जारी किए। इन नियमों के अंतर्गत संबंधित उद्यमों को मार्केटप्लेस पर बिक्री से प्रतिबंधित करने के साथ ही 'फ्लैश सेल' को सीमित किया था जिसमें भारी छूट पर फौरन बिक्री की अनुमति समयबद्ध सेल आफरों पर की जाती है। इसके अलावा विक्रेताओं को अपनी वस्तुओं के प्रमोशन के लिए ई-कामर्स मार्केप्लेस उद्यमों से जुड़े ब्रांड व नाम प्रयोग करने की अनुमति नहीं थी। 21 जून, 2021 को डीसीए ने इन नियमों में संशोधन कर ई-कामर्स में बिजनेस टु बिजनेस या बी2बी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया तथा ई-कामर्स फर्मों द्वारा 'प्रमुख स्थिति के दुरुपयोग' को रोकने के लिए एक प्राविधान शामिल किया। सरकार ने इन संशोधनों पर हितधारकों की राय मांगी। इन प्राविधानों को लागू नहीं किया गया क्योंकि अंतर-मंत्रालयी विचार विमर्श के दौरान एफडीआई संबंधी मुद्दों पर नोडल अथारिटी डिपार्टमेंट आफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड-डीपीआईआईटी ने चिन्ता प्रकट की कि नियमों में कुछ परिवर्तन उपभोक्ता संरक्षण से आगे जाते हैं और इससे क्षेत्र में विदेशी निवेश का प्रवाह बाधित होगा। इससे वर्तमान निवेश प्रभावित होने की आशंका भी थी।

अब इन संशोधनों को पुनर्जीवित किया गया है तथा इस सूची में कुछ और प्राविधान भी जोड़े गए हैं जो विशाल ई-कामर्स कंपनियों को सप्लाई-श्रृंखला में अपनी लाजिस्टिक्स बनाने से रोकते हैं। लेकिन इस बार भी संशोधनों के तार्किक परिणति तक पहुंचने की उम्मीद कम है। इससे चीजें अधर में लटकी रहेंगी। सरकार ने मार्केटप्लेस में एफडीआई की अनुमति देते हुए कुछ लूपहोल छोड़ दिए हैं जिनके कारण रास्ता ठीक करने में बाधा आ रही है। 2016 में ई-कामर्स में एफडीआई की अनुमति देते हुए उसने दो शर्तें लगाई थीं। पहला, उद्यम को मार्केटप्लेस में अपनी कुल बिक्री का 25 प्रतिशत से अधिक एक वेंडर या समूह कंपनियों से लेने पर प्रतिबंध था। दूसरा, वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बिक्री मूल्य प्रभावित नहीं कर सकती थी।

जहां तक दूसरी शर्त का सवाल है, यह स्थापित करना आसान नहीं है कि मार्केटप्लेस स्वामी ने बिक्री मूल्य प्रभावित किया है। अमेजन ने इन्फोसिस के मालिक नारायण मूर्ति के स्वामित्व वाले भारतीय उद्यम के सहयोग से एक संयुक्त उद्यम जेवी प्रियोन बिजनेस सर्विसेज़-पीबीएस स्थापित किया है। पीबीएस एक फर्म क्लाउडटेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का भी स्वामी है जिसे अमेजन मार्केटप्लेस पर बिक्री में वरीयता मिलती है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर स्पष्ट होता है कि विदेशी उद्यम प्रतियोगिता-विरोधी व्यवहार में संलिप्त हैं। इनमें संबंधित विक्रेताओं में वरीयता देना, भारी छूट, प्रभुत्व वाले प्राविधान का दुरुपयोग, आदि शामिल हैं। इस प्रकार मार्केटप्लेस मंचों के स्वामी 2016 के दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं।

जहां तक एफडीआई का संबंध है, अमेजन व अन्य कुछ गलत नहीं कर रहे हैं। 26 दिसंबर, 2018 को वाणिज्य मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा था, 'मार्केटप्लेस या उसकी सहायक या किसी भारतीय कंपनी के साथ उसकी जेवी विक्रेता की स्वामी नहीं हो सकती है। मंच पर कोई विक्रेता अपनी इन्वेंटरी का 25 प्रतिशत से अधिक उससे जुड़ी फर्म से नहीं प्राप्त कर सकता है।' लेकिन मार्केटप्लेस स्वामी दोनों स्पष्टीकरणों को अनदेखा कर सकते हैं। वे विक्रेता फर्म में अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम रख सकते हैं तथा अपनी थोक शाखा द्वारा विक्रेता से सप्लाई को 25 प्रतिशत की सीमा में रख सकते हैं। इन स्पष्टीकरणों से विशाल ई-कामर्स कंपनियों पर कोई लगाम नहीं लगी और वे छोटे व्यापारियों की कीमत पर उपभोक्ताओं को बिक्री करते रहे। उदाहरण के लिए, अमेजन मंच पर शामिल लगभग 400,000 विक्रेताओं में से केवल तीन दर्जन फर्में कुल बिक्री की 67 प्रतिशत की जिम्मेदार हैं।

सरकार से प्रार्थना करने के साथ ही छोटे विक्रेताओं व व्यापारियों ने कानून का रास्ता भी अपनाया। दिल्ली व्यापार महासंघ-डीवीएम ने 13 जनवरी, 2020 को भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई में शिकायत की कि अमेजन सेलर सर्विसेज़ तथा फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्रतियोगिता-विरोधी व्यवहार कर रही हैं। इस शिकायत की बहुत चर्चा हुई। डीवीएम ने तर्क दिया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट ने स्मार्टफोन निर्माताओं से विशिष्ट बिक्री समझौते किए हैं कि वे कुछ फोन वरीयता प्राप्त विक्रेताओं के माध्यम से बेचेंगे। यह आरोप भी लगाया गया कि उच्च सर्च रैंकिंग देकर कुछ विक्रेताओं को फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ व अमेजन की प्राइम डे में वरीयता दी जा रही है। सीसीआई ने डीवीएम के तर्कों से सहमति जताते हुए जांच का आदेश दिया। लेकिन अमेजन और फ्लिपकार्ट ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में तर्क देकर सीसीआई का आदेश रद्द कराने की अपील की। उच्च न्यायालय ने इसे रद्द करने से इनकार किया जिस पर दोनों कंपनियों ने इस आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। अगस्त, 2021 को सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी प्रार्थनायें रद्द कर आदेश दिया कि 'सीसीआई महानिदेशक जांच पूरी कर आयोग को उसके नतीजे पेश करेंगे और वही अंतिम आदेश देगा।'

यदि, सीसीआई-महानिदेशक यह स्थापित कर देते हैं कि अमेजन ने प्रतियोगिता-विरोधी व्यवहार अपनाया तो भ्ज्ञी यह मामला अनन्त मुकदमेबाजी तक पहुंच जाएगा। ऐसे में इस मुद्दे का समाधान सरकार के अलावा कोई और नहीं कर सकता है। सरकार उन नियमों में व्यापक बदलाव नहीं कर सकती है जिनको लागू करने का इरादा उसने 2021 में संशोधनों के माध्यम से व्यक्त किया है क्योंकि यह 2016 के दिशानिर्देश उलटने के समान होगा। इसे नीतियों में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन के रूप में देखा जाएगा और यह विदेशी निवेशकों को गलत संकेत देगा। लेकिन यदि वह यथास्थिति बनाए रखती है तो खुदरा विक्रेताओं व छोटे व्यापारियों को लगातार कठिन स्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

सरकार मार्केटप्लेस के झंझट से निकल कर आनलाइन खुदरा व्यापार में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई की अनुमति दे सकती है। वह बिना किसी शर्त के आफलाइन खुदरा व्यापार में भी 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दे सकती है। वर्तमान समय में अनेक जटिल शर्तों के साथ इस क्षेत्र में केवल 51 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति है। इन कदमों से सभी आनलाइन या आफलाइन खुदरा व्यापारी एक दूसरे से समान शर्तों पर प्रतियोगिता की स्थिति में आ जाएंगे, चाहे वे छोटे हों या बड़े।

# क्वाड द्वारा आतंकवाद से मुकाबला

**सुधीर हिंदवान**
(लेखक, राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर हैं)



आतंकवाद आज एक गंभीरतम वैश्विक समस्या बन गया है। आतंकवाद की समस्या के स्थाई समाधान के लिए बहुआयामी नीतिगत पहलों की आवश्यकता है जिसमें 'पुरस्कार व दंड', यानी कैरट एंड स्टिक नीति को आधार बनाया जाना चाहिए। भारत-अमेरिका-आस्ट्रेलिया व जापान द्वारा गठित 'क्वाड' आतंकवाद के बढ़ते शिकंजे का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके लिए राजनयिक मोर्चे पर समन्वय व संवाद तथा टकराव वाली स्थितियों के समाधान वाले प्रयासों का प्रमुख स्थान है। लेकिन इतिहास से हमें यह सबक मिलता है कि केवल ऐसे प्रयास ही काफी नहीं होंगे। दूसरी ओर धीरे-धीरे उग्रवाद की उभरती लहर पर नियंत्रण में सफलता न मिलने से निराशा बढ़ रही है। इसके कारण विरोध अनेक रूपों में सामने आ रहा है तथा सरकारों पर कठोर कदम उठाने का दबाव बढ़ रहा है। इन कारणों से आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयों में लगे सुरक्षा बलों के सामने पेश हो रही चुनौतियां दिमाग चकराने वाली हो रही हैं। ईराक में बलों की लोकप्रिय लामबंदी-पीएमएफ जैसे प्रयास किए जा सकते हैं जिसे आईएसआईएस के खिलाफ पीएमएफ कहा जा रहा है। ऐसे प्रयासों से क्षेत्र में विद्रोह व उग्रवाद के खिलाफ जनता की राय मजबूत तरीके से एकजुट की जा सकती है।

किसी भी देश के जीवित बचे रहने के लिए आतंकवाद का सफाया सर्वोच्च प्राथमिकता हो गई है। लेकिन सामाजिक व राजनीतिक समाधान खोजे बिना ऐसा करना लगभग असंभव है। आतंकवाद से निपटने के लिए गहरे विचार-विमर्श की जरूरत है जिससे आतंकवाद को पैदा करने वाली समस्याओं का समाधान करने में सहायता मिलेगी। आतंकवाद से प्रभावित देशों को विवादों के बातचीत पर आधारित समाधानों पर जोर देना चहिए। इसके साथ ही उनको लंबे समय से जारी समस्याओं के समाधान के लिए वास्तविक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करनी चाहिए। इस खतरे का मुकाबला करने के लिए नई व्यवस्था के विकास व उसमें प्रशिक्षण की जरूरत होगी जिससे 'नियंत्रणों व संतुलनों' के प्रति बहुआयामी व बह-स्तरीय दृष्टिकोण अपनाया जा सके। आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए कुछ सवालों का तत्काल जवाब देने की आवश्यकता है। सवाल है कि आज दुनिया तथा खासकर भारत के सामने नई आतंकवादी चुनौतियां क्या हैं? आतंकवादी अपने लक्ष्य में सफल क्यों होते हैं? तथा आतंकवादियों को प्रेरित करने में धर्म क्या भूमिका निभाता है? इस संबंध में आतंकवादियों के 'आत्मघाती' दस्तों का गहन विश्लेषण जरूरी है। हमें यह विश्लेषण करने की आवश्यकता है कि क्या फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन व भारत में हालिया वर्षों में हुए ऐसे आत्मघाती आतंकी हमलों से बचा जा सकता था? सवाल यह भी है कि आतंकवादियों से निपटने के लिए हमारे पास कौन से विधिक व संवैधानिक प्राविधान मौजूद हैं?

विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा आतंकवाद के दमन के लिए समान रणनीति बनाने में लगातार बढ़ती खाई का गहन परीक्षण करना जरूरी हो गया है। इसके साथ ही हमें आतंकवाद के दमन के लिए कुछ रणनीतिक उपायों पर भी विचार करना चाहिए जो इस विभीषिका से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय रणनीति बनाने का आधार हो सकते हैं। इस संबंध में विभिन्न देशों द्वारा समग्र समन्वय अत्यधिक लाभदायक हो सकता है। हमें ऐसे रणनीतिक तरीकों पर विचार करना चाहिए जिनका प्रयोग सुरक्षा बल तथा खुफिया एजेंसियां कर सकती हैं। इन तरीकों के विकास से हम बाजारों, ट्रेनों, शापिंग सेंटरों, सिनेमा हालों, होटलों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले छिटपुट हमलों से निपट सकते हैं।

क्वाड समूह के देश अच्छी तरह जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद बहुआयामी है और इससे निपटने के लिए ताजा दृष्टिकोण की जरूरत है। जब तक हम आतंकवाद नामक वैश्विक बीमारी की जड़ों पर प्रहार नहीं करेंगे, तब तक यह हमें पीड़ित करती रहेगी। आतंकवाद-विरोधी अभियान के लिए शुद्ध सुरक्षा रणनीति के दृष्टिकोण से इन प्रमुख मुद्दों पर विचार करना होगा। हमें क्षेत्र में आतंकवाद की बढ़ती लहर तथा उसके संपर्कों के बारे में विचार करना होगा। इसके साथ ही आतंक के खिलाफ युद्ध में संभावित क्षमताओं तथा बाधाओं का आंकलन भी जरूरी होगा ताकि इनसे निपटने के लिए तत्काल कार्ययोजनाओं पर काम किया जा सके। संपूर्ण परिवेश के लिए सुरक्षा एजेंडा बनाने हेतु सुरक्षा के अनेक स्तरों के गठन के साथ स्थानीय शक्तिशाली सिंडिकेटों, बाहरी लोगों तथा नशीले पदार्थों की स्मगलिंग करने वालों के बीच गठजोड़ पर गौर करना होगा। क्षेत्र की परोक्ष समस्याओं को संबोधित करने के लिए अत्यधिक सटीक तथा सचेतन रूप से भावनात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा ताकि सीमापार से आतंक को बढ़ावा देने वाली शक्तियों की योजनाओं को विफल किया जा सके।

आतंकवाद को बढ़ावा देने में कुछ शक्तियों के निहित स्वार्थ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इन पर गहरी नजर रखने की जरूरत है। इस पूरी प्रक्रिया में नीतिगत विश्लेषण का बहुत महत्वपूर्ण है। हमें सिद्धान्त व व्यवहार के बीच वर्तमान खाई पाटने के लिए एक खोजी तथा वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। यह बात क्षेत्र की क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों पर खासतौर से लागू होती है। सेना तथा स्थानीय पुलिस की सहायता करने वाले और अधिक समन्वित कार्यक्रमों व सेवाओं की आवश्यकता है। अक्सर सेना व पुलिस की कार्रवाइयों को गलत ढंग से पेश कर आतंकवाद-विरोधी युद्ध को कमजोर करने के प्रयास होते हैं। इन सहायक संगठनों की सहायता से सेना और पुलिस वर्तमान परिस्थितियों में आतंक के प्रचार के सबसे बुरे रूपों से निपटने में सक्षम हो सकते हैं। दुनिया में बढ़ती असमानता भी आतंकवादी विचाराधाराओं के प्रसार में खाद-पानी का काम करती है। क्वाड देशों को आंतरिक व बाहरी समर्थन से अपने देशों के सभी समाजों के सामुदायिक विकास पर खास ध्यान देना चाहिए ताकि स्थानीय समुदायों में समृद्धि आ सके। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि लगातार बढ़ती वैश्वीकृत दुनिया में कभी-कभी सत्ता के संजाल विभिन्न देशों में असंतुलित विकास का कारण बन सकते हैं।

इसके साथ ही यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का ढांचा भी किसी देश में समतावादी विकास के बजाय सामाजिक-आर्थिक असंतुलन पैदा कर सकता है। आज अनेक विकृत आर्थिक नीतियों के चलते दुनिया के विभिन्न हिस्सों की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में असमानता बढ़ रही है जिससे आतंकवाद की समस्या को मनोवैज्ञानिक आहार मिल जाता है तथा गैर-राज्य कारकों को बल मिलता है। इसलिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को समग्र रूप से आगे बढ़ाने के लिए सच्चाई से परे व गलत विचारधारायें पैदा करने वालों के खिलाफ अवधारणात्मक संघर्ष की भी बहुत जरूरत है। आतंकवाद से संघर्ष की प्रक्रिया में लगातार बुद्धिमत्ता व अनुभवों के हस्तांतरण तथा प्राप्त विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की आवश्यकता है। आतंकवादियों की रणनीतियों का मुकाबला करने के लिए एक 'थिंक टैंक' द्वारा तैयार रणनीतियां अत्यधिक लाभदायक हो सकती हैं।

घुसपैठिये आतंकियों के मिशनों तथा उनकी संज्ञानात्मक गतिविधियों का पता लगाने व उनका जवाब देने के लिए उनकी बदलती रणनीतियों का लगातार ज्ञान होना चाहिए। इसके लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाली विभिन्न एजेंसियों तथा उनकी शाखाओं के बीच लगातार संवाद व विचारों का आदान-प्रदान बहुत जरूरी है।

इस प्रकार दिन-प्रतिदिन के संवाद के लिए तत्काल समन्वित कार्यक्रमों व सेवाओं की आवश्यकता है। इससे सेना व स्थानीय पुलिस को काफी सहायता मिलेगी। और वे वर्तमान परिस्थितियों में आतंकवाद के सर्वाधिक बुरे रूप 'प्रचार आतंक' से निपटने में सक्षम हो सकेंगी।

## आप की बात

### शक्तिशाली भारत

**अमेरिकन** खुफिया एजेंसी ने अपने विधि निर्माताओं को पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि आज भारत अतीत की तुलना में पाकिस्तान से पैदा संभावित या असली उकसावे पर कठोर सैनिक प्रतिक्रिया व्यक्त करने का माद्दा रखता है। अब भारत पाक- प्रायोजित आतंकवाद की निंदा मात्र करने तक ही सीमित नहीं रहता बल्कि तुरंत सैनिक कार्यवाही करता है। भारत ने बालाकोट आतंकी हमले का जवाब पुलवामा में दिया था। पाकिस्तान दुनिया में जिहाद की फैक्ट्री है और वह सारी दुनिया भर के आतंकियों को प्रशिक्षण एवं पैसा देता रहता है। आज भारत आतंकी स्लीपर सेलों को समाप्त करने तथा आतंकी फंडिंग राष्ट्रीय सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने के बाद भी भारत में कभी अपने पड़ोसियों के प्रति आक्रामकता नहीं दिखलाई है। लेकिन जब उरी आतंकी हमले में 18 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे तब तुरंत ही भारतीय सेना ने भी 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान के सैकड़ों आतंकियों को ढेर कर दिया था। अमेरिकन खुफिया एजेंसी द्वारा शक्तिशाली भारत की असलियत स्वीकारने से पाकिस्तान व चीन को सबक लेना चाहिए। दुनिया में उभरती महाशक्ति के रूप में भारत पड़ोसियों के षडयंत्रों का जवाब देने को पूरी तरह तैयार है।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

### भारत-विरोधी राहुल गांधी

**राहुल गांधी** द्वारा विदेशी धरती पर भारतीय सदन व भारत के बारे में व्यक्त विचारों से आहत होकर सदन में उनसे माफी की मांग की गई। जिस पर जमकर हंगामा शुरू हुआ और अंतत: सदन को स्थगित करना पड़ा। राहुल गांधी द्वारा ऐसा कार्य कोई पहली बार नहीं किया गया है। उनके हर ऐसे बयान का खामियाजा कांग्रेस पार्टी भुगत रही है। फिर भी यदि वे इन बेसिर पैर की बातों से खुद को विश्वस्तरीय नेता बनाने पर आमादा है तो बेहतर यही है कि उनके बयानों को नजरअंदाज किया जाए या फिर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति व उप-राष्ट्रपति ने राहुल की सदन में माइक बंद करने की बात का खंडन किया है। भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने तो सदन के बाहर उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने का आह्वान भी किया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ ही सबसे पुराना लोकतंत्र भी है। ऐसे में केवल एक पार्टी का बड़ा नेता होने के नाते किसी को यह अधिकार नहीं मिल जाता कि वह अपनी परेशानियों या सनक के चलते देश की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिलाने का काम करे।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### लापरवाह बाइडेन

**क्या** कुछ नेताओं का जन्म ही हुआ है झूठ बोलने एवं मनगढंत वादों का बौछार करने के लिए? दुनिया का करीब-करीब हर बड़ा देश जलवायु सम्मेलन में यह प्रण कर चूका है कि वे आज से 20 या 30 साल के अंदर जीवाश्म ईंधन को अलविदा कहकर पूरी तरह नवीकरणीय ऊर्जा का विकास कर लेंगे ताकि कार्बन उत्सर्जन को शून्य पर लाया जा सके। अमेरिका ने 2035 तक 100 प्रतिशत स्वच्छ बिजली का लक्ष्य निर्धारित किया है तथा 2050 तक शून्य उत्सर्जन भी प्राप्त कर लेने की बात कही है। मगर 13 मार्च को इस वादे के ठीक उलट राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अलास्का में एक विवादास्पद ड्रिलिंग परियोजना को मंजूरी दे दी है जिससे रोज 1 लाख 80 हज़ार बैरल कच्चा तेल निकाला जा सकेगा। इसका पर्यावरणविदों व अलास्का के मूल निवासी समुदायों ने कड़ा विरोध किया है। उनके अनुसार यह जलवायु परिवर्तन को गति देगा व खाद्य सुरक्षा कमजोर करेगा। हाल में अमेरिका में भयावह बाढ़ व सूखे का संकट झेला है। इसके बावजूद ऐसी आत्मघाती घोषणाओं से जलवायु संकट की चिन्ता बाइडेन को नहीं है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।


## फरमाया



**इन्वेस्टर्स** समिट में मिले 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के आने में सुरक्षा के माहौल के साथ बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर की बड़ी भूमिका है।
– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

**उत्तर** प्रदेश की सड़कें हम अमेरिका की बराबरी करेंगी और उसी दिशा में हमारा प्रयास चल रहा है।
– **नितिन गडकरी**
केंद्रीय मंत्री





**भाजपा** सरकार ने अपने घपले, घोटाले तथा भ्रष्टाचार और नाकामी छिपाने व विपक्षी दलों के नेताओं की छवि को खराब करने के लिए ईडी और सीबीआई को हथियार बना लिया है।
– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष

# सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों को शहर के विकास से जोड़ा जाए

## सीएम के समक्ष किया गया यूपी टाउनशिप नीति-2023 का प्रस्तुतिकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने यूपी की नई टाउनशिप नीति-2023 के प्रस्तुतिकरण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरों के नियोजन में स्थानीय सम्भावनाओं के अनुरूप आर्थिक गतिविधियों के विकास का प्राविधान किया जाए। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को शहर के विकास से जोड़ा जाए। टाउनशिप के नियोजन में सॉलिड वेस्ट डिस्पोजल के सम्बन्ध में नेट जीरो वेस्ट का अनुपालन किया जाए। नगर नियोजन की कार्यवाही कार्बन न्यूट्रल के सिद्धान्त के आधार पर की जाए।

प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 6 वर्षों के दौरान प्रदेश में सुनियोजित शहरीकरण तेजी से बढ़ा है। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसे और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मन्दिर बन रहा है। देश के विभिन्न राज्यों की सरकारों तथा धार्मिक संगठनों द्वारा अयोध्या में अपने भवन, आश्रम, धर्मशाला आदि के निर्माण के लिए भूमि के लिए अनुरोध किया जा रहा है। आवंटन की कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आवंटित की जाने वाली भूमि के लिए बेहतर कनेक्टिविटी का प्राविधान किया जाए। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय क्षेत्रों के सुव्यवस्थित विकास तथा इनमें ईज़ ऑफलिविंग का स्तर बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास कर रही है। शहरों के नियोजित एवं सुस्थिर विकास के लिए आवास एवं उससे सम्बद्ध अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा समाज के विभिन्न वर्गो को उनकी आर्थिक क्षमतानुसार आवास की सुविधा मुहैया कराना आवश्यक है। नई टाउनशिप नीति के निर्धारण के पूर्व पहले की नीतियों का पुनरावलोकन कर उनके क्रियान्वयन में बाधक बिन्दुओं का अध्ययन एवं निराकरण कर लिया जाए। इस कार्य में अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करते हुए उनके उपयोगी प्राविधानों का अंगीकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति में यह ध्यान रखा जाए कि विकसित की जाने वाली टाउनशिप में सभी भौतिक और सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं के साथ-साथ रहने, कार्य करने तथा मनोरंजन सुविधाओं का एकीकृत रूप से प्राविधान हो। टाउनशिप में विकसित किये जाने वाले पार्कों, हरित पट्टियों में बागवानी के लिए जल संरक्षण के दृष्टिगत टर्शरी ट्रीटेड जल का उपयोग किया जाए।

पार्कों के पास शॉपिंग कॉम्पलेक्स, पुलिस स्टेशन तथा पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था हो जिससे पार्क में आने वाले लोगों को सुरक्षा की अनुभूति हो तथा उन्हें आवश्यकतानुसार शॉपिंग की सुविधा भी मिले। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण सहित आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पारिवारिक समारोह में की शिरकत

# वित्त मंत्री से मिलकर वित्त व लेखा सेवा संघ ने दिया ज्ञापन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से निशान्त उपाध्याय की अध्यक्षता में वित्त एवं लेखा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने भेंट की और अपने मांग पत्र उन्हें सौंपी। संघ की मांगों में वेतनमान 5400 से 6600 ग्रेड पे में पदोन्नति, सेवा नियमावली में संशोधन, लम्बित एसीपी, ऑनलाइन एसीआर और अद्यतन वरिष्ठता सूची जारी किये जाने सहित कई मुद्दे शामिल हैं। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने संघ के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी यथोचित मांगों पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया जायेगा और यथासंभव शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के कार्य सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से चलते रहें, इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मनोबल उच्च रहना चाहिए। यदि उनकी कोई जायज मांग है तो उसे अवश्य पूरा किया जाना चाहिए।

# दूसरे चरण की ई-लाटरी से हुआ 150 देशी व 128 विदेशी शराब की दुकानों का व्यवस्थापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि देशी मदिरा की 311, विदेशी मदिरा की 305, बीयर की 45, भांग की 238 दुकानों तथा 32 मॉडल शॉप्स के व्यवस्थापन के लिए द्वितीय चरण की ई-लाटरी 14 मार्च को प्रदेश के 60 जिलों में एनआईसी राज्य स्तरीय इकाई एवं जिला स्तरीय इकाईयों के विशेषज्ञों के तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन में सम्पादित की गई। इसमें देशी मदिरा की 150, विदेशी मदिरा की 128, बीयर की 26, भांग की 27 दुकानों तथा 16 मॉडल शॉप का व्यवस्थापन हुआ। इन दुकानों के व्यवस्थापन से लगभग 60 करोड़ रुपए की लाइसेंस फीस राज्य सरकार को प्राप्त होगी। देशी मदिरा की व्यवस्थित हुई 150 दुकानों में लगभग 64.10 लाख बल्क लीटर कोटा व्यवस्थित हुआ। ई-लॉटरी के द्वितीय चरण में विज्ञापित दुकानों पर कुल 831 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जिससे राज्य सरकार को प्रोसेसिंग फीस के रूप में लगभग 2.64 रुपया करोड़ प्राप्त हुआ। अवशेष 584 दुकानों का व्यवस्थापन ई-लॉटरी के तृतीय चरण में सम्पन्न कराया जायेगा।

# 25 मार्च को पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा योगी 2.0 का पहला साल

● लोकभवन में योगी डिप्टी सीएम के संग बताएंगे अपने कार्यकाल की उपलब्धि

6 साल 6 दिन के सीएम हो जाएंगे योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला साल 25 मार्च को पूरे प्रदेश में धूम-धाम से मनाया जाएगा। संगठन और सरकार ने इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। 25 मार्च को मुख्यमंत्री लोकभवन में अपने दोनों डिप्टी सीएम के साथ प्रेस कान्फ्रेंस के जरिए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को बताएंगे। पहली बार भाजपा की सरकार उप्र में दूसरी बार चुनकर आई है। साथ ही योगी आदित्यनाथ लगातार सबसे ज्यादा समय तक उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। योगी 2.0 का पहला वर्ष पूरा होते ही योगी 6 साल 6 दिन के सीएम हो जाएंगे। जनपदों में प्रभारी मंत्रियों के नेतृत्व में पत्रकार वार्ताएं आयोजित की जाएंगी।

इस दौरान सीएम योगी अपनी सरकार की छह साल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखेंगे। सीएम योगी अपनी सरकार के छह वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में आए बदलावों के बारे में बताएंगे। साथ ही बेहतर हुई कानून व्यवस्था से प्रदेश में बने निवेश अनुकूल माहौल और उनसे सृजित होने वाले रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों बारे में जानकारी देंगे। जनपदों में प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री अपना प्रभार वाले जिले में उपस्थित रहेंगे जहां वह मुख्यमंत्री की प्रेस कांफ्रेंस के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे। उनके साथ स्थानीय सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह भाजपा सरकार के छह साल में जनपद में कराए गए विकास कार्यों को गिनाएंगे। इसके अलावा जनपदों में आयोजित होने वाले प्रेस कांफ्रेंस में जिन जिलों में प्रभारी मंत्री उपस्थित नहीं होंगे वहां सांसद राज्य सभा, सांसद लोक सभा, विधायक, विधान परिषद, सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की करेंगे। पिछले साल हुए विधनसभा चुनाव में भाजपा 255 सीटें जीतकर दूसरी बार सत्ता में आई थी। जिसके बाद 25 मार्च को योगी आदित्यनाथ ने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# एमएसपी पर सरसों, चना व मसूर क्रय करने का लक्ष्य तय

● पहली अप्रैल से प्रारंभ होगी खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार ने राई, सरसों, चना और मसूर की खरीद के लिए क्रय केंद्र स्थापित कर दिए हैं। सरसों का समर्थन मूल्य 5450 रुपए प्रति कुंतल तय किया गया है जबकि चना का समर्थन मूल्य सरकार ने 5335 रुपए प्रति कुंतल और मसूर का समर्थन मूल्य 6000 रुपए प्रति कुंतल तय किया गया है। इस वर्ष प्रदेश सरकार ने 3.94 लाख मिट्रिक टन सरसों, 2.12 मिट्रिक टन चना, 1.49 मिट्रिक टन मसूर क्रय करने का लक्ष्य रखा है। यह खरीददारी एक अप्रैल से शुरू हो जाएगी। यह जानकारी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को कृषि निदेशालय में हुई प्रेसवार्ता के दौरान दी।

कृषि मंत्री ने बताया कि योगी सरकार हर वक्त किसानों के हित की बात सोचती है। उन्होंने आलू किसानों के परेशानी के मुद्दे पर याद दिलाया कि योगी सरकार ने ही पहली बार 2017 में सरकार द्वारा आलू खरीद की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था खरीदारी के लिए नहीं, बल्कि बाजार हस्तक्षेप के लिए किया जाता है, जिससे न्यूनतम मूल्य से कम मूल्य किसानों को न मिले। इससे बाजार भाव बढ़ जाता है और किसानों को फायदा पहुंचता है। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जायद के सीजन में ज्वार, बाजरा, मक्का के आच्छादन के लिए, संकर बीजों पर कुल 1500 रुपए प्रति कुंतल अनुदान एवं अधिकतम 50 प्रतिशत की धनराशि अनुमन्य की गयी है।

# आज जौनपुर जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** के निर्देशानुसार पार्टी का 9 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल 5 मार्च 2023 को जनपद जौनपुर जाएगा। जौनपुर के ग्राम लोहिन्दा हटिया रामनाथ, थाना सुजानगंज में कमाल हुसैन की हुई हत्या की जानकारी लेने, घायलों एवं पीड़ित परिवार से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल ग्राम लोहिन्दा हटिया रामनाथ जनपद जौनपुर पहुंचेगा। प्रतिनिधिमंडल में शैलेन्द्र यादव ललई पूर्व मंत्री, तूफानी सरोज विधायक, लकी यादव विधायक, पंकज पटेल विधायक, राम सिंह पटेल विधायक, डॉ. रागिनी सोनकर विधायक, ओम प्रकाश दूबे पूर्व विधायक, लाल बहादुर यादव निवर्तमान जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं हिसामुद्दीन शाह निवर्तमान जिला महासचिव समाजवादी पार्टी शामिल है।

# अभिलेखों की संवीक्षा व खेल कौशल परीक्षण कार्यक्रम जारी

● सिपाही के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती-2022

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती-2022 की प्रक्रिया तेजी से चलाई जा रही है। भर्ती बोर्ड ने इसी क्रम में कुश्ती एवं जिम्नास्टिक खेल विधा के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल के परीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। कुश्ती का परीक्षण 19 मार्च से और जिमनास्टिक खेल का परीक्षण 23 मार्च से प्रारंभ होगा।

भर्ती बोर्ड के अपर सचिव ने बताया कि कुश्ती एवं जिम्नास्टिक खेल विधा के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुश्ती के परीक्षण के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण, लखनऊ, रीजनल सेंटर, कानपुर रोड को स्थल निर्धारित किया गया है। आगामी 19 मार्च से 21 मार्च तक सुबह साढ़े सात बजे से अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल का परीक्षण होगा। इसी प्रकार जिम्नास्टिक के लिए खेल गांव पब्लिक स्कूल, प्रयागराज को स्थल निर्धारित किया गया है। जहां 23 और 24 मार्च को दो दिन सुबह साढ़े सात बजे से परीक्षण होगा।

भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपेक्षा की है कि वह अपने प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित परीक्षण स्थान पर नियत तिथि व नियत समय पर उपस्थित हों।

# भाजपा सरकार में बड़ी परियोजनाएं हो गईं भारी भ्रष्टाचार की शिकारः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। बड़ी परियोजनाएं भारी भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकार हो गयी हैं। भाजपा ने हर तरफ जहां परियोजनाओं की गुणवत्ता के साथ समझौता किया वहीं भ्रष्टाचार के साथ करार कर लिया है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के साथ ऐसा करार किया है कि बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे में दरार ही दरार है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री द्वारा बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के उदघाटन के बाद हुई बारिश में एक्सप्रेस वे जगह-जगह टूट गया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह से पूर्वान्चल एक्सप्रेस वे में गड्ढा बन गया था जिसमें गाड़ियां गड्ढे में चली गयीं थी। प्रदेश में भाजपा सरकार के समय सड़कों के निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। कई सड़कों की गिट्टियां निर्माण के साथ ही उखड़ गयी। ताजा मामला बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे में औरैया के बिचौलियां क्रॉसिंग नम्बर 14 के पुल का है, जिसमें दरार आने से पुल के नीचे के हिस्से में प्लास्टर टूट कर गिर पड़ा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार इन निर्माण कार्यो में हुए भ्रष्टाचार की जांच कब कराएगी। ईडी और सीबीआई बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार और लूट की जांच कब करेगी। इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कब कार्रवाई होगी। यादव ने कहा एक तरफ जहां भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की पोल लगातार खुल रही है वहीं समाजवादी सरकार में हुए निर्माण कार्य देश और प्रदेश के सामने विकास के उदाहरण है।

# नगर निगम वाले 17 जनपदों में योगी सरकार 51 लाख युवाओं को देगी रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**नगर** निगम वाले 17 जनपदों के 51 लाख युवाओं को योगी सरकार रोजगार से जोड़ेगी। योगी सरकार के प्रयास से लखनऊ-गोरखपुर, वाराणसी-प्रयागराज ही नहीं बल्कि आगरा-झांसी में भी बड़ी कंपनियां निवेश करेंगी। शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, अलीगढ़ समेत सभी नगर निगम क्षेत्रों के युवाओं के द्वार रोजगार पहुंचाने के लिए संकल्पित योगी सरकार ने इसका ताना-बाना तैयार करना शुरू कर दिया है। जल्द ही यह धरातल पर उतरने लगेगा।

यूपी में 17 नगर निगम हैं। इनमें सबसे अधिक निवेश लखनऊ में हुआ है। यहां 782 प्रस्तावों के जरिए 196261 करोड़ के निवेश होंगे जिससे 16.31 लाख से अधिक युवाओं को सरकार अपने पैर पर खड़ा करेगी। वहीं फिरोजाबाद में 8.57 लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए 14874 करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं। पीतलनगरी मुरादाबाद को 22520 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिसके जरिए यहां के भी 40321 युवाओं को योग्यतानुसार रोजगार के अवसर मुहैया होंगे। निवेश प्रस्तावों के जरिए सहारनपुर के 42898 युवाओं को रोजगार मिलेगा। शाहजहांपुर में नगर निगम के लिए पहली बार वोट पड़ेगा। पिछले चुनाव में अयोध्या व मथुरा-वृंदावन निगम बनाकर विकास की नई परिभाषा लिखी गई। जिस शाहजहांपुर में पहली बार युवा नगर निगम चुनाव में वोट डालेंगे वहां जीआईएस से 66502 करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इसके धरातल पर उतरते ही जनपद व आसपास के 5.10 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे। अयोध्या में 53472 और मथुरा-वृंदावन के 50 हजार युवाओं को योगी सरकार रोजगार से जोड़कर सुनहरा भविष्य देगी। गोरखपुर, वाराणसी, गाजियाबाद, झांसी, प्रयागराज, लखनऊ समेत कई जनपदों में नामचीन कंपनियां निवेश करने को तत्पर हैं। इन जिलों में योगी सरकार ने कानून व्यवस्था का राज कायम किया तो यहां के उत्पादों की ब्रांडिंग कर वैश्विक बाजार भी दिया। अब यहां कंपनियों के आने से नया माहौल बनेगा। जीआईएस में टॉप-10 में अग्रणी टाउचेन ग्रुप ऑफ कंपनीज आगरा, लखनऊ व वाराणसी में निवेश करने की इच्छुक है तो आरजी स्ट्रेटजिज ग्रुप गोरखपुर व गाजियाबाद में कई सेक्टरों में निवेश को धरातल पर पहुंचाएगा।

# बिजली कर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल कल से

● समझौते को लागू करने के लिए निकाला मशाल जुलूस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा एवं विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के बीच आजहुई वार्ता बेनतीजा रही। संघर्ष समिति ने विगत 3 दिसम्बर को ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते का क्रियान्वयन न होने पर कर्मचारियों के बीच व्यास निराशा और आक्रोश से ऊर्जा मंत्री को अवगत कराया। समझौते के क्रियान्वयन हेतु कुछ भी कार्यवाही न होने से संघर्ष समिति ने आन्दोलन के ध्यानाकर्षण कार्यक्रम यथावत जारी रखने का ऐलान किया। वार्ता के दौरान अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश गुप्ता और ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम देवराज उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते के क्रियान्वयन न होने पर आक्रोशित बिजली कर्मियों का ध्यानाकर्षण आन्दोलन के प्रथम चरण में मंगलवार को लखनऊ सहित समस्त जनपदों एवं परियोजनाओं पर शान्तिपूर्वक मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस निकालने के पूर्व बिजलीकर्मियों ने सभा कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुन: अपील की है कि वे प्रभावी हस्तक्षेप करें जिससे समझौते का क्रियान्वयन हो सके एवं अनावश्यक टकराव टाला जा सके।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ध्यानाकर्षण आन्दोलन के अगले चरण में 15 मार्च प्रात: 10 बजे से कार्य बहिष्कार आन्दोलन प्रारम्भ होगा और 16 मार्च की रात्रि 10 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल होगी जिससे उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शीर्ष ऊर्जा प्रबन्धन का होगा। लखनऊ में मशाल जुलूस सभा को राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, जय प्रकाश, जीवी पटेल, सुहेल आबिद, महेन्द्र राय, चन्द्रभूषण उपाध्याय, शशिकान्त श्रीवास्तव, विनय कुमार, पीके दीक्षित, एके श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारियों ने सम्बोधन किया।

# इस बार लविवि का बजट 350 करोड़ के पहुंचने के आसार

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय बुधवार को अपना वित्तीय वार्षिक बजट 2023-24 पेश करेगा। इस बार विवि का बजट 350 करोड़ के आसपास रहने के आसार है। वहीं न्यू कैम्पस और ओल्ड कैम्पस में अंडरग्राउंड वाटर टैंक बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए बजट में 75-75 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में प्रस्तावित वित्त समिति की बैठक में संसाधनों की बढ़ोत्तरी पर मोहर लगने के आसार हैं। बजट को लेकर विवि के सूत्रों का कहना है कि 350 करोड़ के आस-पास का बजट पेश करने की तैयारी है। जिसमें तकरीबन 250 करोड़ सेलरी के मद और 100 करोड़ रुपए विभागीय सुदृढ़ीकरण के नाम पर प्रस्ताव पास हो सकता है। इस बीच तकरीबन 100 करोड़ रुपए के घाटे के बजट पर मुहर लग सकती है। वहीं विवि की आय को लेकर सूत्रों का कहना है कि विवि की आय 180 करोड़ के आस-पास है। जिसमें से 80 करोड़ रुपए सेल्फ फाइनेंस कोर्सों से होने वाली आय शामिल है।

# निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए जेलों में जल्द लगेंगे 1200 और सीसीटीवी कैमरे

● बंदियों से मुलाकात करने में मनमानी करने वाले अफसरों व कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की जेलों में निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए जल्द ही 1200 और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिससे कुख्यात बंदियों पर और बेहतर तरीके से नजर रखी जा सकेगी। इसके साथ ही बंदियों से मुलाकात करने में मनमानी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के जेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जेलों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी नियमित परिवर्तित करने के निर्देश दिए हैं ताकि सांठ-गांठ की शिकायतें न आएं। प्रजापति मंगलवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शासन एवं कारागार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जेलों की व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बीते दिनों चित्रकूट और बरेली में हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए उन्होंने बैठक में कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि टॉप-10 पेशेवर अपराधियों पर मुख्यालय स्तर एवं स्थानीय स्तर पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न कारागारों ने 3600 सीसीटीवी कैमरे लगे है। एक सप्ताह में 1200 सीसीटीवी कैमरे और लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 25 जेलों में 100 बॉडीवार्न कैमरे दिए गए हैं। जिसे ड्यूटी के समय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रयोग किया जाएगा। इन कैमरों से जेलों के अन्दर की लाइव वीडियो एवं फोटो मुख्यालय स्थित वीडियो वॉल पर प्रसारित होगा। प्रदेश के समस्त कारागारों में चरणबद्ध तरीकों से वाडीवार्न कैमरों की व्यवस्था की जाएगी। प्रजापति ने कहा कि प्रदेश में 22 कारागारें ऐसी है जहां पर हाई सिक्यूरिटी बैरक है। वहां पर स्थापित सीसीटीवी कैमरो से 24 घंटे मुख्यालय में स्थापित वीडियों वाल पर लाइव प्रसारण होता है एवं उक्त बैरकों की हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाती है। उन्होंने कहा कि निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में विभाग द्वारा विशेष कदम बताये जा रहे है। जिसके अन्तर्गत 100 वाडीवार्न कैमरों की व्यवस्था की गई है। प्रजापति ने निर्देश दिए है कि जेल मैनुअल में दी गई व्यवस्था के तहत ही किसी भी बंदी से उनके परिजनों की मुलाकात कराई जाए। मुलाकात की अलग से व्यवस्था दिए जाने पर संबधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी जेल अधीक्षकों एवं जेलरों को निर्देश निर्गत करने को कहा है कि अपने जेलों में मुलाकात की व्यवस्था सुचारू करें एवं कैदियों के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं। उन्होंने कहा कि बरेली एवं चित्रकूट की जेलों में व्यवस्था के इतर जाकर मुलाकात कराने एवं अन्य सुविधायें मुहैया कराने पर उक्त जेलों के अधिकारी एवं कर्मचारी दण्डित भी किए गए हैं उनका न केवल निलम्बन किया गया है बल्कि जेल भेजने तक की कार्रवाई भी विभाग ने की है।

# इन्फ्लूएंजा से घबराने की नहीं, पर सतर्क रहने की जरूरतः सीएमओ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- विभाग ने जारी की एडवायजरी, प्रोटोकाल का पालन जरूरी
- एच3 एन 2 संक्रमण से बचने हेतु सार्वजनिक स्थलों, चिकित्सालयों, कार्यालयों, बाजारों एवं अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करें

**प्रदेश** समेत देश के कई राज्यों में एच 3 एन 2 के रोगी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने सक्रियता दिखाना शुरू कर दिया है। इसके लिए मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा सीजनल एनफ्लूएंजा एच 3 एन 2 के संक्रमण से बचाव के लिए सावधानियां एवं प्रोटोकाल का अनुपालन कराए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यह अच्छी बात है कि जिले में एच 3 एन 2 से संक्रमित कोई भी व्यक्ति नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि इन्फ्लूएंजा को लेकर घबराने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की जरूरत है। इस संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए हम सभी को कुछ सावधानियां एवं प्रोटोकाल का पालन करना बेहद जरूरी है। सीएमओ ने कहा कि एच 3 एन 2 के संक्रमण से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों, चिकित्सालयों, कार्यालयों, बाजारों एवं अन्य भीडभाड़ वाले स्थानों पर मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करें। खांसते एवं छींकते समय नाक एवं मुंह ढंक कर रखें। नाक, चेहरा एवं आंख को बार-बार छूने से बचें। पानी एवं तरल पदार्थ का अत्यधिक प्रयोग करें। हाथ मिलाने एवं गले मिलने से बचें, सार्वजनिक स्थलों पर थूकें नहीं, शारीरिक दूरी का पालन करें। बच्चे, बुजुर्ग एवं बीमार लोग भीड़ भाड़ वाली जगहों पर अनावश्यक जाने से बचें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि देश और प्रदेश में मौसमी इन्फ्लूएंजा के जो भी मामले आएं हैं, उनमें यह अच्छी बात है कि ज्यादातर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ रही। यदि किसी को फ्लू जैसे लक्षण हैं तो उसे कोविड के अलावा एनफ्लुएंजा टेस्ट भी कराना चाहिए। बुखार, सदी-खांसी, कफ और सिर व शरीर में दर्द इसके प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एनफ्लूएंजा के लक्षण आने पर स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। बिना चिकित्सक की सलाह के दवाओं का सेवन न करें। कुछ मामलों में कफके लंबे समय तक रहने की बात सामने आई है लेकिन आमतौर पर 7 से 10 दिनों में मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इसे लेकर सभी मेडिकल ऑफिसर और पैरा मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और इसे लेकर निजी अस्पतालों को भी एडवाइजरी जारी कर दी गई है।

# फाइलों को लंबे समय तक लंबित रखने के लिए जिलाधिकारी ने लगाई कड़ी फटकार

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने सीतापुर के विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ अक्षत वर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में पंचायती राज विभाग के कार्यालय पहुंचे डीएम ने फाइलों को लंबे समय तक लंबित रखने पर गहरी नाराजगी जताई और एक लिपिक का तत्काल पटल बदलने के लिए निर्देशित किया। वहीं मत्सय विभाग पहुंचे डीएम ने फाइलों का रखरखाव सही से न मिलने पर जमकर फटकार लगाई। विभागों का निरीक्षण करने के बाद डीएम ने विकास भवन की सफाई व्यवस्था को और चाकचौबंद रखने का निर्देश दिया।

## डीएम की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में सीडीओ, अग्रणी जिला प्रबंधक सीतापुर, प्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, विकास विभाग से सम्बंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों ने प्रतिभाग किया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बैंको के ऋण जमा अनुपात पर चर्चा की जिसपर जिलाधिकारी ने 60 प्रतिशत से कम ऋण जमा अनुपात वाली बैंकों को ऋण जमा अनुपात बढ़ाने हेतु अपनायी जाने वाली रणनीत की। डीएम ने बैंकों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण वितरण के लिए निर्देशित करते हुए, उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया की निरस्त आवेदनों पर पुन: विचार कर बैंको में प्रेषित की जाये। उन्होंने ने पी0एम0 स्वनिधि योजना के अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों हेतु बैंको को निर्देशित किया कि अविलम्ब सभी लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण किया जाए।

## एसपी ने किया तालगांव कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण

**पुलिस** अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान ने तालगांव कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी द्वारा महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय, बंदी गृह, भोजनालय, आरक्षी बैरक के साथ-साथ सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण किया। एसपी ने कार्यालय के अभिलेखों में ड्यूटी रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर बेहतर रख-रखाव व उनको रखरखाव हेतु कोतवाली प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कोतवाली परिसर की बिल्डिंग में नमी बनी रहने की लेकर पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही सही करवाने के दिशानिर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर, उप निरीक्षक मनोज गुप्ता, देव नारायण तिवारी, एखलाक हैदर, इंद्र बहादुर पटेल, अमित पाण्डेय, अर्जुन, मोहमद एकलाख, अमित, अनिल महिला कांस्टेबिल रेखा कन्नौजिया, सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय अन्टा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाए देखी। उन्होने कड़े निर्देश दिये कि सभी छात्र निर्धारित ड्रेस में विद्यालय में उपस्थित हो यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि जिन छात्रों के अभिभावकों के खातों में ड्रेस बनवाने हेतु राशि अन्तरित की जा चुकी है, परन्तु अभी तक उन्होने ड्रेस नही बनवाई है, उनकी जांच जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कराते हुये नियमानुसार कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने मिड डे मील में मेन्यु के अनुसार ही भोजन बनाए जाने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होने कहा कि भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। इसके साथ ही रसोई घर में सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये तथा गैस का पाईप एवं रेग्यूलेटर को समय समय पर बदलते रहे। जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से पहाड़े भी सुने तथा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार करने हेतु निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने शिक्षिकाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी को बेहतर शिक्षा दिया जाना शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने कहा कि बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित ड्रेस में ही विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करें।

# निगम कार्यालय में जन-सुनवाई दिवस कार्यक्रम हुआ आयोजित

संवाददाता। शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जन-सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दू, नाली निर्माण एवं करविभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा। जन-सुनवाई दिवस में 09 समस्यायें/शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 02 शिकायत का त्वरित निस्तारण किया गया। संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जायें। नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन-सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहांपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को जन-सुनवाई दिवस में रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन-सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य अभियन्ता एस के अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

# उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन ने दिया ज्ञापन

संवाददाता। बरेली

**उत्तर** प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता राजेश तिवारी के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित जिला जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया। राजीव तिवारी ने बताया अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ,अखिल भारतीय खेत और ग्रामीण मजदूर सभा, भारतीय खेत मजदूर यूनियन एवं दलित संघर्ष मुक्ति मोर्चा चारों राष्ट्रीय जन संगठनों के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं और दलित उत्पीड़न की समस्याओं को लेकर जिला कमेटी द्वारा प्रदर्शन के माध्यम से 19 समस्याओं के समाधान की मांग की गई है जिसमे दलितों महिलाओं पर किए जा रहे अत्याचारों पर रोक लगाई जाए व अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को सख्ती के साथ लागू किया जाए। दलित अत्याचारों के खिलाफ फास्ट ट्रेक कोर्ट की स्थापना कर दोषियों को कम से कम समय में मुकदमा चलाकर सजा दिलाई जाए। अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों को प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।मेला उठाने की प्रथा पर रोक लगाने के साथ ही इसके लिए मजबूर लोगों को वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था की जाए। दलित भूमिहीन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर भूमि वितरण की व्यवस्था की जाए और वन अधिकार कानून को ईमानदारी से लागू किया जाए। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार एवं सार्वजनिक उपक्रम के निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। भीमा कोरेगांव विजय दिवस संघर्ष में गिरफ्तार करके लंबे समय से जेलों में निरुद्ध किए गए लोगों को रिहा करने के साथ ही बिना किसी वाजिब कारण के गिरफ्तार किए गए साहित्यकारों लेखकों उपन्यासकार और रंग कर्मियों समाज सेवकों को बिना शर्त रिहा किया जाए। रसोई गैस के दामों में की गई वृद्धि को अविलंब वापस लिया जाए। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सतीश कुमार, रामकिशोर, हरी बाबू, वीरपाल, टीआर लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्विक न्यूज

## किसान सहकारी समिति के लिए सदस्यों का हुआ नामांकन

**मैगलगंज खीरी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैगलगंज किसान सेवा सहकारी समिति लिण्की प्रबंध कमेटी के सदस्यों का नामांकन निर्वाचन अधिकारी कौशल किशोर के समक्ष किया गया। जिसमे निर्वाचन क्षेत्र जमुनिया रना से मित्र कुमार अवस्थी, मैगलगंज महिला आरक्षित से कमलजीत कौरए गुरुदेवखेड़ा से वीरेंद्र सिंह यादवए नयागांव से ओम प्रकाश सिंह, खखरा से कृष्ण पाल गुप्ता, लिढियाई से सरला अवस्थी, हरनहां से भगवानदीन अर्कवंशी, जमुनिया कढ़ीले, जमुनिया शहवाज अनुसूचित जाति आरक्षित से सुरजीत द्वारा नामांकन किया गया। चूंकि निर्धारित पदों के सापेक्ष ही नौ स्थानों के लिए 9 ही नामांकन पत्र दाखिल हुए। अतः सभी का निर्विरोध चुना जाना तय है। नामांकन के समय समिति के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा निर्वाचन अधिकारी का सहयोग किया गया तथा सुरक्षा के दृष्टिगत मैगलगंज थाने का पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## आईटीआई चंदन चौकी में लगाएगा रोजगार मेला

**लखीमपुर खीरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदन चौकी के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि आईटीआई चंदन चौकी में 16 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें फिटर, टर्नर, मशीनिशस्ट, मैकेनिक आरएसी, मोटर मकैनिक व्हीकल, वेल्डर, मैकेनिक ट्रैक्टर, और सीएचएनएमए व्यवसाय से प्रशिक्षित किसी भी सरकारी व निजी आईटीआई से प्रमाणपत्र प्राप्त अथवा पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा धारक भाग ले सकते हैं। इस रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए क्रैश स्टाफिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड (क्रेस स्टाफिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड) कंपनी आ रही है। इस रोजगार मेले में 18 से 30 वर्ष आयु के अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक मूल प्रमाण पत्रोंए आधार कार्डए दो फोटो एवं मूल प्रमाणपत्रों की दो छाया प्रतियों के साथ आईटीआई चंदन चौकी लखीमपुर खीरी में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को तुरंत कंपनी द्वारा बताए गए कार्यस्थल पर पहुंचना अनिवार्य होगा। अतः मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी अपनी पूरी तैयारी से आएंगे।

## मजिस्ट्रेट ने तीन लोगों को छह माह के लिए किया जिला बदर

**शाहजहाँपुर।** विभिन्न अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुये न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहाँपुर द्वारा उ प्र गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा-3(3) के अन्तर्गत विभिन्न थानो के 03 व्यक्तियों को 06 माह के लिये जिले से जिला बदर आदेश करते हुए तत्काल जिले की सीमा से बाहर जाने के निर्देश पारित किये गये है। उन्होने बताया कि इकबाल उर्फबब्लू पुत्र अजमुद्दीन निवासी ग्राम सोफरी थाना खुटार तथा इरशाद पुत्र अमजद निवासी ग्राम फीलनगर थाना कटरा को महिलाओ से छेड़खानी एवं गुण्डागर्दी आदि में लिप्त होने जैसे मुकदमें दर्ज होने पर तत्काल जिले से 06 माह के लिये जिला बदर किया गया है। इसके साथ ही तालिव पुत्र महबूब निवासी कस्बा व थाना मदनापुर को भी बहू बेटियों से छेड़खानी, गुण्डागर्दी आदि में लिप्त होने जैसे मुकदमें दर्ज होने पर तत्काल जिले से 06 माह के लिये जिला बदर किया गया है।

## प्रशासन की देखरेख में संपन्न हुई नामांकन प्रक्रिया

**लखीमपुर खीरी।** खीरी की सभी 125 साधन सहकारी समितियों में पैक्स निर्वाचन 2023 के लिए आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सभी उपजिलाधिकारीए खंड विकास अधिकारी निष्पक्षए निर्भीकए शांतिपूर्ण नामांकन कराने के लिए निरंतर ड्यूटी के सम्यक दायित्वों का निर्वहन करते हुए पेट्रोलिंग की। इस दौरान अफसरों ने पूरी नामांकन प्रक्रिया का निरंतर अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रहा। आयोग से जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को खीरी की सभी साधन सहकारी समितियों में नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

## सुमाली में किसान मीटिंग का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** हरगांव चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम सुमली में गन्ना किसान सुभाष वर्मा से प्लाट पर किसान मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में चीनी मिल के सहायक गन्ना प्रबंधक शिवकुमार पाल ने बताया कि इस वर्ष फरवरी-मार्च में वर्षा न होने के कारण गर्मी अधिक बढ़ गई है। इस कारण इस वर्ष टॉप बोरंर आदि रोग गन्ना को अत्याधिक नुकसान करने का काम करेंगे अतः सभी किसान सुबह-सुबह अपने खेत पर जाकर अंडा लगी वाली पत्तियों को नष्ट कर दें और इमिडाक्लोप्रिड 250 मिली लीटर को 250 लीटर पानी में मिलाकर पौधों पर स्प्रे करें। 1 अप्रैल के बाद सभी किसान अपने अपने खेतों में कोराजन की डेंचिग करा कर अपने गन्ने को सुरक्षित कर ले। हरीश वर्मा व सुभाष वर्मा, भूखल लाल, वीरेंद्र वर्मा, नवल किशोर वर्मा, रविंद्र वर्मा आदि किसान उपस्थित रहे।

# होली में नशे में तमंचा लहराते हुए डांस करना जगपाल की मौत की वजह बना

संवाददाता। शाहजहांपुर



**होली** के दिन डीजे पर डांस करते समय गोली लगने से जगपाल की मौत के मामले में पुलिस ने नामदर्ज अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना के सम्बन्ध में जानकारी हासिल कर जेल भेजा। थाना रामचन्द्र मिशन के ग्राम रौसर में होली के दिन डीजे पर डान्स करते समय फायर से जगपाल की मौत हुई थी। घटना में राघवेन्द्र व पवन कुमार कनौजिया और शिवाकान्त मिश्रा को पूर्व में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि राघवेन्द्र सिंह फरार था। पुलिस ने मुखविर की सूचना पर राघवेन्द्र सिंह को ग्राम रौसर से गिरफ्तार कर जेल भेजा। राघवेन्द्र सिंह ने पुलिस को बताय कि पवन कुमार उर्फ कल्लू राइडर के घर उनके नवादा इंदेपुर वाले घर पर सुबह के समय होली मिलने गया था उसके बाद पवन उर्फ कल्लू राइडर व उसका बड़ा भाई अनमोल व मृतक जगपाल उर्फ चीनू जोकि पवन व अनमोल का सगा तहेरा भाई है, मेरे साथ मेरे कहने पर मेरे घर पर ग्राम रौसर में होली खेलने के लिये आये थे जहां पर पवन व मेरे अन्य दोस्त शिवाकान्त मिश्रा व कुछ अन्य दोस्त के साथ सभी लोगों ने मेरे घर पर बीअर व शराब पी। उसके बाद सभी लोग अपने घर के सामने बज रहे डीजे पर डान्स करने लगे तभी पवन उर्फ कल्लू राइडर ने अपनी पैंट की गोट से एक तमंचा निकालकर हवाई फायर किया उसके बाद वह तमंचा शिवाकान्त मिश्रा ने ले लिया। वह उसको हवा में लहरा कर डान्स करने लगा । पवन के पास एक और तमंचा था जिससे उसने हवाई फायर करने की कोशिश की, जो मिस हो गया तभी वह तमंचा पवन के हाथ से मैने ले लिया और शिवाकान्त के हाथ में लिया हुआ तमंचा पवन ने ले लिया। मै भी अपने हाथ में लिये तमंचे से फायर करने की कोशिश करने लगा तभी वहाँ मौजूद लोगों, अन्य दोस्तों व मृतक ने भी हम तीनों को फायर करने से यह कहते हुए मना किया कि इस तरह फायर मत करो किसी को गोली लग सकती है। इसी बीच मैंने अपने हाथ में लिये हुए तमंचे की नाल को खोलकर दोबारा कारतूस डालकर उसकी नाल बंद की कि उस तमंचे से फायर हो गया और गोली जगपाल उर्फ चीनू के सीने में लग गयी और वह गिर पड़ा। उसका भाई अनमोल और मैं उसे अस्पताल लेकर गये जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस तमंचे से फायर किया था वह तमंचा मौके से जाते समय शिवाकान्त मिश्रा को दे दिया । सभी लोगों ने घटना के समय काफी शराब पी रखी थी।

# धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा



संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**श्री** मानस अमृत राम कथा से पूर्व धूमधाम कलश यात्रा निकाली गई।यात्रा के दौरान प्रभु श्री राम के नाम से पूरा नगर भक्तिमय सा दिखा। सभी में बहुत उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा में बड़े-बूढ़े, महिलायें और बच्चे सभी शामिल हुए। कलश यात्रा में 108 महिलाये सिर पर मंगल कलश रखेएपीले वस्त्र पहने भगवान के जयकारे लगाते हुये चल रही थी। रजनी सैनी जी के नेतृत्व में कलश यात्रा श्याम वल्लभा मन्दिर से प्रारम्भ होकर विभिन्न इलाको से होते हुये कथा स्थल पहुंची। कथा 22 मार्च तक दोपहर तीन से शाम छह बजे तक होगी। श्री मानस अमृत राम कथा के प्रथम दिवस में पूज्य जितेन्द्री महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आराध्य है हम सबके पालन कर्ता है। हमें उन्हें ही प्रणाम करना चाहिए। श्रीराम चरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि 'सीया राम मै सब जग जानीए करहु प्रणाम जोर जुग पानी' अर्थात यदि हम दूसरों को प्रणाम करते हैं तो हम सबके अन्दर राम को देखे और प्रणाम करें। क्योंकि भगवान कण कण में है हर इंसान के भीतर भगवान है। श्रीमद् भागवत कथा में वेद व्यास जी ने लिखा है कि सब कुछ राम के वश में ही है बाकी किसी के वश में नही है। अगर यह बात हम समझ जाये तो भक्ति अपने आप होगी।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली में...

ने कहा कि उसे लगातार खांसी हो रही थी और वह इसके कारण बैठकों में शामिल नहीं हो सका। मरीजों को इसके कारण अत्यधिक कमजोरी भी होती है। वहीं, डॉ. देसवाल ने इस समय सावधानी बरतने के प्रति आगाह किया और कहा कि चूंकि वायरस समय के साथ उत्परिवर्तित होते हैं, इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है।

## नवरात्र पर...

इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में इस सम्पूर्ण अवधि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन एवं देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव द्वारा जारी शासनादेश में कहा गया है कि 29 से 30 मार्च 2023 अष्टमी एवं श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रमुख शक्तिपीठ मंदिरों में मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व आम जनमानस को इससे जोड़ते हुए अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाए। इस आयोजन के लिए प्रत्येक जनपद में जनपद स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विकास खंड स्तरीय समितियों का गठन कराया जाए। समस्त जिलाधिकारी अपने जनपद में कलाकारों का चयन अपनी अध्यक्षता में गठित समित द्वारा कराएं। जिसका समन्वय संस्कृति विभाग एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा किया जाएगा। कायक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए जनसहभागिता भी सुनिश्चित कराई जाए। प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ध्वनि प्रकाश एवं दरी आदि की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कराई जाए। सभी आयोजन स्थलों पर सक्षम स्तर से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करते हुए आयोजन कराया जाए। कार्यक्रम को सफ लता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए शासन स्तर पर संयुक्त सचिव संस्कृति विभाग तथा संस्कृति निदेशालय स्तर पर रीनू रंगभारती को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा के नौस्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्र को विशेष महत्व दिया गया है।

## भोपाल गैस...

पुनर्वास के लिए चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार करना होगा और पर्यावरण को नुकसान होना तय था। वास्तव में, यूसीसी का आरोप है कि भारत सरकार और राज्य ने सक्रिय रूप से घटनास्थल को डिटॉक्सिफाई नहीं किया। किसी भी मामले में यह समझौते को रद्द करने की मांग करने का आधार नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा, हम दो दशकों बाद इस मुद्दे को उठाने के केंद्र सरकार के किसी भी तर्क से संतुष्ट नहीं हैं ... यह मानते हुए भी कि प्रभावित पीड़ितों के आंकड़े अपेक्षा से अधिक निकले तो भी ऐसे दावों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध रहती है...हमारा मानना है कि उपचारात्मक याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी भी शामिल हैं। पीठ ने मामले पर 12 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था। केंद्र 1989 में हुए समझौते के हिस्से के रूप में अमेरिकी कंपनी से प्राप्त 715 करोड़ रुपए के अलावा अमेरिका स्थित यूसीसी की उत्तराधिकारी कंपनियों से 7,844 करोड़ रुपए और चाहता है। मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए केंद्र ने दिसंबर 2010 में शीर्ष अदालत में उपचारात्मक याचिका दायर की थी। केंद्र इस बात पर जोर देता रहा है कि 1989 में मानव जीवन और पर्यावरण को हुई वास्तविक क्षति का ठीक से आकलन नहीं किया जा सका था। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड संयंत्र से दो-तीन दिसंबर 1984 की मध्यरात्रि को जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव होने लगा था, जिसके कारण 3000 से अधिक लोग मारे गए थे और एक लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। इससे पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। यूनियन कार्बाइड संयंत्र ने तब 47 करोड़ डॉलर का मुआवजा दिया था। इस कंपनी का स्वामित्व अब डाउ जोन्स के पास है।

## राहुल की...

मुद्दों पर नारेबाजी करने लगे। शोर-शराबे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया और बीजू जनता दल के सांसद अनुभव मोहंती का नाम पूरक प्रश्न पूछने के लिए पुकारा। मोहंती ने बार-बार सदन में व्यवस्था नहीं होने का हवाला दिया। बिरला ने नारेबाजी कर रहे दोनों पक्षों के सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर बैठने और सदन चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब 11 बजकर पांच मिनट पर लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दूसरी ओर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का आक्रामक रुख कायम रहने तथा सदन के नेता पीयूष गोयल के खिलाफ कांग्रेस के विशेषाधिकार हनन के कारण सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के शोरगुल के चलते मंगलवार को भी राज्यसभा में गतिरोध बना रहा। उच्च सदन में सत्तापक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण शून्यकाल एवं प्रश्नकाल भी नहीं हो सका और बैठक को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब 15 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। सोमवार को भी उच्च सदन में इसी मुद्दे पर गतिरोध बना रहा था। सदन के नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि वह जिस विषय पर बोल रहे हैं, वह बहुत गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार संसद की अवमानना की गई है और जिस प्रकार देश की अस्मिता को आहत किया गया है, उसमें उस नेता को सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने कहा कि विपक्ष के एक नेता ने विदेशी भूमि में जाकर संसद के बारे में ओछी बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि एक विपक्षी नेता का यह बयान ऐसे समय आया है जबकि भारत को जी20 की अध्यक्षता मिली हुई है और पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और पूरा विश्व उनकी तरफ इस आकर्षण से देख रहा है कि वह दुनिया की समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकते हैं। सदन के नेता ने सभापति जगदीप धनखड़ से अनुरोध किया कि वह संबंधित नेता को यह निर्देश दें कि वह सदन में आकर माफी मांगें। कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि यहां सदन के नेता ने जो बात कही, वह लोकसभा के एक सदस्य के लिए है। गोहिल ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में एक विशेषाधिकार हनन नोटिस भी दिया है जिसमें पुराने ऐसे कई मामलों का संदर्भ दिया गया है। उन्होंने कहा कि भले ही किसी का नाम नहीं लिया गया हो पर इस सदन में लोकसभा के किसी सदस्य का सामान्य तौर पर जिक्र नहीं हो सकता है। इस पर सभापति धनखड़ ने कहा कि कल सदन के नेता ने एक विषय उठाया था जिस पर उन्होंने विचार किया।

## संसद में...

है? पिछले नौ वर्षों से मोदी जी ने देश को भ्रम में रखा है और अडाणी जी को अपने साथ विश्व भ्रमण में रखा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने ट्वीट किया, मोदी सरकार संयुक्त विपक्ष को प्रधानमंत्री से जुड़े अडाणी महाघोटाले के लिए जेपीसी की मांग रखने तक की इज़ाजत नहीं दे रही है। इसका परिणाम है कि संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। यही एकमात्र मुद्दा है। बाकी जो हो रहा है वह प्रधानमंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस के आरोपों को लेकर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, अडाणी ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें पहली सफलता (कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री) चिमनभाई पटेल के समय मिली थी...दूसरी सफलता उन्हें राजीव गांधी के समय मिली। उन्होंने कहा, अंबानी-अडानी बहाना है, सिर्फ नरेंद्र मोदी को गाली देना है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस की 10 साल की सरकार घोटालों में घिरी रही तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उम्मीदों में घिरी रही है। कांग्रेस सांसदों ने अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए जेपीसी के गठन की मांग करते हुए संसद परिसर में प्रदर्शन किया। हाथों में तख्तियां लिए इन सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

## ट्रेन में...

के सिर पर पेशाब कर दिया। गौतम ने बताया कि इस बात की शिकायत जीआरपी चारबाग लखनऊ से की गई तो आरोपी मुन्ना कुमार को चारबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4-5 से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मुन्ना कुमार रेलवे में टीटी हैं और सहारनपुर में तैनात हैं। वह इस ट्रेन अकाल तख्त एक्सप्रेस में तैनात नहीं थे। उन्होंने बताया कि मुन्ना कुमार नशे में था या नहीं, इस बारे में जांच की जा रही हैं।

# गरीबों परिवारों के लिए वरदान बनी सीएम सामूहिक विवाह योजना : अभिषेक आनंद

**संवाददाता।** चित्रकूट



- 158 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे
- दस जोड़ों का बौद्ध रीति से विवाह
- डीएम, सीडीओ एवं जनप्रतिनिधियों ने दिया नवयुगलों को आर्शीवाद

**समाज** कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 158 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि की मौजूदगी में विवाह समारोह का शुभारम्भ हुआ।

मंगलवार को जिला समाज कल्याण ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 158 जोडों का विवाह कराया जा रहा है। दस जोड़े बौद्ध धर्म के अनुसार विवाह बंधन में बंधे हैं। कहा कि सरकार की ओर से 51 हजार रुपए खर्च किये जाते हैं। 35 हजार रुपए नगद कन्या के खाते में, जेवरात आदि को दस हजार रुपए व छह हजार रुपए आयोजन में खर्च होते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि लोगों की शादी में खर्च कम हो। इसी संकल्प के साथ सामूहिक विवाह योजना लागू कर प्रत्येक जिले में विवाह कराये जा रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वैवाहिक जोड़ों को जयमाला दौरान पुष्प वर्षा कर शुभकामनायें दी। प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री भेंट की गई।

गायत्री शक्तिपीठ ने वैदिक मंत्रो के बीच विवाह कराया। विवाह पंजीकरण अधिकारी/उपनिबंधक राजेश सिंह ने वैवाहिक जोडों का पंजीकरण किया। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल ने किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने पंजीकृत दल मां भगवती संगीत पार्टी भी मौजूद रही। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का स्वागत कर अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ भेंट किया।

विवाह समारोह में भाजपा के सुरेश अनुरागी, आशीष सिंह रघुवंशी, ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, डीडी आरके त्रिपाठी, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, खंड विकास अधिकारी आस्था पांडेय, मानिकपुर धनंजय सिंह समेत संबंधित अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## बोगस कम्पनियों में निवेश कराने वालों पर होगी कार्रवाई

**फतेहपुर।** विभिन्न प्राईवेट संस्थाओं द्वारा जनपद के कई लाख निवेशकों की सैकड़ों करोड़ गाढ़ी कमाई मार जाने का मामला दिनों दिन तूल पकड़ता जा रहा है, बावजूद इसके जिला प्रशासन इस मद में कतई गम्भीर नहीं है। डीएम के कहने पर बड़ी संख्या में लोगों ने सम्बन्धित निवेश का लेखा –जोखा कलेक्ट्रेट में जमा तो कर दिया है, किन्तु किसी को भी रिसीविंग न दिए जानें से इस प्रक्रियां के भी हवा हवाई होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। खबर है कि अब प्रशासन उन संदिग्ध कंपनियों में निवेश के लिए जन मानस को प्रेरित करने वाले घाघ एजेंटो को भी कार्यवाही की जद में लाने परविचार कर रहा है। खासकर इन एजेंटो ने अत्यंत संदिग्ध एक टोगो नामक संस्था के साथ घालमेल करके सैकड़ों फर्जी कम्पनियों में लोगों का करोड़ों निवेश कराया और मोटा कमीशन प्राप्त किया और अब निवेशकों का साथ नहीं दे रहे हैं। प्रशासनिक तन्त्र से जुड़े एक जिम्मेदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि निवेशकों से मिलकर उन बोगस कंपनियों की सूची बनाई जा रही है, जिनमें योजनाबद्ध ढंग से एजेंटो के जरिए करोड़ों जमा कराए गए और अब भुगतान नहीं कराया जा रहा है।

## बेटी-पत्नी की हत्या के बाद पिता ने की आत्महत्या



- सोशल मीडिया ने परिवार को किया तबाह
- एएसपी कर रहे पूरे मामले की जांच

**संवाददाता।** चित्रकूट

**सोशल** मीडिया ने एक भरे पूरे परिवार को तबाह कर दिया। ब्वायफ्रेंड के साथ आपत्तिजनक स्थिति में फोटो देखकर एक पिता ने मां-बेटी की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी पूरे मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रहे हैं। मां-बेटी की सोमवार को अपरान्ह डेढ़ बजे हत्या करने के बाद आरोपी पिता नन्दकिशोर त्रिपाठी ने मंगलवार को सवेरे बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरदहा गांव से दो किमी दूर पिपरहरी जंगल में पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया कि कल हुई मां-बेटी की हत्या के बाद पुलिस आरोपी पिता की तलाश में जुटी थी। पिता का शव मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी पूरे मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रहे हैं। बताते हैं कि सेमरदहा गांव के नन्दकिशोर त्रिपाठी की पुत्री खुशी (18) अपने ननिहाल माराचन्द्रा गांव में रहती थी। वहां पंकज यादव नाम के युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। पिता ने बेटी के फोन पर एक लड़के के साथ आपत्तिजनक स्थिति में रील देखी तो वह आग बबूला हो गया। उसने बेटी को समझाने का प्रयास किया तो विवाद बढ़ता गया। पत्नी सीमा ने शान्त कराने की कोशिश की तो मामला और उलझ गया।

परिवार में विवाद इस कदर बढ़ा कि पिता ने लाइसेंसी दोनाली बन्दूक से बेटी खुशी व पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनकर पड़ोसी तत्काल मौके पर पहुंचे। इस बीच पिता बन्दूक छोड़कर मौके से फरार हो गया। आज मंगलवार को आरोपी नन्दकिशोर त्रिपाठी ने भी गांव से दो किमी दूर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पता कर्वी स्थित कृष्ण विनायक प्राइवेट अस्पताल में काम करता था। ऐंचवारा गांव में वह पशु मित्र भी था। उसके पास कुल एक बीघा जमीन थी। उसे बंटाई पर देकर परिवार का गुजर-बसर करता था। अब उसके परिवार में 15 साल की पुत्री निशी बची है। मां-दीदी की मृत्यु के बाद पिता की भी मौत से वह सुधबुध खो बैठी है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि वह कल ही आत्महत्या करने वाला था, लेकिन लोगों ने उसे रोक लिया। आत्मग्लानि वश उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## फर्जी नंबर प्लेट लगा हरी मटर बेचने वाले गिरफ्तार



**जालौन**, उरई। फर्जी नंबर प्लेट के सहारे ट्रांसपोर्टर के माध्यम से हरी मटर ट्रक चालक ने साथियों के साथ मिलकर दूसरी जगह बेच दिया था। सीओ उमेश पांडेय ने कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 1 लाख 80 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। सीओ उमेश पांडेय ने कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कानुपर निवासी मुस्तकीम चिश्ती स्थानीय मंडी में ट्रांसपोर्ट का काम करता है। बीती 10 जनवरी को एक ट्रक चालक ने उससे भाड़े के बारे में पूछा। जिस पर उसने क्योलारी से हरी मटर लादकर गुड़गांव भेज दिया। लेकिन ट्रक वहां नहीं पहुंचा। चालक व उसके साथी ट्रक लेकर चंपत हो गए। सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि पुलिस व एसओजी टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले की विवेचना की। जिसमें जिनमें अरविंद कुमार पुत्र नरोत्तम निवासी नुनहाई शाहदरा जनपद आगरा, जितेंद्र उर्फजीतू यादव पुत्र दलवीर सिंह निवासी पोली पोखर बांके बिहारी चौकी पोहिया थाना खंदौली आगरा एवं भूप सिंह उर्फमटरू पुत्र बलवीर सिंह निवासी गुलालपुर नौगांव मैनपुरी के नाम प्रकाश में आए। जिसमें से भूपसिंह को कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की रात चुंगी चुबर 4 के पास पकड़ा। शेष दोनों आरोपियों को एसआई रजत कुमार द्वारा थाना एत्मादौला जनपद आगरा से गिरफ्तार किया गया है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा पांच हजार का इनामी बदमाश

**मौदहा**, हमीरपुर। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक के जिले की कमान संभालते ही मौदहा पुलिस ने अपराधियों पर लगाम कसने के मकसद से पांच हजार का इनामिया बदमाश को गिरफ्तार किया है। मौदहा कोतवाली में अवैध शराब व गांजा की बिक्री राज्य के बाहर भी चर्चित रहती है। जिस पर पुलिस द्वारा पर कार्यवाही भी की जाती रही है। कोतवाली क्षेत्र के अरतरा व परछछ के बीच अवैध शराब की बिक्री होती है। तो वही परछछ गांव के मोतीलाल गुप्ता पर आरोप था कि वह इस अवैध कारोबार में लिप्त है जिसकी तलाश करने पर वह पुलिस से फरार चल रहा था तो पुलिस ने उक्त आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था। जिसको कोतवाली पुलिस ने कस्बे के अरतरा मोड़ निकट रास्ते में पुलिस को मुखबिर की सूचना पर हिरासत में ले लिया गया है।

## कर्नलगंज चौकी इंचार्ज पर किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

- सड़क पर कार खड़ी कर पी रहा था शराब
- युवक ने चौकी को बम से उड़ाने दी थी धमकी

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**फतेहगढ़** कोतवाली के अंतर्गत कर्नलगंज चौकी भोलेपुर के निकट सड़क पर कार खड़ी कर शराब पीने वाले दबंग युवक को टोकने पर बम से उड़ाने की धमकी देकर चौकी इंचार्ज पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने दबंग छोटू उर्फ मोहित को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली फतेहगढ़ की कर्नलगंज चौकी इंचार्ज हेमंत कुमार ने फतेहगढ़ अंबेडकर कॉलोनी भीमसेन मार्केट के सामने रहने वाले दबंग हमलावर छोटू उर्फमोहित सिंह पुत्र राजाराम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के मुताबिक चौकी इंचार्ज हेमंत कुमार बीती रात 8.20 बजे कर्नलगंज पुलिस चौकी के सामने वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी चौकी इंचार्ज ने देखा कि चौकी के सामने सड़क पर वाहन नंबर यूपी 76 एबी- 2397 एक्सयूवी कार के सड़क पर खड़े होने से जाम लग रहा है। चौकी इंचार्ज ने नजदीक से कार के अंदर झांका तो एक व्यक्ति हाथ में बोतल लिए शराब पीते दिखाई पड़ा। चौकी इंचार्ज ने गाड़ी किनारे करने को कहा। चौकी इंचार्ज पर रुतबा झाड़ते हुए छोटू कार से बाहर निकल आया। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए पुलिस वालों को मां बहन की गालियां देनी शुरु कर दी। दबंग छोटू उर्फ मोहित सिंह पुलिस कर्मियों को धमकाया कि अभी एक मिनट में तुम्हारी चौकी को बम से उड़ा दूंगा। चौकी को आग लगा दूंगा। यह कहते हुए छोटू उर्फ मोहित ने हाथ में पकड़ी शराब की बोतल बड़ी जोर से अपनी कार पर दें मारी जिससे बोतल टूट गई। छोटू उर्फ मोहित ने टूटी हुई बोतल से चौकी इंचार्ज कर्नलगंज हेमंत कुमार पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। हमले से भयभीत चौकी इंचार्ज ने किसी तरह पीछे हट कर स्वयं को बचाया।

## क्विक न्यूज

### एलडीएम ने शत प्रतिशत ऋण वितरित करने का किया वादा

**हमीरपुर।** जिला अग्रणी प्रबंधक संगम लाल मिश्रा ने आज बताया कि जिले में बैंको द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत ऋण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जिला ग्रामोद्योग द्वारा एलडीएम ने दावा किया कि पीएमईजीपी योजना के तहत कुल 54 आवेदन के सापेक्ष 119 लोगो को ऋण वितरित किया गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत कुल लक्ष्य नौ के सापेक्ष 16 लोगो को ऋण वितरित किया गया है। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत बैंको ने लक्ष्य पूरे कर लिये गये है। इस योजना में 42 के लक्ष्य के सापेक्ष 73 आवेदन स्वीकृत कर लिये गये है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 36 आवेदनों के सापेक्ष 49 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है। ओडीओपी योजना के तहत लक्ष्य 6 के सापेक्ष दस आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

### भ्रष्टाचार में लिप्त रहे प्रोबेशन अधिकारी हटाए गए

**फतेहपुर।** फर्जी शिकायत के जरिए असोथर विकास खंड के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में निरीक्षण एवं कार्रवाई का भय दिखाकर शिक्षकों से वसूली करने वाले प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार पर आखिर शासन ने अपना चाबुक चला ही दिया। उन्हें जिले से हटा दिया गया है। किए गए भ्रष्टाचार की विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। शिक्षकों के वसूली के मामले को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के असोथर ईकाई अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक की जांच में उन्हें दोषी करार दिया गया था। 'सरकार की किरकिरी कराने वाले प्रोबेशन अधिकारी के भ्रष्टाचार की शिकायत भाजपा जिला मंत्री मनोज मिश्र ने शासन से की थी।

### बरहा और बूढ़े हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना बुढ़वा मंगल

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के बरहा एवं बूडे हनुमान मंदिर समेत प्रमुख हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल का पर्व बडे ही धूमधाम से मनाया गया। अखंड संकीर्तन, भण्डारा, हवन के बाद संगीरतमयी सुंदरकांड का पाठ और महाआरती हुई। सुबह से देर रात तक भक्तों का पत्र रहा। मंदिर को फूलों से भव्यता के साथ सजाया गया। मंगलवार को कामदगरि परिक्रमा स्थित बरहा के प्राचीन हनुमान मंदिर एवं मन्दाकिनी तट पर रामघाट के निकट ही बूडे हनुमान जी के मंदिर में बुढ़वा मंगल की धूम रही है। हजारों भक्तों नें बजरंगी सरकार के दर्शन किए। बरहा हनुमान मंदिर के पुजारी अमित तिवारी एवं बूडे हनुमान मंदिर के पुजारी रामजीदास महराज ने बताया कि भादौ और चौत्र माह में दो बार बुढ़वा मंगल मनाया जाता है।

### वृद्ध ने टीवी दिखाने के बहाने युवती से किया दुष्कर्म

**कायमगंज,** फर्रुखाबाद। एक वृद्ध ने टीवी दिखाने के बहाने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म कर मानवता को कंलकित कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने वृद्ध को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र की पीड़ित युवती की मां ने ग्राम अरियारा निवासी 60 वर्षीय प्रेमचंद के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीते दिन दोपहर को महिला घर पर 18 व 16 वर्षीय की बेटियों को घर छोड़कर कायमगंज गई थी। बड़ी बेटी भाभी के 2 साल के बेटे को गोद में लेकर घर के बाहर टहल रही थी। वृद्ध प्रेमचंद राजपूत अपने घर में अकेले टीवी देख रहा था। मौका देख कर प्रेमचंद ने युवती को देखकर उसे टीवी देखने के लिए घर के अंदर बुला लिया। वृद्ध ने जबरन युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती ने घर जाकर मां को घटना की जानकारी दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रेमचंद राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**उरई,** जालौन। मंगलवार को सैदनगर के राजकीय इंटर कॉलेज में प्रतियोगिताओं में उचित स्थान प्राप्त करने बाले सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में यूथ-20 के आयोजन हेतु नामित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर एवं किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा कॉलेजों में थीम के अनुसार सेमिनार कार्यक्रम कराए जाने हेतु आदेश पारित किये गए थे जिसको लेकर के ग्राम सैदनगर के राजकीय इंटर कॉलेज में गत बीते दिनों खेलकूद प्रतियोगिता, मेंहदी डिजाइन प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उसी के परिणाम स्वरूप आज विजेता समस्त छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### चोरी का खुलासा, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कोरवां गांव में विगत दिनों हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन लोगों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर कामयाबी हासिल की है। बताते चलें कि बिंदकी कोतवाली के जोनिहां चौकी इंचार्ज रितेश कुमार राय अपने हमराही सिपाही हेड कांस्टेबल दयाराम निषाद, कांस्टेबल सुधांशु शुक्ला, सोनू व कांस्टेबल अरूण के साथ क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश में गश्त कर रहे थे। तभी उनके खास मुखबिर ने सूचना दिया कि विगत दिनों कोरवां गांव निवासी अनीस अहमद के घर हुई चोरी के मामले में तीन संदिग्ध लोग कौवा कोल बाग में बैठे हैं और चोरी गये माल को ठिकाने लगाने की फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। चारों ओर से घेराबंदी करते हुए मौजूद तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्तों में वारिस उर्फबालवीर पुत्र हिदायत उल्ला, रंजीत पुत्र स्व. सिद्धू, तनवीर पुत्र दीन मो. निवासीगण कोरवां शामिल हैं।

### संचालक पद के लिये 81 नामांकन हुए दाखिल

**मौदहा,** हमीरपुर। विकासखंड क्षेत्र के 6 सहकारी समितियों में संचालक के पद के 81 नामांकन दाखिल हुए हैं जिनमें अलग-अलग सहकारी क्षेत्रों से इच्छुक व्यक्तियों ने नियुक्त आरओ के समक्ष अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। मौदहा विकासखंड क्षेत्र में 6 सहकारी समितियां संचालित है जिनके संचालक पद के चुनाव की तिथियां निर्धारित की जा चुकी है और मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का दिवस निर्धारित किया गया था। सहकारी समिति मौदहा में 14 नामांकन पत्र दाखिल किए गए जिसमें मौदहा नगर पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थी जिनमें राजानन्द व जगन्नाथ ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए वहीं अनारक्षित में फजलुर रहमान तथा मदारी लाल ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसी तरह परछा क्षेत्र से मुशीर खान, हाजी गुलाम तथा फजल अहमद ने अपना नामांकन दाखिल किया और उरदना क्षेत्र से कुसुमा देवी, बलवान सिंह तथा सुरेश कुमार ने एक दूसरे को चुनौती दी।

### दबंगों ने मारपीट कर तोड़े हाथ पैर

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरा निवासी कल्लू सिंह उर्फविजय बहादुर पुत्र भोला सिंह द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कल दोपहर संग्रामपुर के निकट जिहरवा थाना किशुनपुर निवासी बीरन यादव, सचिन यादव अभय उर्फबेटू यादव आदि पर रंजिशन बुरी तरह मारपीट कर हाथ पैर तोड़ देने का आरोप लगाया है। बताया कि उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया है।

## भुगतान नहीं तो मतदान नहीं के नारे लगाकर निकाला जुलूस



**फतेहपुर।** भुगतान नहीं तो मतदान नहीं के नारे लगाते हुए ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले पीड़ित जमाकर्ताओं ने नहर कालोनी से एक विशाल जुलूस निकाला। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी को सौंपकर 180 कार्य दिवस में भुगतान करवाये जाने की मांग की। मंगलवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार साहू व जिला महासचिव सतीश कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में पीड़ित जमाकर्ता नहर कालोनी प्रांगण में एकत्र हुए। तत्पश्चात यहां से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। रास्ते भर जमाकर्ताओं ने भुगतान नहीं तो मतदान नहीं के नारे लगाये। कलेक्ट्रेट में डीएम को संबोधित एक ज्ञापन अपर उपजिलाधिकारी को सौंपकर बताया कि भारत में लाखों ठग कंपनीज व क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटीज ने योजना बनाकर लगभग 42 करोड़ भारतीय नागरिकों के साथ धोखाधड़ी की है। ठगी के शिकार बने करीब पांच लाख नागरिक व बारह सौ से ज्यादा आन ड्यूटी सैनिक अपनी मेहनत की पूंजी वापस न मिलने के कारण आत्महत्या कर चुके हैं। भारत सरकार में अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानूनी 2019 बीयूडीएस एक्ट 2019 बनाकर ठग कंपनीज एवं क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटीज पर प्रतिबंध लगाते हुए देश के प्रत्येक ठगी पीड़ित के भुगतान की गारंटी प्रदान की है। जिसका पालन सक्षम अधिकारी सही ढंग से नहीं कर रहे हैं। शासनादेश व कानून के अनुसार प्रत्येक सक्षम अधिकारी अथवा सहायक सक्षम अधिकारी अपने अधिकारिता क्षेत्र के निवासियों से उनके भुगतान के आवेदन लेकर उनका भुगतान करायेग।

## श्रीराम की चरणपादुकाओं के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

**संवाददाता।** चित्रकूट



- 8 किलो चांदी और एक किलो सोने से बनी हैं चरणपादुकाएं

**मर्यादा** पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की 8 किलो की चांदी की चरणपादुका अपने हाथों से बनाकर तपोभूमि चित्रकूट पहुंचे हैदराबाद के रामभक्त श्रीनिवास का साधू-संतों एवं हिन्दू संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। वहीं भगवान श्रीराम की चरण पादुका देखने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। इस्कॉन और भरत मंदिर के महंत समेत सैकड़ों संतो एवं हिन्दू संगठनों के साथ राम भक्त ने चित्रकूट के सभी तीर्थस्थलों का भ्रमण व दर्शन किया।

विश्व प्रसिद्ध पाराणिक तीर्थ चित्रकूट में हैदराबाद से आयी प्रभु श्री राम के चरणपादुकाओं के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। भगवान राम के भक्त श्रीनिवास शास्त्री ने कहा कि उन्होंने इस चांदी की चरणपादुका को बनाया है, जिसको वे आंध्र से लेकर पूरे भारत दर्शन को निकले है। इस्कॉन चित्रकूट के प्रभु अनंत बलदेव महाराज ने बताया कि पूरे देश के सभी प्रमुख तीर्थस्थलों से होकर ये चरणपादुकाएं चित्रकूट आईं हैं। इनको लेकर चित्रकूट से अयोध्या जायेंगे। इसके बाद रामनवमी और दशमी एकादशी को वहां कार्यक्रम होगा। उसके बाद जो बचे हुए तीर्थस्थल हैं वहां जाएंगे और बाद में इसे अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इसमें एक किलो सोने का कवर भी किया गया है। चित्रकूट संत समाज के अध्यक्ष एवं भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास जी महाराज ने बताया कि चित्रकूट भ्रातत्व प्रेम का एक बहुत अनूठा उदाहरण है। एक तरफ अयोध्या का राज्य भगवान् भी स्वीकार नहीं करते। भरत जी भगवान से निवेदन करते हैं कि प्रभु आप अयोध्या लौटें तो भगवान नहीं लौटते हैं, अंत में भरत जी निवेदन करते हैं कि आप नहीं लौट रहे हैं तो अपना कोई प्रतीक चिन्ह ही दें। और भगवान प्रसन्न होकर अपनी पादुकाएं भरत जी को चित्रकूट में प्रदान करते हैं। भरत जी वह पादुकाएं चित्रकूट से ले जाकर अयोध्या में नंदीग्राम में अयोध्या के बाहर सारा सुख, वैभव को छोड़कर और अयोध्या के राज सिंहासन पर पादुकाओं को रखकर कि यह मानते हुए कि मेरे मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम यही हैं और उनका नित्य पूजन करते हुए उनके जैसा आदेशानुसार प्रतीक मानकर भरत जी ने राजसिंहासन का दास बनकर 14 वर्ष तक अयोध्या का राज्यकार्य चलाया।

## ग्राम प्रधान अंशिका ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**मौदहा,** हमीरपुर। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम परछछ में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में विजयी हुई प्रत्याशी को उपजिलाधिकारी ने शपथ ग्रहण की शपथ दिलायी गयी जिसमे सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लिया। गांव में दोबारा चुनाव में प्रधान पद पर अंशिका गौतम निर्वाचित हुई थी जिनको आज ग्रामीण सचिवालय में उपजिलाधिकारी राजेश मिश्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जहां सैकड़ों ग्राम वासियों के बीच प्रधान पद पर निर्वाचित हुई महिला प्रधान ने निष्ठा पूर्वक गांव के सर्वांगीण विकास का जिम्मा उठाया और किसी भी भेदभाव को ना मानने का आश्वासन दिया। एक ही पंचवर्षीय में दो बार निर्वाचित होने वाली यह पहली प्रधान रही हैं जिन्होंने सन 2021 में संपन्न होने वाले सामान्य पंचायत निर्वाचन में जीत दर्ज की थी, जिसके बाद वहीं गांव के अन्य लोगों द्वारा मौजूदा प्रधान के ऊपर दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगा न्यायालय की शरण ली थी जहां काफी दिनों तक मुकदमा चलने के बाद निर्वाचित प्रधान को निरस्त कर दिया गया था और गांव के विकास हेतु समिति का गठन कर दिया था।

## नवरात्र में देवी-जागरण अखण्ड रामायण का होगा आयोजन

- 22 से 30 मार्च तक दुर्गा मंदिरों, शक्तिपीठों में होंगे दुर्गा सप्तशती के पाठ
- अष्टमी और श्रीरामनवमी में आयोजित होंगे अखंड रामायण के पाठ

**संवाददाता।** फतेहपुर

**भारतीय** जनता पार्टी की यह 2024 के लोकसभा की चुनावी रणनीति का हिस्सा है या फिर आमजन में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार एवं लोगों में भक्ति भाव को जाग्रत करने का अभियान कि चौत्र नवरात्रि में अब जिले के अधिकारी मंदिरों एवं शक्ति पीठों में 22 से 30 मार्च तक दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन एवं देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इतना ही नहीं अष्टमी एवं श्रीरामनवमी के अवसर पर अखंड रामायण के पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए समितियां बनाने के आदेश प्रमुख सचिव ने जारी किए हैं और तो और विकासात्मक कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर प्रचार-प्रसार करने के लिए देवी मंदिरों के प्रांगण में होर्डिंग लगाए जाने का फरमान जारी किया गया है। काम सही ढंग से हो इसके लिए जनपद एवं शासन स्तर पर नोडल अधिकारी कार्यक्रमों की निगरानी करेंगे।हर दिन के कार्यक्रमों की फोटो भी पोर्टल पर उपलब्ध करानी होगी।

चैत्र नवरात्रि एवं श्रीरामनवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आमजन के जुड़ाव एवं हिंदुओं में सनातनी अलख जगाने को लेकर प्रदेश सरकार ने पहली बार ऐसे आयोजन के आदेश जारी किए हैं। शासन की मंशा के पीछे कुछ भी हो लेकिन फिलहाल ये आयोजन अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में लोगों से तार जोड़े रखने की कवायद ज्यादा लग रही है। हाल ही में सांस्कृतिक अनुभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को जो पत्र जारी किया है।उसमें 22 से 29 मार्च तक मंदिरों एवं शक्तिपीठों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के आदेश दिए गए हैं। इस पूरी अवधि में दुर्गा सप्तशती का पाठ,देवी गायन,देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित होंगे और इसमें विशेष रूप से महिलाओं एवं बालिकाओं को जोड़ने के आदेश दिए गए हैं। प्रमुख शक्तिपीठों एवं मंदिरों में मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार में जन सामान्य को जोड़ते हुए अखंड रामायण का भी पाठ कराने को कहा गया है।इसके लिए हर जिले में विकास खंड से लेकर तहसील व जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति चयनित देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में चिन्हित कलाकारों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करने को और इसके लिए सांस्कृतिक एवं सूचना विभाग समन्वय बनाकर काम करेगा। सूचना तथा जनसंपर्क विभाग के माध्यम से पर्यटन विभाग व अन्य विभागों के द्वारा कराए गए विकासात्मक कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं के विभागों से संबंधित होर्डिंग देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों के प्रांगण में प्रचार-प्रसार के लिए लगायी जाएंगी। आयोजन स्थलों में साफ सफाई, पीने के पानी, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए हैं। महत्वपूर्ण मंदिरों एवं शक्तिपीठों का चयन कर उनका पता,फोटो,जीपीएस लोकेशन सहित मंदिर प्रबंधक का संपर्क नंबर,कलाकारों के नाम व मोबाइल नंबर की जानकारी भी 21मार्च की शाम तक तैयारियों के पूरे विवरण के साथ सांस्कृतिक विभाग के पोर्टल पर किया जाना है। देवी गायन, दुर्गा सप्तशती पाठ,अखंड रामायण पाठ का विवरण एवं फोटोग्राफपोर्टल पर भेजा जाएगा।

## खुद को पुलिस कांस्टेबल बताकर युवती से रचाई शादी, हुआ फ़रार

**फतेहपुर।** मेट्रीमोनियल साइट के जरिए झूठी पहचान जाहिर कर खुद को दिल्ली पुलिस में सिपाही बताने वाले युवक ने पहले युवती से जान पहचान बनाई उसके उसके बाद मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के ज़रिए शादी रचाकर रेप करने व भाग निकलने वाले शख्स पर कार्रवाई के लिये युवती दर दर भटक रही है। जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती से मुंडेरावास जिला दौसा प्रांत राजस्थान निवासी जयवीर सिंह ने खुद को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच में सिपाही होने व असिस्टेंट कमिश्नर आफ पुलिस साउथ वेस्टर्न रेंज में तैनाती की झूठी बातों के ज़रिए मेट्रिमोनियल साइट जीवनसाथी डॉट कॉम पर युवती से फ़र्ज़ी जान पहचान बनाई और मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत 29 नवंबर 2022 को मलवां ब्लाक के गोपालगंज स्थित सर्वोदय इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह किया था। जिसके बाद विदा करा कर दिल्ली स्थित निवास पर ले गया। जहां युवती को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ रेप करके खुद को ड्यूटी पर जाने का बहाना बनाकर फरार हो गया। पीड़ित युवती ने बताया कि वह सदर कोतवाली के सिविल लाइन इलाके में रहती है। जिसके बाद उसने सदर कोतवाली में धोखाधड़ी करने वाले जयवीर सैनी के विरुद्ध कार्रवाई के लिये शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी।


जिस पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया। युवती ने जयवीर सिंह पर दिल्ली पुलिस की ड्रेस का दुपयोग करने युवक के महिला तस्करी व मानव अंग तस्करी करने के जैसे गंभीर अपराध में शामिल होने का आरोप लगाते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपी जयवीर को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र व मुक्त रखने की कवायद

## ● अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने परमाणु संचालित पनडुब्बी समझौते की घोषणा की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका,** ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने परमाणु संचालित पनडुब्बी समझौते की घोषणा की है, जिसका मकसद हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रवैए का मुकाबला करना है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को अमेरिका के सैन डिएगो में एक शिखर सम्मेलन के बाद यह घोषणा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कदम हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र व मुक्त रखने के लिए उठाया गया है। अल्बनीज और सुनक के साथ सैन डिएगो में बाइडन ने कहा, 2030 के दशक की शुरुआत में कांग्रेस के समर्थन और अनुमोदन के साथ अमेरिका तीन वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों को ऑस्ट्रेलिया को बेचेगा, अगर जरूरत हुई तो दो और पनडुब्बियां बेचेगा...। यह अत्याधुनिक पारंपरिक रूप से सशस्त्र परमाणु-संचालित पनडुब्बी... ब्रिटेन की पनडुब्बी प्रौद्योगिकी व डिजाइन को अमेरिकी प्रौद्योगिकी से जोड़ती है। एसएसएन-एयूकेयूएस एक अत्याधुनिक मंच होगा, जिसे तीन देशों से पनडुब्बी प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम लाभ उठाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एसएसएन-एयूकेयूएस ब्रिटेन की अगली पीढ़ी के एसएसएन डिजाइन पर आधारित होगा, जिसमें अत्याधुनिक अमेरिकी पनडुब्बी प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है और इसे ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन दोनों द्वारा बनाया और तैनात किया जाएगा। एसएसएन से तात्पर्य परमाणु संचालित पनडुब्बी है और एयूकेयूएस (ऑकस) ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच हिंद प्रशांत के लिए किए सुरक्षा समझौते को कहा जाता है। ऑस्ट्रेलिया के कर्मचारी अमेरिका और ब्रिटेन के कर्मचारियों के साथ नौकाओं पर और हमारे स्कूलों तथा शिपयार्ड में अड्डों पर आएंगे। हम ऑस्ट्रेलिया में अपने बंदरगाह दौरे भी बढ़ाना शुरू करेंगे। अभी जब हम यहां बात कर रहें तब भी एक परमाणु-संचालित पनडुब्बी यूएसएस एशविले पर्थ में एक बंदरगाह पर पहुंच रही है।।



### ऑक्स खतरनाक रास्ते पर, पनडुब्बी करार एनपीटी का उल्लंघन : चीन

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया द्वारा घोषित परमाणु संचालित पनडुब्बी करार की मंगलवार को निंदा करते हुए कहा कियह समझौता परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का उल्लंघन है और तीनों देश खतरनाक और गलत रास्ते पर जा रहे है। समझौते की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऑक्स संधि के तहत परमाणु पनडुब्बियो और अन्य अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तीन देशो के प्रयास एक शीत युद्ध की मानसिकता थी, जो हथियारो की होड़ को बढ़ावा देगी और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता को नुकसान पहुंचाएगी।

### वैश्विक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध : सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंगलवार को कहा कि ब्रिटिश गोदियों मे बनाई जाने वाली एयूकेयूएस परमाणु पनडुब्बियों की पहली पीढ़ी वैश्विक सुरक्षा के प्रति देश की प्रतिबद्धता का वास्तविक प्रदर्शन है। ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच त्रिपक्षीय समझौते एयूकेयूएस को रणनीतिक महत्व वाले हिंद प्रशांत क्षेत्र मे आक्रामक चीन के जवाब के रूप मे देखा जाता है। ब्रिटिश गोदियों मे परंपरागत आयुध संपन्न परमाणु शक्ति संचालित पनडुब्बियां बनाई जाएंगी, जिन्हें एसएसएन-एयूकेयूएस कहा गया है।

# रूसी मिसाइल यूक्रेन के अपार्टमेंट में गिरी, एक की मौत

**भाषा।** कीव



**रूस की एक** मिसाइल मंगलवार को यूक्रेन में पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र के अहम शहर क्रामतोरस्क के एक अपार्टमेंट में गिरी, जिससे कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उस इमारत में छेद दिख रहे हैं, जहां मिसाइल गिरी है। यूक्रेनी महाभियोजक के कार्यालय और क्षेत्रीय गवर्नर पावलो किरिलेंको ने भी हमले की सूचना दी और इमारत के मलबे की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा कि मिसाइल हमला इतना भयंकर था कि नौ अपार्टमेंट ब्लॉक, एक बालविहार, एक स्थानीय बैंक शाखा और दो कार नष्ट हो गईं। रूस ने यूक्रेन पर फरवरी 2022 में हमला किया था। उसके बाद से इस युद्ध में कई आम नागरिकों की जान गई है। यूक्रेनी प्राधिकारियों ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कम से कम सात आम नागरिकों की मौत हुई और 30 अन्य घायल हुए हैं। इनमें मिसाइल हमले में हताहत हुए लोग भी शामिल हैं।

# अर्मीनिया के प्रधानमंत्री ने रूसी प्रभुत्व वाली सुरक्षा संधि की निंदा की

**भाषा।** एरेवान(अर्मीनिया)

**अर्मीनिया के** प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान ने मंगलवार को आरोप लगाया कि रूस के प्रभुत्व वाले सुरक्षा गठबंधन ने उनके देश को पड़ोसी अजरबैजन के साथ नई दुश्मनी की वजह से उत्पन्न खतरे के बीच अकेला छोड़ दिया है। अर्मीनिया के प्रधानमंत्री लगातार सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) की अजरबैजान के साथ नागोर्नो-काराबाख के मुद्दे पर संघर्ष के दौरान सदस्य देश अर्मीनिया की रक्षा नहीं करने पर आलोचना करते रहे हैं। पशिन्यान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अर्मीनिया नहीं है जो सीएसटीओ से अलग हो रहा है बल्कि इसके उलट सीएसटीओ अर्मीनिया को बाहर कर रहा है, भले उसकी (अर्मीनिया की) इच्छा हो या न हो। हम इसको लेकर चिंतित हैं। पशिन्यान ने जोर देकर कहा कि अर्मीनिया की सीमा और नगोर्नो-काराबाख में युद्ध का खतरा उच्चतम स्तर पर बढ़ा है।

### सार्स महामारी का खुलासा करने वाले जियांग का 91 वर्ष की आयु में निधन

**बीजिंग।** चीन की सेना के चिकित्सक जियांग यानयोंग का मंगलवार को निधन हो गया। हांगकांग के एक अखबार में मंगलवार को प्रकाशित खबर में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि जियांग ने 2003 सार्स महामारी का खुलासा किया था और बाद मे उन्हे राजनीतिक मुखरता के कारण नजरबंद कर दिया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ता हू जिया और साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, जियांग 91 वर्ष के थे और बीजिंग मे शनिवार को निमोनिया से उनकी मृत्यु हो गई। चीन मे जियांग की मौत और यहां तक कि उनके नाम का भी जिक्र प्रतिबंधित है जिससे पता चलता है कि जीवन के आखिरी समय मे वह राजनीतिक रूप से कितने संवेदनशील व्यक्ति थे।

### म्यांमा : सेना और लाकतंत्र समर्थकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**बैंकाक।** म्यांमा की सैन्य सरकार ने सैनिकों द्वारा नागरिकों की सामूहिक हत्या किए जाने से इनकार किया है। सैन्य सरकार ने तीन बौद्ध भिक्षुओं और एक महिला सहित 20 लोगों की मौत के लिए लोकतंत्र समर्थक विद्रोही समूह को जिम्मेदार ठहराया है। सैन्य शासन का विरोध कर रहे विद्रोही समूह ने दावा किया है कि गत शनिवार को म्यांमा के पूर्वी प्रांत शान के दक्षिणी हिस्से मे नाम नेइन गांव स्थित बौद्ध मठ परिसर मे 22 शव मिले थे। उन्होने मौतों के लिए सेना को जिम्मेदार ठहराया। इस पूरे प्रकरण पर किसी निष्पक्ष स्रोत से जानकारी नही आई है।

### रामसहाय के नेपाल का अगला उपराष्ट्रपति बनने की संभावना

**काठमांडू।** नेपाल मे आठ दलो के गठबंधन द्वारा देश के अगले उपराष्ट्रपति के लिए मधेसी समुदाय से संबंध रखने वाले नेता रामसहाय यादव को समर्थन देने का फैसला किए जाने के बाद इस पद पर यादव का आसीन होना लगभग तय है। इस पद के लिए 17 मार्च को चुनाव होगा। यादव (52) के अलावा नेपाल की सीपीएन-यूएमएल की ए. लक्ष्मी शाक्य और जनमत पार्टी की ममता झा चुनावी मैदान में है। जनता समाजवादी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार प्रमिला कुमारी यादव ने सोमवार को अपना नामांकन वापस ले लिया।

### रूस में प्रमुख विपक्षी कार्यकर्ता के खिलाफ मुकदमा शुरू

**मास्को।** रूस की एक अदालत ने देशद्रोह और यूक्रेन मे रूस के सैन्य अभियान के बारे मे भ्रामक सूचना फैलाने के आरोप में एक प्रमुख विपक्षी कार्यकर्ता के खिलाफ सोमवार को मुकदमा शुरू किया। व्लादिमीर कारा-मुर्जा जूनियर नामक विपक्षी कार्यकर्ता पर आरोप है कि उन्होंने कई पश्चिमी देशों में अपने सार्वजनिक संबोधनो मे रूसी सरकार की आलोचना की है। मास्को की एक अदालत मे बंद दरवाजों के भीतर शुरू हुई सुनवाई के दौरान कारा-मुर्जा जूनियर ने खुद को निर्दोष बताया। देशद्रोह और भ्रामक सूचना फैलाने के मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें 25 साल तक जेल की सजा हो सकती है।

### बंदूक के दुरुपयोग से संबंधित आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं बाइडन

**सैन डिएगो (अमेरिका)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन मंगलवार को उस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते है, जिसका उद्देश्य बंदूक के दुरुपयोग पर लगाम लगाना है। इस आदेश के प्रभावी होने से बंदूक खरीदने वाले व्यक्ति की पिछली पृष्ठभूमि की और अधिक बारीकी से जांच की जा सकेगी। साथ ही आग्नेयास्त्रों के बेहतर और अधिक सुरक्षित भंडारण को बढ़ावा दिया जाएगा। इस कार्यकारी आदेश का मकसद यह सुनिश्चित करना भी है कि अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियां पिछली गर्मियों में बनाए गए बंदूक नियंत्रण कानून को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

# इमरान को गिरफ्तार करने आवास पहुंची पुलिस

## ● समर्थकों पर आंसू गैस के गोले दागे

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने मंगलवार को आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार छोड़ी। खान के समर्थक उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची इस्लामाबाद पुलिस का विरोध करने एकत्र हुए थे। तोशाखाना मामले में खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी होने के एक दिन बाद पुलिस उनके घर पहुंची। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिस एक बख्तरबंद वाहन के पीछे चलकर खान के जमान पार्क स्थित आवास की ओर बढ़ रही है और पानी की बौछार कर पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थकों को तितर-बितर किया जा रहा है। इस्लामाबाद पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तोशाखाना मामले में खान को गिरफ्तार करने के लिए उनकी टीम यहां आई है। खान (70) पर प्रधानमंत्री रहने के दौरान मिले उपहारों को तोशाखाना से कम दाम पर खरीदने और मुनाफे के लिए बेचने के आरोप हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान के आवास की ओर बढ़ने के दौरान पुलिस और पीटीआई कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं।



### न्यायाधीश को धमकी मामले में इमरान खान के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पिछले साल यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए एक महिला न्यायाधीश को कथित तौर पर धमकी देने के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट पर 16 मार्च तक के लिए रोक लगा दी। डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान के खिलाफ पिछले साल अगस्त में यहां एक रैली में उनकी टिप्पणी को लेकर मामला दर्ज किया गया था। खान ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जेबा चौधरी और शीर्ष पुलिस अधिकारियो को उनकी पार्टी के प्रति पक्षपाती रवैए के गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी।

# पाकिस्तान के साथ उपनिवेश की तरह व्यवहार कर रहा है आईएमएफ : मरियम

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान मुस्लिम** लीग (एन) (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ नेता मरियम नवाज ने कहा है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के लिए एक बंधक है और उसके साथ वह एक उपनिवेश की तरह व्यवहार कर रहा है। मरियम नवाज ने वैश्विक ऋणदाता के साथ पिछले समझौतों का उल्लंघन करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आलोचना करते हुए यह बात कही। दरअसल, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट का सामना कर रही है। देश वाशिंगटन स्थित आईएमएफ से 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर की बेहद आवश्यक धनराशि का इंतजार कर रहा है। मरियम ने सोमवार को यहां लाहौर के मॉडल टाउन इलाके में युवाओं और सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, आईएमएफ हम पर भरोसा करने को तैयार नहीं है। पाकिस्तान आईएमएफ का बंधक है और वह देश के साथ एक उपनिवेश की तरह व्यवहार कर रहा है। हम इसके चंगुल से निकलने की कोशिश करें, तो भी नहीं कर पाते हैं। पाकिस्तान के दैनिक समाचारपत्र डॉन की एक खबर के मुताबिक, मरियम ने पिछले आईएमएफ समझौते का उल्लंघन करने के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान की कड़ी आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि इमरान खान की गलतियों की वजह से देश एक अरब रुपए की भीख मांग रहा है। मरियम (49) ने अपने पिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सरकार और इमरान खान की सरकार की तुलना करते हुए कहा कि क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान ने अपने कार्यकाल के दौरान देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने की शुरुआत कर दी थी। इमरान पर प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए उन्हें मिले उपहार बेच कर आर्थिक लाभ लेने और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को संकट में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इमरान खान को गिरफ्तार कर लिया जाना चाहिए। वह पार्टी कार्यकर्ताओं के पीछे क्यों छिप रहे हैं? वह फिर से प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। मैं पूछती हूं कि उन्होंने ऐसा क्या किया है कि उन्हें फिर से प्रधानमंत्री बनाया जाए। इमरान खान ने कुछ जनरलों और न्यायाधीशों का समर्थन हासिल करने की कोशिश की।

### पाकिस्तानः कराची पुलिस कार्यालय पर हमले के दो मुख्य साजिशकर्ता ढेर

**कराची।** कराची पुलिस कार्यालय में पिछले महीने हुए हमले में शामिल प्रतिबंधित पाकिस्तानी तालिबान संगठन से संबद्ध दो आतंकवादियों को पाकिस्तान के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के कर्मियों ने मुठभेड़ में मार गिराया। मीडिया की खबरों में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। भारी हथियारों से लैस तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने फरवरी में कराची पुलिस प्रमुख के कार्यालय (केपीओ) पर हमला कर दिया था। इस हमले में तीन आतंकवादी और दो पुलिस कॉन्स्टेबल सहित अन्य चार लोग मारे गए थे। पुलिस के अनुसार, घटना में पुलिसकर्मियों और रेंजर्स समेत 19 अन्य लोग घायल हो गए थे जिनका इलाज चल रहा है।

### कार्यकर्ताओं की मांग : म्यांमा के शासकों की कार्रवाई का संदर्भ अंतरराष्ट्रीय अदालत में हो

**संयुक्त राष्ट्र।** मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आग्रह किया कि म्यांमा के सैन्य शासकों की कार्वाई का संदर्भ अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत में अभियोजन के लिए दिया जाए। उन्होंने पड़ोसी दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से अनुरोध किया कि विपक्षी लोकतंत्र समर्थक आंदोलन का समर्थन करें। दो महिला अधिकार संगठनों के नेताओं ने म्यांमा पर परिषद की बंद कमरे में होने वाली बैठक से पहले संवाददाताओं से बात की। सदस्यों ने म्यांमा के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत नोएलीन हीजर और इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेत्नो मारसुदी का पक्ष सुना। म्यांमा में महिला अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए काम करने वाले संगठनों के गठजोड़ जेंडर इक्वैलिटी नेटवर्क की निदेशक मे साबे फियू ने म्यांमा की सेना पर आतंकित करने वाला अभियान चलाने और मानवता के खिलाफ अपराध के जघन्य कृत्य करने का आरोप लगाया।

### अमेरिका में 2021 में नफरत फैलाने वाले अपराध के मामले 12 प्रतिशत बढ़ेः एफबीआई

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2021 में नफरत फैलाने वाले अपराध के मामलों में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिका में न्याय मंत्रालय की एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने यह जानकारी देते हुए इस बात को रेखांकित किया कि 64.5 प्रतिशत लोगों को नस्ल, उनकी जाति या वंश के कारण निशाना बनाया गया। एजेंसी की ओर से सोमवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दर्ज किए गए कुल अपराधों में से 43.2 प्रतिशत मामले डराने-धमकाने के थे। एफबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में राष्ट्रीय स्तर पर नफरत फैलाने वाले अपराध के मामले 8,120 थे, जो 2021 में 11.6 प्रतिशत बढ़कर 9,065 हो गए। रिपोर्ट में सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा दर्ज किए गए ऐसे मामलों का शामिल किया गया है। एफबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़ितों में से अधिकतर 64.5 प्रतिशत को नस्ल, उनकी जाति या वंश के कारण निशाना बनाया गया।

# उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया

**भाषा।** सियोल

**उत्तर कोरिया** ने एक बार फिर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम दूरी तक मार करने वाली दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं ने सोमवार से अपना सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। उत्तर कोरिया की ओर से यह मिसाइल परीक्षण इसी सैन्य अभ्यास के मद्देनजर किया गया है। उत्तर कोरिया का मानना है कि यह संयुक्त सैन्य अभ्यास उस पर आक्रमण करने की योजना का पूर्वाभ्यास है। उत्तर कोरिया ने सोमवार को कहा था कि उसने इस संयुक्त सैन्य अभ्यास के विरोध में पनडुब्बी से प्रक्षेपित क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। दक्षिण कोरिया की सेना के प्रमुखों ने एक बयान में कहा कि दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर जांगयोन से प्रक्षेपित की गई मिसाइलों ने देश के पूर्वी तट से दूर समुद्र में गिरने से पहले उत्तर कोरिया के आर-पार उड़ान भरी। बयान के अनुसार दोनों मिसाइलों ने करीब 620 किलोमीटर की दूरी तय की। इन मिसाइलों का परीक्षण दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के उद्देश्य से किया गया है, जहां करीब 28 हजार अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। दक्षिण कोरिया की सेना ने मिसाइल परीक्षण को एक गंभीर रूप से उकसाने वाली घटनौ करार देते हुए कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिरता के लिए खतरा बताया। अमेरिकी सेना की हिंद-प्रशांत कमान ने कहा कि मिसाइल परीक्षण से उसके सहयोगियों को तत्काल कोई खतरा नहीं है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि अधिकारी अभी भी उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण का विवरण एकत्र कर रहे हैं ।

# चीन पर्यटकों के लिए खोलेगा सीमाएं

## ● आज से वीजा बहाल

**भाषा।** हांगकांग

**चीन** पर्यटकों के लिए तीन साल के अंतराल के बाद अपनी सीमाएं खोलते हुए बुधवार से सभी वीजा जारी करना शुरू करेगा। कोविड-19 महामारी प्रतिबंधों के कारण वीजा जारी करने पर रोक लगाई गई थी। चीन अपनी सीमाएं पर्यटकों के लिए खोलने वाले प्रमुख अंतिम देशों में से एक है। यह घोषणा मंगलवार को की गई। इससे पहले फरवरी में, उसने कोविड पर निर्णायक जीत की घोषणा की थी। चीन बुधवार से सभी तरह के वीजा जारी करने लगेगा। कुछ गंतव्यों के लिए वीजा-मुक्त प्रवेश भी फिर से शुरू होगा, जिनमें हैनान द्वीप जैसे गंतव्यों के साथ-साथ शंघाई में प्रवेश करने वाले क्रूज जहाज भी शामिल हैं। इन क्षेत्रों में कोविड-19 महामारी से पहले वीजा की आवश्यकता नहीं होती थी। गौरतलब है कि 28 मार्च, 2020 से पहले जारी और अभी भी वैध वीजाधारकों को चीन में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।



कहर : फ्रेडी तूफान की वजह से मलावी में दो शहरों को जोड़ने वाली एक सड़क बुरी तरह से धंस गई

### निकारागुआ में मूल निवासियों के समूह पर हमले में पांच लोगों की मौत, तीन घायल

**मेक्सिको सिटी।** निकारागुआ मे सप्ताहांत मे मूल निवासियो के समूह पर संदिग्ध लोगो के हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियो ने यह जानकारी दी। डेल रो फाउंडेशन के निदेशक अमारु रूईज ने बताया कि कुछ लोगो के शव क्षत-विक्षत हालत मे मिले।

**सार्वजनिक सूचना**
श्री दिव्या मोहन पुत्र स्वर्गीय मनमोहन शर्मा निवासी 121, स्ट्रीट नंबर 7, पुराना आर्य नगर गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश एतदद्वारा घोषणा करता हूं कि वह पुराना आर्य नगर, गली नंबर 7 परगना लोनी तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित प्लॉट नंबर 121, एरिया परिमाप 68.11 वर्ग गज, के पूर्ण मालिक है, इसके बाद "उक्त संपत्ति" के रुप में संदर्भित किया गया है, उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार, शुल्क, बंधक आदि से मुक्त है और मेरे पास संपत्ति का स्पष्ट विपणन योग्य शीर्षक और कब्जा है और श्री दिव्या मोहन पुत्र स्वर्गीय मनमोहन शर्मा ने अब्दुल हमीद को उक्त संपत्ति बेच रहा है और अब्दुल हमीद हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से उक्त संपत्ति के बदले मे ऋण ले रहें हैं, अगर किसी को कोई आपत्ति है तो कृपया 3 दिनों के भीतर 9050571075 पर संपर्क करें (अधिवक्ता ललित कुमार कौशिक)
आर.के. लॉ कंसल्टेंट्स

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all, **Kiran Narang W/o Sh. Lalit Narang R/o Flat No.66, Pocket-E, Near Sanjay Lake, Mayur Vihar Phase-2, Delhi-**110091 Purchaser/Owner of DDA SFS **Flat No.66, First Floor, Pocket-E, Cat-III, Trilok Puri, Mayur Vihar Phase-II, Delhi-**110091 have applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. Allocation Letter, Demand/allotment Letter, Possession Letter, NOC For Water And Electricity Connection, Site Possession Slip & Other Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.228089/2023 dated 10/03/2023 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person (s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9868169325 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing)-SFS or Director (H)-SFS, Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large **MRS. KANTI SHUKLA** W/O MR. GANGA PRASAD who is purchasing the **DESCRIPTION:- PLOT AREA MEASURING 80 SQ. YARDS, OUT OF KHASRANO. 338, KHATA NO. 00132, SITUATED IN THE VILLAGE OF HAIVATPUR, PARGANA & TEHSILDADRI, DISTRICT GAUTAM BUDH NAGAR (U.P.)** from Mr. Mukesh Kumar S/o Mr. Shriya, who had owner through Khatauni Record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector - 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120 - 4269379

# आज बाजार में कैसे धड़ल्ले से बिक रहे हैं फ्री-रेंज अंडे

**भाषा।** लिवरपूल (ब्रिटेन)



## बर्ड फ्लू के भयावह प्रकोप से सुरक्षित हैं अंडे

**ब्रिटेन में इस** समय बर्ड फ्लू का अब तक का सबसे भयावह प्रकोप फैला हुआ है। जैसा कि नाम से पता चलता है, एवियन इन्फ्लूएंजा मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करता है, लेकिन यह मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों को भी संक्रमित कर सकता है। यह वायरस पहली बार 1996 में चीन में सामने आया था और अत्यधिक रोगजनक एच5एन। इसका इस समय तबाही मचाने वाला प्रमुख स्वरूप है। बहुत कम जगह में अत्यधिक पक्षियों को रखने और कुक्कुटों के अनियंत्रित परिवहन के कारण एच5एन। तेजी से फैल रहा है, जिससे तबाही हुई है। केवल पोल्ट्री उद्योग ही प्रभावित नहीं हो रहा है। वर्तमान प्रकोप से अभूतपूर्व पैमाने पर वन्यजीव मारे जा रहे हैं। इनमें ब्रिटेन में समुद्री पक्षियों से लेकर पेरू में सी लॉयन तक शामिल हैं। ब्रिटेन सरकार ने वर्तमान में इससे व्यापक जनता को बहुत कम जोखिम होने का आकलन किया है, लेकिन बर्ड फ्लू के वायरस के कुछ स्वरूप निरंतर निकट संपर्क के चलते मनुष्य तक पहुंच सकते हैं। डेविड एटनबरो की नवीनतम टेलीविजन श्रृंखला के निर्माताओं को इस डर के कारण स्कोमर द्वीप पर समुद्री पक्षियों के करीब जाकर शूटिंग करने की योजना वापस लेनी पड़ी की वे कहीं इस बीमारी की चपेट में ना आ जाएं। प्रकोप के परिणामस्वरूप, नवंबर 2022 से इंग्लैंड में मुर्गियों को अनिवार्य तरीके से प्रतिबंधित क्षेत्र में रखने का नियम बना हुआ है। इसका मतलब है कि ब्रिटेन में उत्पादित कोई भी अंडा वर्तमान में फ्री-रेंज में नहीं है। इस स्थिति का कोई निश्चित अंत नहीं है और फरवरी तक, फ्री-रेंज अंडों को फिर से लेबल कर दिया गया है। कुछ उपभोक्ता ऐसी मुर्गियों के अंडे खरीदकर नाखुश हैं जिन्हें बाहर नहीं आने दिया जा रहा। ब्रिटेन में फ्री-रेंज अंडों के इतिहास से साफ होता है कि अंडों की खरीद को प्राथमिकता देना पहले कभी इतना सुरक्षित या नैतिक नहीं रहा। ब्रिटेन में संचालित पशु कल्याण संस्था आरएसपीसीए ने फ्री-रेंज अंडों की परिभाषा में कहा है कि उन पक्षियों के अंडे जो दिन में असीमित तरीके से बाहरी चरागाहों तक आ सकते हैं। बीसवीं सदी के मध्य से पहले तक ब्रिटेन में लगभग सभी अंडे फ्री-रेंज थे। बाद में 1950 के दशक के बाद से बैटरी वाले पिंजड़ों को सामूहिक रूप से अपनाने से अंडा उद्योग ही बदल गया। बैटरी फॉर्मिंग में मुर्गियों को उनके पर्यावरण को नियंत्रित करने के लिए पिंजड़ों में बंद किया जाता है और उनके अंडों की संख्या बढ़ाई जाती है। ब्रिटेन में 1951 में जितने अंडों का उत्पादन हुआ, उनमें 80 प्रतिशत फ्री-रेंज थे। 1980 तक यह संख्या। प्रतिशत रह गई। बैटरी फॉर्म में रखे जाने वाले कुक्कटों की दशा स्वाभाविक रूप से बिगड़ने लगी। रथ हैरिसन की 1964 में आई एनिमल मशीन्स उन शुरुआती पुस्तकों में से एक है जिसमें आधुनिक कुक्कुट उत्पादन की क्रूरता के बारे में लिखा गया है। फ्री-रेंज अंडों को उपभोक्ता सुरक्षित और आसान विकल्प के रूप में देखते हैं।

# ब्रिटेन ने यूएनएससी सुधारों व भारत की स्थाई सदस्यता के समर्थन की बात दोहराई

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन सरकार ने** सोमवार को संसद में पेश की गई अपनी रक्षा एवं विदेश नीति संबंधी ताजा समीक्षा के तहत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों और उसमें भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन करने को पहली बार मजबूत प्रतिबद्धता जताई। इंटीग्रेटेड रिव्यू रिफ्रेश 2023: रिस्पोंडिंग टू ए मोर कंटेस्टेड एंड वोलेटाइल वर्ल्ड (समेकित ताजा समीक्षा 2023: एक अधिक प्रतिस्पर्धी और अस्थिर दुनिया के संबंध में प्रतिक्रिया) 2021 की समीक्षा (आईआर2021) से आगे की बात करती है। आईआर2021 में हिंद-प्रशांत को लेकर तथाकथित झुकाव दिखा था। सरकार का अब मानना है कि हिंद-प्रशांत अब केवल झुकाव नहीं, बल्कि ब्रिटेन की विदेश नीति का एक स्थाई स्तंभ है और ब्रिटेन भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। ताजा समीक्षा में कहा गया है, आईआर2021 से आगे बढ़ते हुए, ब्रिटेन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार का समर्थन करेगा और स्थाई सदस्यों के रूप में ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी का स्वागत करेगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के विदेशी मामलों संबंधी प्रवक्ता ने पीटीआई से कहा, ऐसा पहली बार हुआ है।

# सरकार, न्यायपालिका में कोई विवाद नहीं : किरेन रीजीजू

भाषा। नई दिल्ली



**विधि मंत्री** किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि सरकार और न्यायपालिका एक टीम की तरह मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन समाज में कुछ लोग हैं जो ऐसा दर्शाने की कोशिश में लगे हैं कि दोनों के बीच कोई विवाद या गलतफहमी है। रीजीजू ने यह भी कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। उनके बयान में कुछ ठोस नहीं होता इसलिए इस पर किसी तरह की प्रतिक्रिया की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने यहां लोकमत नेशनल कॉन्क्लेव में इन आरोपों को खारिज कर दिया कि सरकार विपक्ष पर निशाना साधने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग कर रही है।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, यह सही नहीं है। भाजपा में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाता, इसलिए पूर्वाग्रह का कोई सवाल नहीं है। भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति मोदी सरकार का मंत्र है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त के चयन के लिए एक समिति बनाने के उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले पर रीजीजू ने कहा कि एक मंत्री के रूप में उन्हें न्यायिक निर्णयों पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। अगर मुझे लगता है कि अतिक्रमण हो रहा है, तो मैं उचित मंच पर उठाऊंगा या उचित कार्वाई करूंगा।

रीजीजू ने कहा कि संसद सत्र चल रहा है, इसलिए वह सरकार की कोई विधेयक लाने की मंशा या अन्य किसी फैसले के बारे में बात नहीं करना चाहेंगे। लेकिन मैं आपको आश्वासन देता हूं कि हम अपना कर्तव्य निभाएंगे। किसी भी कार्वाई के लिए पूरी सावधानी बरती जाती है और हम ऐसे किसी मामले को नहीं उठाते हैं। हम जरूरी होने पर ही कोई कार्वाई करेंगे और यदि सुधारात्मक कदम आवश्यक होंगे तो हम ऐसा करेंगे। कानून बनाने में संसद की सर्वोच्चता से समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार और न्यायपालिका टीम की तरह काम कर रहे हैं। रीजीजू ने कहा, समाज में कुछ तत्व हैं जो जानबूझकर एक तरह का भ्रम या विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नकारात्मक तरीके से यह प्रदर्शित किया जा सके कि सरकार और न्यायपालिका के बीच किसी तरह की गलतफहमी या विवाद है, जो ठीक नहीं है।

# महाराष्ट्र में पुरानी पेंशन की मांग को लेकर राज्यकर्मी हड़ताल पर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर राज्य के लाखों सरकारी कर्मचारी मंगलवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इससे प्रशासन और कई सेवाएं प्रभावित हुईं। यह हड़ताल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा वरिष्ठ नौकरशाहों की एक समिति गठित करने की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि समिति राज्य सरकार के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करने की मांग पर विचार करेगी और समयबद्ध तरीके से रिपोर्ट देगी। राज्य सरकार और नगर निकायों के अस्पतालों में कार्यरत पैरामेडिक, सफाईकर्मी और शिक्षक भी हड़ताल में शामिल हैं। शिक्षक ऐसे समय हड़ताल में शामिल हुए हैं जब राज्य में 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं हो रही हैं। सोमवार को सरकार और कर्मचारी संघों के बीच हुई वार्ता असफल होने के बाद कर्मचारी हड़ताल पर गए। कर्मचारियों ने मंगलवार को सरकारी कार्यालयों व अस्पतालों के सामने केवल एक मिशन, बहाल करो पुरानी पेंशन जैसे नारे लगाए। राज्य सरकार के कर्मचारियों, अर्द्ध-सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के करीब 35 संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाली समिति के संयोजक विश्वास काटकर ने दावा किया कि उनके सदस्य महाराष्ट्र के सभी 36 जिलों में हड़ताल और प्रदर्शनों में हिस्सा ले रहे हैं। काटकर ने दावा किया, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, सरकारी प्रतिष्ठानों, कर कार्यालयों और यहां तक जिला कलेक्टर कार्यालयों में काम पूरी तरह ठप रहा।



उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की मांग से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, जिसके तहत पेंशन की पूरी राशि सरकार द्वारा दी जाती है और इसे बहाल किया जाना चाहिए। पुरानी पेंशन (सशस्त्र बलों को छोड़कर) वर्ष 2004 से बंद है और नए कर्मचारियों पर नई पेंशन योजना लागू है, जो अंशदान आधारित योजना है। महाराष्ट्र नर्सेज एसोसिएशन की सुमित्रा टोटे ने कहा कि हड़ताल के पहले दिन उनकी 30 जिलों में मौजूद 34 शाखाओं की सदस्यों ने हिस्सा लिया। हालांकि, अस्पतालों सहित मुंबई में सरकारी सेवाएं मोटे तौर पर अप्रभावित रहीं। जेजे अस्पताल की डीन डॉ. पल्लवी सापले ने बताया कि चार अस्पतालों का संचालन करने वाला सरकारी जेजे समूह व्यापक तौर पर अप्रभावित रहा।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के कर्मचारी संघ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उन्होंने हड़ताल का समर्थन किया है, लेकिन उसमें हिस्सा नहीं लिया। प्रमुख मजदूर नेता एवं निकाय के मजदूर संगठन के प्रमुख शशांक राव ने कहा कि संगठन ने बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल को पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है और एक प्रति मुख्यमंत्री शिंदे को भेजी है। पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने भी प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का समर्थन किया और कहा कि सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए।

# गुजरात में 1.5 साल में 5,300 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए

भाषा। गांधीनगर

**गुजरात पुलिस** ने पिछले डेढ़ साल के दौरान 5,300 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। साथ ही पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल 102 लोगों को पकड़ा है। यह जानकारी गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने सदन में विधानसभा के नियम 116 के तहत एक चर्चा के दौरान साझा की। उन्होंने सरकार द्वारा समुद्री मार्ग से राज्य में हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों की आवक रोकने के लिए की गई कार्वाई पर चर्चा के दौरान कहा," गुजरात पुलिस ने अगस्त 2021 से फरवरी 2023 तक 5,300 करोड़ रुपए से अधिक का लगभग ।,000 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया और 56 विदेशी नागरिकों सहित कुल 102 तस्करों को गिरफ्तार किया।

मंत्री ने बताया कि पकड़े गए 56 विदेशियों में से पाकिस्तान के 44, ईरान के सात, अफगानिस्तान के तीन और नाइजीरिया के दो नागरिक थे। गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक अमित चावड़ा और अर्जुन मोढवाडिया और प्रवीण कुमार माली और उदय कांगड़ (दोनों भाजपा) ने सदन में यह मुद्दा उठाया। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ गुजरात पुलिस के अभियान की प्रशंसा करते हुए संघवी ने दावा किया कि कांग्रेस शासित कुछ राज्यों ने अपने प्रतिनिधिमंडलों को यह समझने के लिए भेजा था कि कैसे गुजरात की पुलिस मादक पदार्थों के खतरे को प्रभावी ढंग से रोकने में कामयाब रही। मंत्री ने कहा कि अधिकांश नशीले पदार्थों की जब्ती केंद्रीय एजेंसियों को गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा प्रदान की गई सटीक सूचना के कारण संभव हुई है।

# धनशोधन के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव तलब

भाषा। रांची/नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से संबंधित धनशोधन मामले के सिलसिले में तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अब पंचायती राज सचिव एक्का से इस मामले से संबंधित मनरेगा योजना में कथित अनियमितताओं के बारे में पूछताछ की जा सकती है। एक निजी स्थान पर सरकारी कागजों पर कथित रूप से हस्ताक्षर करने के विवाद में फंसे एक्का को भाजपा के इस आरोप के बाद प्रधान सचिव के पद से हटा दिया गया कि उनकी बिचौलियों से मिलीभगत है।

ईडी कथित मनरेगा घोटाले के साथ धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज दूसरे मामले के अंतर्गत भी राज्य में खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में सिंघल की भूमिका की जांच कर रही है। इस बीच, झारखंड सरकार ने एक्का के विरूद्ध आरोपों की जांच के लिए एक सदस्ईय जांच आयोग सोमवार को गठित किया। इससे पहले भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र भेजकर पुलिस भवन निर्माण निगम के एक अभियंता के अलावा सत्ता के एक कथित दलाल की संलिप्तता की जांच तथा एक्का एवं विभागीय अभियंताओं के विरूद्ध कार्वाई की मांग की थी।

उन्होंने एक्का और अभियंता के पत्रों की कथित प्रतियां भी दीं और दावा किया कि वे गहरी साठगांठ को दर्शाती हैं। उन्होंने संलिप्त अधिकरियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने यह आरोप भी लगाया कि पुलिस भवन निर्माण निगम के एक अभियंता को उसकी सेवानिवृति के बाद अनुबंध पर फिर से नियुक्त किया गया और इस संबंध में कोई विज्ञापन नहीं निकाला गया था। कार्मिक, प्रशासन एवं राजभाषा विभाग की ओर से सोमवार देर शाम जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार इसे जन महत्व का मुद्दा मानती है जिसकी सघन, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की जरूरत है।

अधिसूचना में कहा गया है, झारखंड सरकार झारखंड, हिमाचल एवं उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश विनोद गुप्ता को इस मामले में मुद्दों एवं आरोपों की जांच के लिए एक सदस्ईय जांच आयोग का अध्यक्ष नियुक्त करती है। सरकार के मुताबिक आयोग को छह माह में अपनी जांच रिपोर्ट पेश करनी होगी। ईडी ने धनशोधन के दो मामलों की अपनी जांच के दौरान कथित अवैध खनन से संबंधित 36 करोड़ रुपए से अधिक की रकम जब्त की थी।

## नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में तीसरी बार सीबीआई के समक्ष पेश नहीं हुए तेजस्वी यादव

**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को तीसरी बार सीबीआई की पूछताछ में शामिल नहीं हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चार मार्च और 11 मार्च को पेश नहीं होने पर यादव को मंगलवार को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया गया था। अधिकारियों ने कहा कि तेजस्वी मंगलवार को तीसरे नोटिस पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। सीबीआई ने हाल में यादव के पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी से क्रमश: दिल्ली और पटना में पूछताछ की थी।

## क्विक न्यूज

### भाजपा का पूरे हिन्दू समुदाय पर दावा नहीं, मुतालिक चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र : ईश्वरप्पा

**मेंगलुरु।** भाजपा नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा पूरे हिंदू समुदाय पर अपना दावा नही कर सकती।श्री राम सेना प्रमुख प्रमोद मुतालिक के आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव लड़ने के निर्णय का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि किसी को भी लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का अधिकार है। उडुपी मे पार्टी की विजया संकल्प यात्रा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के पूर्व मंत्री ईश्वरप्पा ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा हिंदू समुदाय के हितों की रक्षा के लिए सभी प्रयास कर रही है। उडुपी जिले के करकला निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के मुतालिक के फैसले से जुड़े एक सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में सभी को चुनाव लड़ने का अधिकार है। ईश्वरप्पा ने कहा, मुतालिक भले ही हिंदू नेता हों, लेकिन हमने पूरे हिंदू समाज को गोद नही लिया है। अन्य लोग भी पहल कर सकते हैं, जिसके बाद जनता निर्णय लेगी और मतदान करेगी। अजान को लेकर दिए गए विवादास्पद बयान पर अपने रुख को दोहराते हुए भाजपा नेता ने कहा, अगर परीक्षा के समय में दिन में चार-पांच बार अजान दी जाती है, तो छात्र कैसे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकते है? गौरतलब है कि ईश्वरप्पा ने सोमवार को कहा था कि अजान के लिए इस्तेमाल होने वाले लाउडस्पीकर लोगों को परेशान करते है, खासकर परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और अस्पतालों में मरीजों को।

### भारतीय खाद्य निगम ई-नीलामी के जरिए थोक उपभोक्ताओं को 10.13 लाख टन गेहूं और बेचेगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने गेहूं और आटा की कीमतों पर अंकुश लगाने के सरकार के प्रयासों के तहत बुधवार को होने वाली ई-नीलामी के छठे दौर में थोक उपभोक्ताओं को 10.13 लाख टन गेहूं बेचने की योजना बनाई है। केंद्र ने कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 50 लाख टन गेहूं खुले बाजार में बेचने की घोषणा की है। इसमें से 45 लाख टन आटा मिलों सहित थोक उपभोक्ताओं को बेचा जाना तय किया गया है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने अब तक आयोजित पांच दौर की ई-नीलामी में थोक उपभोक्ताओं को 28.85 लाख टन गेहूं बेचा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक, एफसीआई 15 मार्च को होने वाली छठे दौर की ई-नीलामी में थोक उपभोक्ताओं को 10.13 लाख टन गेहूं बेचेगा। एफसीआई अपने 620 डिपो से गेहूं की बिक्री करेगा। पिछले दौर में एफसीआई ने खुली बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत आटा मिलों सहित थोक उपभोक्ताओं को 5.39 लाख टन गेहूं बेचा था। अधिकारी ने कहा कि खुले बाजार में गेहूं की बिक्री से देश में गेहूं और आटे की कीमतों में कमी लाने में मदद मिली है।

### फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने 10,000 नौकरियां खत्म कीं

**न्यूयॉर्क।** फेसबुक की मूल कंपनी मेटा 10,000 नौकरियां और घटा रही है और व्यय में कटौती करते हुए वह 5,000 रिक्त पदों पर नियुक्ति नही करेगी। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि वह अपनी नियोक्ता टीम का आकार घटाएगी और अपने प्रौद्योगिकी समूह मे अप्रैल के अंत में और लोगों को नौकरी से निकालेगी। उसके बाद मई के अंत मे व्यापारिक समूह मे से लोगो को नौकरी से निकालेगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने कहा, यह मुश्किल रहेगा लेकिन और कोई रास्ता नही है। उन्होंने कहा, इसका मतलब हमारी सफलता का हिस्सा रहे प्रतिभाशाली और जुनूनी सहयोगियो को अलविदा कहना होगा। कंपनी ने मेटावर्स पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कई अरब डॉलर का निवेश किया है। इसने ऑनलाइन विज्ञापन बाजार में गिरावट और टिकटॉक जैसे प्रतिद्वंद्वियों से प्रतिस्पर्धा से प्रभावित होकर चौथी तिमाही में कम लाभ और राजस्व दर्ज किया था। कंपनी ने नवंबर में 11,000 नौकरियां खत्म करने की घोषणा की थी।

### बिहार के हथियार रैकेट का सरगना कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस और बिहार अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की एक संयुक्त टीम ने शहर के बड़ा बाजार इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। माना जा रहा है कि गिरफ्तार व्यक्ति बिहार में हथियार व मादक पदार्थ रैकेट का सरगना है। अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अहमद अली के रूप मे हुई है। वह भारत के पूर्वी हिस्से मे हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी में भी शामिल रहा है। आरोपी बिहार के मुजफ्फरपुर से काम कर रहा था और अपने ठिकाने से फरार हो गया था। बिहार से भागने के बाद, वह एक मजदूर के भेष में कोलकाता के बड़ा बाजार इलाके मे छिपा हुआ था। वह अन्य मजदूरो के साथ एक व्यावसायिक इमारत मे रह रहा था। रविवार को बिहार सीआईडी अधिकारियो और कोलकाता पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामारी अभियान चलाया और अपराधी को दबोच लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को आगे की जांच के लिए ट्रांजिट रिमांड पर बिहार ले जाया गया।

## मस्जिदों में लाउडस्पीकर के प्रयोग के खिलाफ याचिका पर सरकार से जवाब तलब

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मस्जिदों में लाउडस्पीकर के जरिए अजान देने पर रोक लगाने हेतु दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ए.जे.देसाई और न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव की पीठ ने सोमवार को बजंरग दल नेता शक्तिसिंह जाला की याचिका को जनहित याचिका में शामिल करने की अनुमति दे दी। अदालत ने यह अनुमति मूल याचिकाकर्ता धर्मेंद्र प्रजापति द्वारा धमकी के मद्देनजर याचिका वापस लिए जाने के बाद दी। जाला के वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि मूल याचिकाकर्ता की अनुपस्थिति में उन्हें याचिका में शामिल होने की अनुमति दी जाए। अदालत ने मामले को 12 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध करते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। जनहित याचिका में अनुरोध किया गया है कि गुजरात के मस्जिदों में लाउडस्पीकर के जरिए अजान देने पर रोक लगाई जाए।

# ग्लोबल वार्मिंग से सूखे और बाढ़ की विभीषिका बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन से सूखा और सामान्य से अधिक बारिश व कुछ इलाकों में पानी की कमी की विभीषिका के साथ-साथ इन आपदाओं के घटने का अंतराल भी कम होता जाएगा। इसकी पुष्टि नेशनल एयरोनॉटिक्स ऐंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की अगुवाई में एक अध्ययन में की गई है। अध्ययन में कहा गया है कि हमारी धरती के गर्म होने के साथ सूखा और बाढ़ जैसी आपदाएं बार-बार आएंगी और इसकी विभीषिका प्रचंड होगी। अध्ययन में कहा गया कि वैज्ञानिकों ने इसका पूर्वानुमान लगाया है इनकी पहचान क्षेत्रीय और महाद्वीप के स्तर पर करना और साबित करना मुश्किल है।

जर्नल नेचर वाटर में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक अमेरिकी संस्था नासा के दो वैज्ञानिकों ने नासााजर्मनी के उपग्रहों ग्रेस और ग्रेस-एफओ से गत 20 साल से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण गंभीर सूखे और बाढ़ की घटनाओं की विभीषिका में बदलाव का अध्ययन करने के लिए किया। अध्ययन के मुताबिक अमेरिका में खराब मौसम से हर साल होने वाले आर्थिक नुकसान में 20 प्रतिशत क्षति बाढ़ और सूखे से होती है। आर्थिक नुकसान पूरी दुनिया में लगभग एक समान है लेकिन जनहानि सबसे अधिक गरीब और विकासशील देशों में होती है। पूरी दुनिया में बाढ़ और सूखे की तीव्रता जैसे इनसे होने वाला नुकसान, इन परिस्थितियों की अवधि और गंभीरता का संबंध ग्लोबल वार्मिंग से है। 2015 से 2021 के बीच के सात साल आधुनिक रिकॉर्ड रखने के दौरान दर्ज नौ सबसे गर्म सालों में हैं। अत्याधिक बारिश और सूखे के बार-बार आने का औसत भी बढ़कर प्रति वर्ष चार हो गया है जबकि 13 साल पहले यह संख्या तीन प्रतिवर्ष थी। अनुसंधान पत्र लेखकों ने कहा कि गर्म हवा होने की वजह से पृथ्वी की सतह से गर्मी के दिनों में अधिक वाष्पीकरण होता है क्योंकि गर्म हवा अधिक नमी सोख सकती है जिससे भीषण बारिश और बर्फबारी की आशंका बढ़ती है।

# ब्रांड इंडिया आ गया है, यह सिर्फ एक शुरुआत ऑस्कर की उपलब्धि पर बोले अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** ऑस्कर पुरस्कार समारोह में भारत की उपलब्धियों की सराहना करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि ब्रांड इंडिया आ गया है। साथ ही उन्होंने देश को दुनिया का कंटेंट हब (विषय वस्तु का केंद्र) बनाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान भी किया। केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि आरआरआर के नाटु नाटु गीत ने न केवल देश का, बल्कि दुनिया भर का दिल जीता है। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए गर्व की बात है कि भारतीय फिल्म उद्योग ने ऑस्कर में दो पुरस्कार जीते हैं। उन्होंने कहा, ब्रांड इंडिया आ गया है और यह सिर्फ एक शुरुआत है। भारत में दुनिया का कंटेंट हब बनने की क्षमता है। आइए, हम भारत को दुनिया का कंटेंट हब बनाने के लिए मिलकर काम करें।

ज्ञात हो कि निर्देशक एस. एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है। गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे स्वर काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दिया है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना।

कार्तिकी गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित तमिल भाषा के वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर जीता। यह उल्लेख करते हुए कि आज कुछ भी क्षेत्रीय नहीं है, ठाकुर ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने लोकल टू ग्लोबल (स्थानीय से वैश्विक) का आह्वान किया है, हमारा क्षेत्रीय अब अंतरराष्ट्रीय हो गया है और यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हालांकि नाटु नाटु गीत तेलुगु में गाया गया था और इसे कई भाषाओं में डब किया गया लेकिन आज यह दुनिया भर के करोड़ों लोगों के दिलों में धड़क रहा है और भारत का संगीत हर जगह अपनी धूम मचा रहा है।

ठाकुर ने यह भी कहा कि द एलीफेंट व्हिस्परर्स वृत्तचित्र को तमिल में कम बजट में बनाया गया था, लेकिन इसने दुनिया भर में प्रशंसा हासिल की है। उन्होंने कहा, मैं निर्माताओं को इसके लिए बधाई देता हूं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों को मंच प्रदान करने में मदद की है और कान फिल्म महोत्सव में भारत को सम्मानित देश का दर्जा दिया गया। उन्होंने एक घटना का भी हवाला दिया, जिसमें मध्य एशिया से आए युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय गीत गाए थे। ठाकुर ने यह भी कहा कि आरआरआर के पीछे का कहानीकार इस सदन का सदस्य है।

# बिहार विधानसभा में भाजपा विधायक ने माइक तोड़ा, दो दिन के लिए निलंबित

**पटना।** बिहार में भाजपा के एक विधायक को अशोभनीय आचरण करने पर दो दिन के लिए निलंबित कर दिया गया जिसके बाद उनकी पार्टी के सहयोगियों ने विरोध शुरू कर दिया और सदन से वाकआउट किया। हालांकि सरकार ने विधानसभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने एक "अच्छी मिसाल" कायम की है। विधानसभा अध्यक्ष चौधरी ने जैसे ही लखेंद्र रौशन के निलंबन की घोषणा की, रौशन खड़े हो गए और कहा कि उन्होंने "माइक्रोफोन नहीं तोड़ा था, वह खराब था और खुद ही बाहर आ गया था।

उन्होंने चिल्ला कर कहा, मैं कार्यवाही में भाग ले रहा था। प्रश्नकाल के दौरान बोलने की मेरी बारी थी और माइक्रोफोन ठीक से काम नहीं कर रहा था। मैंने इसे ठीक करने की कोशिश की लेकिन यह खराब था और खुद ही बाहर आ गया। रौशन ने कहा, सत्यदेव राम (सीपीआई-एमएल लिबरेशन विधायक) ने मेरे खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इसके बाद भी मुझे ही दोषी ठहराया जा रहा है। किसी दलित विधायक को इस तरह परेशान नहीं किया जाना चाहिए। इसके बाद सदन में कुछ देर तक हंगामे की स्थिति रही और बाद में सभी भाजपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

विधानसभा अध्यक्ष की कार्वाई के बाद संसदीय मामलों के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रौशन के अलोकतांत्रिक और असंसदीय व्यवहार की निंदा की और कहा कि रौशन को माफी मांगनी चाहिए। विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा, "जो हुआ, उसके लिए दोनों पक्ष समान रूप से जिम्मेदार हैं। हमारे विधायकों को सत्ता पक्ष ने उत्तेजित किया। अगर माफी मांगनी है तो दोनों तरफ से मांगी जानी चाहिए।

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा, भाजपा के लोगों को गलतबयानी करने की आदत है। उन्होंने सदन के अंदर गलत बोला कि तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिकों पर हमला किया जा रहा है। अब वे फिर झूठ बोल रहे हैं, यहां तक कि अध्यक्ष पर भी पक्षपात करने का आरोप लगा रहे हैं। सदन में हंगामे की शुरुआत उस समय शुरू हुई जब प्रश्नकाल का 10 मिनट समय शेष था और रौशन एक तारांकित प्रश्न पूछ रहे थे एवं संबंधित मंत्री सरकार का जवाब प्रस्तुत कर रहे थे। इसी दौरान भाकपा(माले)-लिबरेशन विधायक सत्यदेव राम ने भी कुछ बोलने का प्रयास किया। राम की पार्टी राज्य की नीतीश कुमार सरकार को बाहर से समर्थन देती है। राम ने सदन से बाहर संवाददाताओं से कहा, अध्यक्ष ने एक अन्य सदस्य का नाम पुकारा, तब रौशन ने गुस्से में माइक्रोफोन को तोड़ दिया।

# डीआरडीओ के स्वदेशी पावर टेक ऑफ शाफ्ट का तेजस पर सफल उड़ान परीक्षण

भाषा। नई दिल्ली

**बेंगलुरु** में हल्के लड़ाकू विमान तेजस पर पावर टेक ऑफ (पीटीओ) शाफ्ट का सफल उड़ान परीक्षण किया गया। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी। पीटीओ एक महत्वपूर्ण उपकरण होता है जो विमान के इंजन से गियरबॉक्स तक ऊर्जा पहुंचाता है। मंत्रालय ने कहा कि पीटीओ शाफ्ट का पहला सफल परीक्षण एलसीए तेजस लिमिटेड सीरीज प्रोडक्शन (एलएसपी)-3 विमान पर किया गया। मंत्रालय ने कहा, इस सफल परीक्षण के साथ, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने जटिल हाई-स्पीड रोटर तकनीक को साकार करके एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि हासिल की है, जो केवल कुछ देशों ने हासिल की है। पीटीओ शाफ्ट को डीआरडीओ के चेन्नई स्थित कॉम्बैट व्हीकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट द्वारा स्वदेशी



रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, सार्वजनिक क्षेत्र के संबंधित उपक्रमों और उद्योगों की सराहना करते हुए कहा कि पीटीओ शाफ्ट को सफलतापूर्वक साकार किया जाना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और प्रमुख मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने कहा कि इस सफलता ने देश की अनुसंधान क्षमता को प्रदर्शित किया है।

# लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई धीमी गति से नहीं हो रही: सर्वोच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई से जुड़ी जानकारी से उसे अवगत कराते रहने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायालय ने, हालांकि इस बात से इनकार किया कि मामले की सुनवाई धीमी गति से चल रही है। केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा 2021 में हुई लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी हैं। इस हिंसा में आठ लोगों की जान चली गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि मामले की सुनवाई उसकी निगरानी में नहीं हो रही है, लेकिन वह अप्रत्यक्ष रूप से इस पर नजर बनाए हुए है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी की पीठ ने कहा कि 25 जनवरी के उसके आदेश में दिए अंतरिम निर्देशों का पालन किया जाए। शीर्ष अदालत ने 25 जनवरी को आशीष मिश्रा को आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी थी। पीड़ितों के परिजनों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि अभियोजन पक्ष के करीब 200 गवाहों से पूछताछ की गई है और वह मुकदमे की धीमी सुनवाई को लेकर चिंतित हैं।

पीठ ने कहा, सुनवाई धीमी नहीं है। हमें सुनवाई कर रहे न्यायाधीश से तीन पत्र मिले हैं। न्यायालय ने कहा कि उसने लखीमपुर खीरी के प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मिले पत्रों पर गौर किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पत्रों के अनुसार तीन गवाहों से पूछताछ समाप्त हो चुकी है, जबकि एक गवाह से जिरह की जा रही है। पीठ ने कहा, हम निगरानी शब्द का इस्तेमाल नहीं कर रहे, लेकिन हम सुनवाई पर परोक्ष रूप से नजर बनाए हुए हैं और इसे जारी रखेंगे। उच्चतम न्यायालय ने 25 जनवरी को आशीष मिश्रा को आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी थी और जेल से छूटने के एक सप्ताह के भीतर उन्हें उत्तर प्रदेश छोड़ने का निर्देश दिया था। लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का किसानों द्वारा विरोध किए जाने के दौरान तीन अक्टूबर, 2021 को हुई हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया था और इस एसयूवी में आशीष मिश्रा बैठे थे। इस घटना के बाद एसयूवी के चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को गुस्साए किसानों ने कथित रूप से पीट-पीटकर मार डाला था। हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई थी। मिश्रा की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि 25 जनवरी के आदेश के बाद उनके मुवक्किल को जेल से रिहा कर दिया गया और वह हर सुनवाई पर निचली अदालत में पेश हो रहे हैं।

# खुद पर परेशानी को हावी होने दिया : विराट

● बड़ा स्कोर नही बनाना लगातार परेशान कर रहा था: कोहली

● कोच द्रविड़ के साथ साझा की बाते

भषा। अहमदाबाद



**भारत के स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली ने स्वीकार किया है कि लंबे समय तक टीम के लिए कोई ठोस योगदान नहीं देना उन्हें लगातार परेशान कर रहा था। उन्होंने भारतीय कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत में कहा कि टेस्ट में एक बड़ा शतक बनाने की बेताबी में उन्होंने उम्मीदों को खुद पर हावी होने दिया। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में 186 रन की पारी खेली और तीन साल से अधिक समय के टेस्ट शतक के सूखे को खत्म किया। यह उनके टेस्ट करियर का 28वां जबकि कुल 75वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। उन्होंने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की वेबसाइट पर जारी वीडियो में कहा, ईमानदारी से कहूं तो अपनी खामियों के कारण मैंने खुद पर परेशानी को हावी होने दिया। क्रिकेट में तीन अंकों का आंकड़ा हासिल करने की बेताबी ऐसी चीज है जो एक बल्लेबाज के रूप में आप पर हावी हो सकती है। मैंने कुछ हद तक अपने साथ ऐसा होने दिया। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि मैं ऐसा खिलाड़ी नहीं हूं जो 40-45 रन से खुश रहे। मुझे टीम के लिए प्रदर्शन करने में बहुत गर्व महसूस होता है। जब मैं 40 रन पर बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो मुझे पता होता है कि मैं 150 रन बना सकता हूं। लेकिन ऐसा नहीं होना मुझे लगातार परेशान कर रहा था। द्रविड़ ने उनसे जब पूछा कि इस प्रतिकूल समय से निपटना कितना मुश्किल था तो कोहली ने कहा, अगर मैं सच कहूं तो यह थोड़ा मुश्किल हो जाता है क्योंकि जैसे ही आप होटल के कमरे से बाहर कदम रखते हैं, बाहर के आदमी से लेकर लिफ्ट में मौजूद व्यक्ति, बस ड्राइवर हर कोई कह रहा है हमें आपके बल्ले से शतक चाहिए। , ऐसे में यह आपके दिमाग में चलता रहता है, लेकिन इतने लंबे समय तक खेलने का फायदा यह है कि आप इस तरह की मुश्किल परिस्थितियों से निपटना सीख जाते है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शतकीय पारी के दौरान लगभग साढ़े आठ घंटे और 364 गेंद तक बल्लेबाजी की। उन्होंने इस दौरान संयम का परिचय देते हुए लगातार 162 गेंदों पर कोई चौका नहीं लगाया। उन्होंने अपना पांचवां चौका 89वीं गेंद पर लगाया जबकि छठा चौका उनकी पारी की 251 वीं गेंद पर आया। इस बातचीत में द्रविड़ ने कहा कि वह भी पूर्व कप्तान के बल्ले से बड़ी शतकीय पारी देखने के लिए बेताब थे और आखिर में यह सार्थक रहा क्योंकि कोहली ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मैंने उन्हें एक खिलाड़ी के तौर पर देखा है। मैंने टेलीविजन पर उनकी कई शतकीय पारियों को देखने के साथ कोचिंग का जिम्मा मिलने पर पिछले 15-16 महीने में उनके बल्ले से शतकीय पारियों (टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे) का लुत्फ उठाया है। मैं भी ड्रेसिंग रूम से उनकी टेस्ट में शतकीय पारी का लुत्फ उठाने के लिए बेताब था। भारतीय कोच ने कहा, आपके इस टेस्ट शतक का आनंद लेना शानदार एहसास था। यह बेहतरीन पारी थी। आपने मुझे लंबे समय तक इसका इंतजार कराया लेकिन जिस तरह से आपने पारी को आगे बढ़ाया, उसे देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। इस टेस्ट से पहले कोहली का पिछला शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट में आया था। कोहली ने कहा कि वह कभी उपलब्धि के बारे में सोच कर नहीं खेलते है। बहुत से लोग मुझसे पूछते हैं, आप इतने शतक कैसे बनाते हैं। मैं हमेशा कहता हूं कि मेरा लक्ष्य टीम के लिए जितना संभव हो उतनी अधिक देर तक बल्लेबाजी करना है और इस लक्ष्य को हासिल करने के दौरान ही शतक बना जाता है।

# वनडे श्रृंखला के लिए नही लौटेंगे कमिंस

## स्मिथ कप्तानी बरकरार

भाषा। अहमदाबाद

**स्टीव स्मिथ** भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करना जारी रखेंगे क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस भारत नहीं लौट रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के बाद कमिंस मां की बीमारी के कारण स्वदेश लौट गए थे। स्तन कैंसर से जूझने के बाद उनकी मां मारिया का हालांकि पिछले सप्ताह निधन हो गया था। तीन मैचों की इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार को मुंबई में खेल जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, पैट (कमिंस) वापस नहीं आ रहा है। उसके घर में जो हुआ वह उससे निपट रहा है। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, हमारी संवेदनाएं पैट और उनके परिवार के साथ हैं क्योंकि वे इस दुखद समय से गुजर रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्ईय टीम में कमिंस के स्थान पर किसी नाम की घोषणा नहीं की है। स्मिथ ने चार मैचों की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी, जिसमें भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को 2-। से जीतकर अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा। भारत ने पहले दो टेस्ट जीते जबकि इंदौर में तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया विजई रहा। अहमदाबाद का मैच नीरस ड्रॉ पर समाप्त हुआ। तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन के चोटिल होने के बाद नाथन एलिस को टीम में शामिल किया गया है। कोहनी की चोट के कारण आखिरी दो टेस्ट मैच से बाहर होने वाले अनुभवी डेविड वॉर्नर सीमित ओवरों की टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में ऑस्ट्रेलिया को कमिंस और रिचर्डसन के अलावा जोश हेजलवुड की भी कमी खलेगी। वह चोटिल होने के कारण टीम में नहीं हैं। एश्टन एगर टेस्ट श्रृंखला के बीच में स्वदेश भेजे जाने के बाद वापस आ गए हैं। वह स्पिन गेंदबाजी में जम्पा का साथ निभा सकते है। श्रृंखला में गंभीर चोटों से उबरने के बाद मैक्सवेल (पैर में फ्रेक्चर) और मार्श (टखने की सर्जरी) की वापसी हो रही। हमने संतुलन को ध्यान में रखते हुए टीम को चुना है। हम बल्लेबाजी में गहराई के लिए आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने की कोशिश करेंगे। विश्व कप से पहले हम कुछ संयोजनों को आजमाना चाहते है।

## भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलेंगे वार्नर डब्ल्यूटीसी फाइनल की योजना का हिस्सा: मैकडोनाल्ड



अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर कोहनी की चोट से उबरने के बाद भारत के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला मे टीम का हिस्सा होगे। कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। वार्नर ने भारत के खिलाफ चार मैचो की श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट मे खेले थे। इस दौरान वह तीन पारियो मे महज 26 रन ही बना सके। दिल्ली मे खेले गए दूसरे मैच मे कनकशन (सिर मे चोट) के कारण वह दूसरी पारी मे बल्लेबाजी नही कर सके थे। वह अपनी कोहनी मे हेयरलाइन फ्रैक्चर से उबरने के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। मैक्डोनाल्ड ने यहा कहा, वह (वार्नर) एकदिवसीय श्रृंखला के लिए (भारत) वापस आ रहे है, वह अपनी चोट से उबर चुके है। वार्नर भारत के खिलाफ जून मे खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए उनकी टीम की योजना का हिस्सा है। मैक्डोनाल्ड ने कहा, वार्नर फिलहाल विश्व टेस्ट चैपियनशिप के लिए पूरी तरह से हमारी योजनाओ मे है। वार्नर ने 103 टेस्ट मे 45.57 की औसत से 8158 और 141 एकदिवसीय मे 45.16 की औसत से 6007 रन बनाए है। मैक्डोनाल्ड ने यह भी पुष्टि की कि फॉर्म मे चल रहे सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की चोट ज्यादा गंभीर नही है। ख्वाजा ने यहा ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट मे की पहली पारी मे 180 रन बनाए थे। वह इसके बाद क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए थे। मैक्डोनाल्ड ने कहा, ख्वाजा के स्कैन (जांच) का नतीजा काफी सकारात्मक है ... इसलिए उन्हे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप से पहले आराम करने लिए कुछ समय मिल गया है।

## रूस को मध्य एशियाई फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने का निमंत्रण मिला

**सियोल।** रूस को जून मे प्रस्तावित मध्य एशियाई फुटबॉल संघ चैपियनशिप के शुरुआती सत्र मे सात अन्य राष्ट्रीय टीमो के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। पिछले साल फरवरी मे यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस की टीम पर यूरोपीय फुटबॉल संघ (यूएफा) और फीफा ने प्रतिबंध लगा दिया था। ताजिकिस्तान फुटबॉल संघ ने हालांकि सोमवार को बताया कि इस नए क्षेत्रीय टूर्नामेंट मे रूस के अलावा पूर्व मे सोवियत संघ का हिस्सा रहे ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान की टीमें शामिल हो सकती है।

## महिला मुक्केबाजों का चयन न होने पर कोर्ट का हस्तक्षेप से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को तीन राष्ट्रीय चैंपियन मुक्केबाजों मंजू रानी, शिक्षा नरवाल और पूनम पूनिया का विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए चयन नही किए जाने के मामले मे हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के पदको की संख्या और मूल्यांकन प्रमाणपत्रो को देखने बाद इस खेल प्रतियोगिता के लिए चुने गए मुक्केबाजो की सूची मे हस्तक्षेप करने का कोई मामला नही बनता है और याचिकाकर्ता चैंपियनशिप के लिए रिजर्व खिलाड़ियो की सूची मे बने रहेंगे।

## स्टिमक ने शिविर के लिए टीम की घोषणा की

**कोलकाता।** भारतीय फुटबाल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए 23 सदस्ईय अस्थाई टीम की घोषणा की है जिसमे सुनील छेत्री और मनवीर सिंह की अग्रिम पंक्ति की जोड़ी भी शामिल है। भारतीय टीम तीन देशो के टूर्नामेंट के लिए इंफाल की यात्रा से पहले कोलकाता मे पांच दिवसीय शिविर मे भाग लेगी। टूर्नामेंट का आयोजन 22 से 28 मार्च तक खुमान लंपक स्टेडियम मे होगा। इसमे भारत के अलावा म्यांमा और किर्गिज गणराज्य की टीमे भाग लेगी।

## हम काफी सुधार करने के बावजूद हारे: मेगन शुट


**नवी मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की गेंदबाज मेगन शुट ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मे खराब प्रदर्शन की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि उनकी टीम ने पिछले मैच मे काफी सुधार किया लेकिन यह जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नही था। आरसीबी को सोमवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम मे दिल्ली कैपिटल्स के हाथो छह विकेट से शिकस्त मिली। टीम की यह पांच मैचो मे पांचवी हार थी। शुट ने मैच के बाद कहा, हां, इससे निराशा होती है, मै झूठ नही बोलूंगी।

## मैरीकॉम दुनिया की सबसे बड़ी चैंपियन : मोस्ली

**नई दिल्ली।** रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता फ्रांसीसी मुक्केबाज एस्टेले मोस्ली ने 15 साल पहले जब अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप मे भाग लिया तो वह रिंग के अंदर एमसी मैरीकॉम को देखकर मंत्रमुग्ध हो गई थी।यह दिग्गज भारतीय मुक्केबाज उस समय तक छह बार की विश्व चैंपियन नही बनी थी, लेकिन उनके नाम पर विश्व चैंपियनशिप के दो स्वर्ण पदक दर्ज थे और वह तीसरा पदक हासिल करने की तरफ बढ़ रही थी। इसके बाद तो वह किवदंती बन गई तथा उन्होने ओलंपिक मे कांस्य सहित सभी बड़ी प्रतियोगिताओं मे पदक जीते।

# ऑस्ट्रेलिया वनडे में जीत से पंड्या 2023 विश्व कप के बाद बन सकते है कप्तान: गावस्कर

भाषा। मुंबई



**भारत के पूर्व कप्तान** सुनील गावस्कर का मानना है कि हार्दिक पंड्या को इस साल विश्व कप के बाद एकदिवसीय टीम के नेतृत्व करने का दावा पेश करने के लिए शुक्रवार को यहां पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जीतना होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले पहले एकदिवसीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। पंड्या को इस मुकाबले के लिए कार्यवाहक कप्तान नामित किया गया है। इस 29 साल के हरफनमौला ने इंडियन प्रीमियर लीग 2022 सत्र में पहली बार खेल रही गुजरात टाइटन्स की कप्तानी की थी और टीम को चैम्पियन बनाने में अहम योगदान दिया था। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहले से ही भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हैं। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं टी20 प्रारूप में गुजरात टाइटन्स और फिर भारत के लिए उसकी कप्तानी से बहुत प्रभावित हूं। मेरा मानना है कि अगर वह मुंबई में पहला मैच जीत जाता है, तो 2023 में विश्व कप खत्म होने के बाद आप भारत के कप्तान के लिए उसके नाम पर मुहर लगा सकते हैं। गावस्कर ने कहा कि मध्यक्रम में पंड्या की मौजूदगी भारत के लिए काफी अहम है। उन्होंने कहा, वह मध्यक्रम में इंपैक्ट (प्रभाव छोड़ने वाला) और गेम चेंजर (मैच का रूख तय करने वाला) खिलाड़ी हो सकता है। यहां तक कि गुजरात टीम के लिए भी वह यह जरूरत के मुताबिक ऊपर के क्रम में बल्लेबाजी के लिए आता था। इस पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज ने कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जो जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करता है। वह दूसरे खिलाड़ियों को कुछ ऐसा करने के लिए नहीं कहेगा जो वह स्वयं करना चाहता है। वह इस टीम के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। गावस्कर ने कहा कि पंड्या की कप्तानी शैली भी उन्हें दूसरे खिलाड़ियों के बीच पसंदीदा बनाती है। आपने देखा होगा कि कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या दूसरे खिलाड़ियों को सहज रखते हैं। वह खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाकर स्थिति को ठीक से संभालता है।

# हरमनप्रीत का अर्धशतक, मुंबई इंडियन्स की पांचवी जीत

● गुजरात जाइंट्स को 55 रनों से रौंदा

भाषा। मुंबई



**कप्तान** हरमनप्रीत कौर के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई इंडियन्स ने मंगलवार को यहां गुजरात जाइंट्स को 55 रन से हराकर पांच मैच में पांचवीं जीत के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

इस जीत से मुंबई ने प्ले ऑफ में भी अपनी जगह पक्की कर ली जबकि उसके अभी तीन मैच और खेलने हैं। टीम के पांच मैच में 10 अंक हैं। गुजरात की टीम पांच मैच में दो अंक के साथ पांच टीम के बीच चौथे स्थान पर है। मुंबई के 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम नेट स्किवर ब्रंट (21 रन पर तीन विकेट), हेली मैथ्यूज (23 रन पर तीन विकेट) और अमेलिया केर (18 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और नौ विकेट पर 107 रन ही बना सकी। गुजरात की ओर से हरलीन देओल (22) और कप्तान स्नेह राणा (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाईं। मुंबई ने हरमनप्रीत (30 गेंद में 51 रन, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक के अलावा सलामी बल्लेबाज यस्तिका भाटिया (44) और स्किवर ब्रंट (36) की उम्दा पारियों से आठ विकेट पर 162 रन बनाए। हरमनप्रीत ने अमेलिया केर (19) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर अंतिम ओवरों में रन गति में इजाफा किया। यस्तिका और स्किवर ब्रंट ने इससे पहले दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़कर टीम को ठोस मंच दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे गुजरात ने पहली ही गेंद पर सोफिया डंकले (00) का विकेट गंवा दिया जिन्हें स्किवर ब्रंट ने पगबाधा किया। सलामी बल्लेबाज एस मेघना (16) और हरलीन देओल (22) ने कुछ उम्दा शॉट खेलकर पारी को आगे बढ़ाया। हेली मैथ्यूज ने हालांकि छठे ओवर में मेघना और अनाबेल सदरलैंड (00) को आउट करके पावर प्ले में गुजरात का स्कोर तीन विकेट पर 34 रन कर दिया। इसी वोंग ने इसके बाद हरलीन को पगबाधा किया जबकि अमेलिया केर ने एशलेग गार्डनर (08) को पवेलियन भेजा।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियन्स** :भाटिया रन आउट 44,मैथ्यूज का डंकले बो गार्डनर 00,स्किवर ब्रंट पगबाधा बो किम 36,कौर का हरलीन बो गार्डनर 51, केर का किम बो तनुजा 19,वोंग का एवं बो स्नेह 00,काजी रन आउट 02,गुर्जर नाबाद 01, कौर का डंकले बो गार्डनर 00, क्लीता नाबाद 02,**अतिरिक्त:** 07,**कुल:**20 ओवर में आठ विकेट पर: 162 रन,**विकेट पतन:**।-।, 2-75, 3-84, 4-135, 5-136, 6-145, 7-160, 8-160, **गेंदबाजी:**गार्डनर 4-0-34-3,किम 4-0-31-।,स्नेह 4-0-17-।,तनुजा 4-0-32-।, सदरलैंड 4-0-42-0

**गुजरात जाइंट्स:** सोफिया डंकले पगबधा बो स्किवर ब्रंट 00,मेघना का स्किवर ब्रंट बो मैथ्यूज 16, देओल पगबाधा बो वोंग 22, सदरलैंड पगबाधा बो मैथ्यूज 00,गार्डनर का क्लीता बो केर 08, हेमलता का वोंग बो अमेलिया 06,राणा पगबाधा बो नेट स्किवर 20,वर्मा नाबाद 18,गार्थ का हरमनप्रीत बो स्किवर ब्रंट 08, कंवर का यस्तिका बो मैथ्यूज 00, जोशी नाबाद 07,**अतिरिक्त:** 02,**कुल:**20 ओवर में नौ विकेट पर: 107 रन, **विकेट पतन:**।-0, 2-34, 3-34, 4-48, 5-48, 6-57, 7-85, 8-95, 9-96,**गेंदबाजी:**ब्रंट 4-0-21-3, इशाक 4-0-20-0,वोंग 3-0-19-।,मैथ्यूज 4-0-23-3,अमेलिया 4-0-18-2,अमनजोत।-0-6-0

# मनिका सिंगापुर स्मैश में मिश्रित युगल में हारी

## भारतीय चुनौती समाप्त

भाषा। सिंगापुर



**मनिका बत्रा** की महिला और मिश्रित युगल दोनों मुकाबलों में हार के साथ मंगलवार को यहां सिंगापुर स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

मनिका और जी साथियान को हिना हयाता और टोमोकाजु हारिमोतो की जापान की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता जोड़ी के खिलाफ मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। मनिका और साथियान की छठी वरीय जोड़ी को चौथी वरीय विरोधी जोड़ी के खिलाफ अंतिम आठ के मुकाबले में 52 मिनट में 2-3 (9-11 9-11 11-8 11-5 7-11) से हार झेलनी पड़ी। मनिका और साथियान ने जियान झेंग और च्यु झी यू क्लेरेंस की सिंगापुर की जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में 3-। (11-7, 12-10, 9-11, 11-3) से हराया था। भारतीय जोड़ी को मिश्रित युगल के पहले दौर में बाई मिली थी। महिला युगल में मनिका और अर्चना कामत को मेंग चेन और यिदी वैंग की चीन की जोड़ी के खिलाफ 42 मिनट चले अंतिम 16 के कड़े मुकाबले में 2-3 (2-11 6-11 15-13 12-10 6-11) से हार का सामना करना पड़ा।

## आईओसी ओलंपिक क्वालीफायर कराना है तो पूछना चाहिए: क्रेमलेव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने मंगलवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति विश्व मुक्केबाजी संस्था की अनुमति के बिना ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप नहीं करा सकती। रूस के इस अधिकारी ने कहा कि दो विश्व निकायों को एक दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग करने और सभी मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है। आईबीए मुख्य संघ है जिसे ओलंपिक खेलों से पहले क्वालीफिकेशन और विश्व चैंपियनशिप के लिए जिम्मेदार होना चाहिए।

# बांग्लादेश ने इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया

भाषा। मीरपुर




**सलामी बल्लेबाज लिटन** दास के अर्धशतक के बाद मुस्ताफिजुर रहमान की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से बांग्लादेश ने मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को 16 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन ने 57 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए। उन्होंने रोनी तालुकदार (24) के साथ पहले विकेट के लिए 55 और नजमुल हसन शंटो (नाबाद 47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की जिससे बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने बाद दो विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इंग्लैंड सलामी बल्लेबाज डाविड मलान (53) और कप्तान बटलर (40) के बीच दूसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी के दौरान जीत की स्थिति में दिख रहा था लेकिन इन दोनों के 14वें ओवर में लगातार गेंदों पर आउट होने से उसकी पारी लड़खड़ा गई।

# वलियमसन और साउदी आईपीएल टीमों से जुड़ेंगे

● श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में नही खेलेंगे

भाषा। वेलिंगटन



**केन विलियमसन** और टिम साउदी सहित न्यूजीलैंड के चार खिलाड़ियों को देश के क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला में हिस्सा लिए बिना अपनी संबंधित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों में शामिल होने के लिए हरी झंडी दे दी। विलियमसन (गुजरात टाइटन्स), साउदी (कोलकाता नाइट राइडर्स), डेवोन कॉन्वे और मिचेल सेंटनर (दोनों चेन्नई सुपर किंग्स) की चौकड़ी शुक्रवार से यहां श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट के बाद राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएगी। उन्हें इससे अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी टीमों से जल्दी जुड़ने का मौका मिलेगा। टीम के तीन अन्य खिलाड़ी फिन एलेन (आरसीबी), लॉकी फर्ग्यूसन (केकेआर) और ग्लेन फिलिप्स (सनराइजर्स ) 25 मार्च को ऑकलैंड में होने वाले पहले वनडे के बाद भारत के लिए उड़ान भरेंगे। दो मैचों की मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय और इतने ही मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। आईपीएल 31 मार्च को अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। विलियमसन की अनुपस्थिति में एनजेडसी ने वनडे सीरीज के लिए टॉम लाथम को कप्तान बनाया है। 28 मार्च को क्राइस्टचर्च में हेगले ओवल में होने वाले दूसरे वनडे से पहले चैपमैन, लिस्टर और हेनरी टीम से जुड़ेंगे।

## दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए किए गए तकनीकी बदलावों से अक्षर को मदद मिली : पोंटिंग

भाषा। दुबई

**ऑस्ट्रेलिया के** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को खुलासा किया कि किस तरह से दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते समय किए गए मामूली तकनीकी बदलावों से अक्षर पटेल को भारत का प्रभावी बल्लेबाज बनने में मदद मिली। पोंटिंग को उम्मीद है कि अक्षर आगामी आईपीएल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेंगे। मैं अक्षर को लंबे समय से जानता हूं और जब मैं पहली बार मुंबई की टीम से जुड़ा था तो वह टीम में शामिल एक युवा खिलाड़ी था। मैं जानता था कि उसमें बल्लेबाजी कौशल है लेकिन पिछले दो वर्षो को छोड़कर वह आईपीएल या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह कौशल नहीं दिखा पा रहा था। हमने उसकी बल्लेबाजी में थोड़े बदलाव किए। हमने उसके कूल्हों और कंधों की स्थिति में मामूली बदलाव किए जिससे उसे दाएं हाथ के तेज गेंदबाजों और शार्ट पिच गेंदों को खेलने में मदद मिली।

# प्रणय ऑल इंग्लैंड के दूसरे दौर में

● लक्ष्य भी जीते

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय ने मंगलवार को यहां कड़े मुकाबलों में जीत के साथ ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सेन ने पहले दौर के करीबी मुकाबले में चीनी ताइपे के पांचवें वरीय चाउ टिएन चेन को 48 मिनट में 21-18, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। अल्मोड़ा के 21 साल के लक्ष्य की दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। इससे पहले दो मुकाबलों में उन्हें टिएन चेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले दुनिया के नौवें नंबर के भारतीय खिलाड़ी प्रणय ने चीनी ताइपे के जू वेई वैंग को सीधे गेम में 49 मिनट में 21-19 22-20 से हराया। इस जीत के साथ वैंग के खिलाफ प्रणय का जीत-हार का रिकॉर्ड 5-3 हो गया। केरल के 30 साल के प्रणय अगले दौर में इंडोनेशिया के तीसरे वरीय एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग से भिड़ेंगे। लक्ष्य अगले दौर में एंडर्स एंटोनसन और रासमुस गेम्के के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता के खिलाफ खेलेंगे। प्रणय ने लगातार पांच अंक के साथ पहले गेम में ब्रेक तक 11-4 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद कुछ शॉट बाहर और नेट पर मारे जिससे वैंग ने स्कोर 11-14 कर दिया। प्रणय ने लगातार चार अंक के साथ स्कोर 18-12 किया लेकिन वैंग ने भारतीय खिलाड़ी की कमजोरी का फायदा उठाकर स्कोर 16-19 किया। प्रणय ने इसके बाद लगातार दो शॉट बाहर मारे जिससे स्कोर 19-19 हो गया। प्रणय ने क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ गेम प्वाइंट हासिल और फिर एक और स्मैश के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में शुरुआत से ही कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

## फ्रिट्ज और वावरिंका जीते, मरे इंडियन वेल्स टूर्नामेंट से बाहर

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** गत चैंपियन टेलर फ्रिट्ज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में एकतरफा मुकाबले में सबेस्टियन बेइज को हराया। चौथे वरीय फ्रिट्ज ने सीधे सेट में 6-।, 6-2 से जीत दर्ज की। एंडी मरे को हालांकि तीसरे दौर के मुकाबले में 21 साल के जैक ड्रेपर ने 7-6, 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। पेरिस में 2016 में खिताब जीतने के बाद से मरे ने मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता में लगातार तीन मैच नहीं जीते हैं। स्टेन वावरिंका ने भी अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने सातवें वरीय होल्गर रून को 2-6, 7-6, 7-5 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने नौवें वरीय ह्यूबर्ट हुरकाज को पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 4-6, 6-2, 6-4 से हराया। रून ने मैच प्वाइंट बचाया और 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरे सेट टाईब्रेकर में जीता। वावरिंका ने हालांकि तीसरे और निर्णायक सेट में वापसी करते हुए रून को बाहर का रास्ता दिखा दिया।